CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 22 जून 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 319 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 25 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हिमालय की चोटियों से लेकर समुद्री पोतों तक देश-विदेश में दिखा योग दिवस पेज 2



वेबर को पछाड़ कर नीरज ने पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीता खेल टाइम्स




छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए नुसरत सम्मानित बॉलीवुड



पाकिस्तान ने ट्रम्प को नोबेल प्राइज के लिए नॉमिनेट किया पेज 12

## तनाव की स्थिति में योग ही शांति की राह दिखाता है: मोदी



**विशाखापत्तनम।** पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया भर में तनाव की स्थिति से अशांति तथा अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग ही हमें शांति का रास्ता दिखाता है। श्री मोदी ने यहां 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को शांत, संतुलित और सतत विकास की ओर अग्रसर विश्व के निर्माण की दिशा में बढ़ना चाहिए। योग ही विश्व में टकराव की जगह सहयोग और तनाव की जगह समाधान की ओर ले जा सकता है।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1.39% की गिरावट

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 19 जून तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में एकत्र किए गए 4.65 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 1.39 प्रतिशत कम है। इस दौरान रिफंड में 58 प्रतिशत की तेज वृद्धि होने के कारण यह गिरावट देखी गई है। रविवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार यह गिरावट अग्रिम कर संग्रह, विशेष रूप से कॉरपोरेट कर संग्रह में धीमी वृद्धि के मद्देनजर आई है।

# ईरान पुराना दोस्त, भारत की चुप्पी परेशान कर रही: सोनिया गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने ईरान पर इजरायली हमले की निंदा की है। उन्होंने एक अंग्रेजी अखबार में एक आर्टिकल में लिखा कि इजरायल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। ये इजरायल का दोहरा मापदंड है।

उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है। गाजा में हो रही तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है। सोनिया गांधी ने कहा कि 13 जून 2025 को इजरायल ने ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए एकतरफा हमला किया, जो गैरकानूनी और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरनाक है। कांग्रेस ईरान में हो रहे इन हमलों की निंदा करती है, जिनसे क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर गंभीर अस्थिरता और टकराव बढ़ सकता है। गाजा पर हमले की तरह यह इजरायली ऑपरेशन भी क्रूर और एकतरफा है, जो आम नागरिकों की जान और क्षेत्रीय स्थिरता को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए चलाया गया। ऐसे कदम सिर्फ अस्थिरता को बढ़ाते हैं और आगे आने वाले समय में बड़े संघर्ष के बीज बोते हैं। सोनिया ने कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की लीडरशिप में इजरायल ने लगातार शांति भंग करने और आतंक को बढ़ावा देने का काम किया है। ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

**■ कांग्रेस की चेयरपर्सन ने कहा: इजरायल के हमलों पर सरकार को मजबूती से बोलना चाहिए**

## योग एक देश से दूसरे को जोड़ने का काम करता है: राष्ट्रपति

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देहरादून के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में योगाभ्यास किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिन के दौरे पर देहरादून आई हुई थीं। योगाभ्यास कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति जौलीग्रांट हवाई अड्डे से दिल्ली के -**शेष पृष्ठ दो पर**

# इजरायली स्ट्राइक: ईरानी परमाणु वैज्ञानिक समेत तीन कमांडर ढेर

## बमबारी में चार जवान भी मारे गए: आईडीएफ का दावा

तेहरान/ नई दिल्ली, वार्ता



**इजरायल ने ईरान** के एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट की हत्या कर दी है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, साइंटिस्ट इसार तबातबाई-कमशेह और उनकी पत्नी की मौत तेहरान में एक अपार्टमेंट पर ड्रोन हमले में हुई थी। इजरायल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का शनिवार को 9वां दिन था। इजरायल 13 जून से अब तक 11 ईरानी न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स की हत्या कर चुका है।

इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने शनिवार को ईरानी सेना के 3 कमांडरों और 4 जवानों को भी मारने का दावा किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने 3 मौलवियों को अपनी मौत के बाद सुप्रीम लीडर बनने के लिए नॉमिनेट किया है। संभावित उत्तराधिकारियों की रेस में खामेनेई के बेटे, मोजतबा का नाम नामित नहीं है। पहले कहा जा रहा था कि खामेनेई अपने बेटे को अपनी मौत के बाद सुप्रीम लीडर का पद संभालने के लिए तैयार कर रहे हैं। खामेनेई इजरायल की तरफ से लगातार हत्या की धमकियों के कारण एक बंकर में छिपे हुए हैं। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। हालांकि, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिकों के मारे जाने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, इजरायल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं। इधर, ईरान के मशहद से एक और फ्लाइट शनिवार शाम 4.30 बजे 310 भारतीय नागरिकों को लेकर दिल्ली पहुंची। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 827 भारतीयों को निकाला जा चुका है। ईरान से भारत लौटे लोग हाथ में तिरंगा लेकर दिल्ली एयरपोर्ट से बाहर निकलते दिखे। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सूचित किया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को लेकर तुर्कमेनिस्तान के अशगाबाद से आज तड़के तीन बजे दिल्ली पहुंचा।

**■ सुप्रीम लीडर खामेनेई ने तीन संभावित उत्तराधिकारी चुने**

# अहमदाबाद हादसा: एयर इंडिया के तीन अफसरों पर गिरी गाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए ने शनिवार को एयर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया। इनमें डिविजनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लानिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं।

तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया। उधर, एयर इंडिया ने कहा कि डीजीसीए के आदेश को लागू कर दिया गया है। कंपनी के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर अगले आदेश तक इंट्रीग्रेटेड ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर की सीधी निगरानी करेंगे। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आदेश 20 जून को दिया गया था, जो सामने आया। यह फैसला अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे के बाद लिया गया। लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था, जिससे यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे। एयर इंडिया का विमान बीजे मेडिकल कॉलेज की हॉस्टल बिल्डिंग से टकराया था। तीनों अफसरों पर 3 आरोप- नियमों के खिलाफ जाकर क्रू पेयरिंग करना। अनिवार्य उड़ान अनुभव और लाइसेंसिंग नियमों का उल्लंघन करना। शेड्यूलिंग प्रोटोकॉल का पालन नहीं करना। एयर इंडिया इन अधिकारियों को क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़ी सभी जिम्मेदारियों से तत्काल हटाए।

### एक और विमान हादसा टला, फ्लाइट में फ्यूल कम था, पायलट ने मेडे कॉल की

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन हादसे के करीब एक हफ्ते बाद एक और फ्लाइट के पायलट ने मेडे कॉल किया था। इंडिगो की गुवाहाटी-चेन्नई फ्लाइट के पायलट ने यह इमरजेंसी कॉल किया था। जानकारी शनिवार को सामने आई है। घटना 19 जून की है। पायलट ने विमान में फ्यूल की काफी कमी देखी थी, इसके बाद उसने एटीसी को मेडे यानी इमरजेंसी कॉल की थी। हालांकि, इस फ्लाइट की तुरंत बेंगलुरु एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे में यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे। लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन टेकऑफ के कुछ सेकेंड बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था। इस हादसे में भी पायलट ने मेडे कॉल की थी। मेडे कॉल एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त इमरजेंसी कॉल है। एविएशन की भाषा में, इसका इस्तेमाल तब किया जाता है, जब कोई विमान खतरे में हो। यह विमानन के क्षेत्र में सबसे जरूरी संकटकालीन सिग्नल है। बेंगलुरु में केम्पेगौड़ा बेंगलुरु एयरपोर्ट के अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि इंडिगो की फ्लाइट के पायलट ने गुवाहाटी से टेकऑफ के बाद देखा कि विमान में पर्याप्त ईंधन नहीं है। चेन्नई आ रही फ्लाइट को बेंगलुरु डायवर्ट कर दिया गया।

# पोलिंग सेंटर के फुटेज सार्वजनिक नहीं किए जा सकते: ईसी

शाह टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि वोटिंग सेंटर्स की वेबकास्टिंग की सीसीटीवी फुटेज शेयर करना सही नहीं है। इससे वोटर्स, ग्रुप की पहचान करना आसान हो जाएगा। वोट देने वाले और वोट न देने वाले दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी का शिकार हो सकते हैं।

आयोग ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन होगा। आयोग का ये जवाब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली होने के दावे पर सीसीटीवी फुटेज शेयर करने की मांग पर आया है। आयोग ने उदाहरण देते हुए कहा कि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम वोट मिलते हैं, तो वो सीसीटीवी फुटेज के जरिए बड़ी ही आसानी से पहचान कर सकेगा कि किसने उन्हें वोट दिया और किसने नहीं। इसके बाद वोट न देने वालों को परेशान किया जा सकता है। जनवरी 2024 में चंडीगढ़ मेयर इलेक्शन के दौरान चुनाव अधिकारी अनिल मसीह के बैलट पेपर से छेड़छाड़ करने के सीसीटीवी फुटेज सामने -**शेष पृष्ठ दो पर**

**■ कहा: वोट देने वाले और वोट न देने वाले दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी का शिकार हो सकते हैं**



## संक्षिप्त समाचार

### करणी सेना अध्यक्ष की गिरफ्तारी पर कोर्ट की रोक

**प्रयागराज/आगरा।** आगरा स्थित सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर हुए हिंसक प्रदर्शन के मामले में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र सिंह राणा को राहत देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। करणी सेना अध्यक्ष ओकेंद्र सिंह राणा ने इस मामले में अपने खिलाफ दर्ज दो एफआईआर को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए दोनों मामलों में गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति हरवीर सिंह की खंडपीठ ने पारित किया। कोर्ट ने याची को निर्देश दिया है कि वह विवेचना में पूर्ण सहयोग करें। इसके साथ ही संबंधित जांच अधिकारी (आईओ) को आदेश दिया गया है कि वह 60 दिनों के भीतर जांच प्रक्रिया पूरी करें और भारतीय न्याय संहिता बीएनएसएस की धारा 193(3) के तहत रिपोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट में प्रस्तुत करें।

### योग दिवस पर गिरे सोने-चांदी के दाम

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सोना-चांदी के भाव में शनिवार को मामूली गिरावट आई है। खास तौर पर चांदी की कीमत एक बार फिर 1 लाख के पार पहुंच गई है। सर्राफा बाजार की ओर से जारी नए रेट के अनुसार शनिवार को 22 कैरेट सोने की कीमत 92,240 प्रति 10 ग्राम है, जबकि 24 कैरेट सोने का रेट 1,00,620 प्रति 10 ग्राम चल रहा है। वहीं 18 कैरेट सोना 75,470 प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। शनिवार को एक किलो चांदी का भाव 1,09,900 चला है। भोपाल और इंदौर में 24 कैरेट सोने का भाव1,00,520 रहा, जबकि दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़ में 1,00,620 रहा।

# हिमालय की चोटियों से समुद्री पोतों तक दिखी योग की झलक

## भारत समेत दुनियाभर में दिखा योग कार्यक्रमों का उत्साह

नई दिल्ली, वार्ता

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को भारत समेत दुनिया भर में जगह-जगह आयोजित योगाभ्यास के विशेष सत्रों में लाखों की संख्या में लोगों ने मनोयोग और उत्साह से भाग लिया।

भारत में सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों से लेकर, कन्याकुमारी में समुद्र तट तक और राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से लेकर पूर्वोत्तर क्षेत्र तक लोगों ने सुबह-सुबह 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रमों में भाग लिया। विदेशों में भारतीय दूतावासों और राजनयिक मिशनों ने योग दिवस पर विशेष सत्र आयोजित किए। आस्ट्रेलिया, जापान, मलेशिया और विभिन्न देशों में योगप्रेमियों ने भी जगह-जगह योगाभ्यास सत्रों का आयोजन किया। इस बार मुख्य समारोह आंध्र प्रदेश के बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया



जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में हजारों लोगों ने योगासन किए। प्रधानमंत्री के साथ इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल सैयद अब्दुल मजीद, आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण, केन्द्रीय मंत्री के राम मोहन राव नायडू, प्रताप राव जाधव, चन्द्र शेखर, भूपति राजू निवास वर्मा कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने योग, ध्यान एवं प्राणायाम किए। मोदी ने इस अवसर पर योग को विश्व में शांति, समरसता और स्वास्थ्य का आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व भर में योग के प्रचार-प्रसार के लिए इसमें निहित विज्ञान को आधु. निक अनुसंधान के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि योग को आधु. निक चिकित्सा पद्धति में स्थान दिलाने का प्रयास चल रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड के देहरादून स्थित पुलिस लाइन में योग कार्यक्रम में भाग लिया योग के प्रयोग से समस्त मानवता के लिए स्वस्थ और प्रसन्नता की कामना की। उन्होंने कहा कि योग पूरी मानवता के लिए सांझी धरोहर बन चुका है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है। भारतीय सेना के जवानों ने कई स्थानों पर सियाचिन में योगसत्र आयोजित किए। जम्मू-कश्मीर में गुलमर्ग गॉल्फ कोर्स सहित विभिन्न स्थानों मर योग सत्र आयोजित किए गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में योग दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने 2500 कर्मियों के साथ योगाभ्यास समारोह में भाग लिया।

# युद्ध प्रभावित ईरान से 16 श्रमिक सुरक्षित बेंगलुरु लौटे

बेंगलुरु, वार्ता

इजरायल-ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान ईरान में फंसे कर्नाटक के गौरीबिदनूर तालुक के अलीपुर गांव निवासी 16 लोग सुरक्षित भारत लौट आए हैं। यहां केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

ईरान में भारत के एक ही गांव के 16 लोग काम कर रहे थे। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के दौरान ये लोग प्रभावित क्षेत्रों में फंस गए।बम एवं गोलियों की आवाज़ों से घिरे तनाव और भय के माहौल में वे वहां रहने को मजबूर थे।

**■ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया**

भारत सरकार के समन्वित प्रयासों और तेहरान में भारतीय दूतावास के राजनयिक हस्तक्षेप से श्रमिकों को ईरान से सुरक्षित निकाला गया और यहां घर लाया गया। उनके आगमन पर हवाई अड्डे पर उनके परिवार के सदस्यों ने भावुक माहौल में गुलदस्तों के साथ उनका स्वागत किया। गौरीबिदनूर से विधायक पुटस्वामी गौड़ा वापस लौटने वालों की अगवानी करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे।

# योग क्रिया से भारत ने विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया

गोरखपुर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग भारतीय मनीषा की अनुपम देन है और योग को लोक कल्याण का माध्यम बनाकर भारत ने विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया यही वजह है कि आज 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के करीब 190 देश भारतीय योग की विरासत के साथ जुड़कर गौरवान्वित हो रहे हैं।

योगी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार सुबह गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में योगाभ्यास करने के पूर्वयोग साधकों, प्रशिक्षुओं को संबोधित किया और प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। मंदिर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि योग भारत की ऋषि



**■ 190 देशों में साधकों ने किया योग: योगी**

परंपरा का ऐसा मंत्र है जो स्वस्थ काया के साथ स्वस्थ मस्तिष्क भी उपलब्ध कराता है। भारतीय मनीषा ने योग के महत्व को प्राचीनकाल से ही विस्तृतरूप से अवगत कराते हुए कहा है 'शरी. रमाद्यं खलु धर्म साधनम' शरीर ही धर्म के पालन का साधन है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति स्वस्थ शरीर से ही संभव है। स्वस्थ शरीर ही संसार सांसारिक उत्कर्ष और आध्यात्मिक उन्नयन का माध्यम है।

## राहुल गांधी ने मोबाइल रिपेयर तकनीशियनों से मुलाकात की

# पीएम नारे लगाने में माहिर, समाधान में नहीं

नई दिल्ली, वार्ता

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीखी आलोचना करते हुए शनिवार को कहा कि उन्हें नारे गढ़ने की कला में महारत हासिल है, जबकि समाधान नहीं देते हैं।

गांधी ने शनिवार को 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' वादे के बावजूद देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है, युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर आ गया है और चीन से आयात दोगुना क्यों हो गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी ने नारे देने की कला में महारत हासिल कर ली है, समाधान देने में नहीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक, हमारे अर्थव्यवस्था में विनिर्माण का हिस्सा घटकर 14 प्रतिशत रह गया है। सच्चाई यह है कि हम



**■ पीएम की मेक इन इंडिया नीति पूरी तरह से फेल, पीएम मोदी के पास कोई नया विचार नहीं : कांग्रेस**

असेंबल करते हैं, आयात करते हैं, लेकिन निर्माण नहीं करते। इसका फायदा चीन को हो रहा है। गांधी ने 'एक्स' पर आज एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह यहां नेहरू प्लेस में मोबाइल रिपेयर करने वाले दो युवकों शिवम और सैफ से मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेहरू प्लेस में शिवम और सैफ से मिला। वह प्रतिभाशाली, कुशल और संभावनाओं से भरे हैं फिर भी उन्हें इसे पूरा करने का अवसर नहीं दिया गया। सच्चाई यह है कि हम असेंबल करते हैं, हम आयात करते हैं लेकिन हम निर्माण नहीं करते हैं। इसमें चीन मुनाफा कमा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के पास कोई नया विचार नहीं है। उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। यहां तक कि महत्वपूर्ण योजना उत्पादन संलग्न प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को चुपचाप बंद किया जा रहा है। गांधी ने कहा कि अगर भारत अपनी निर्माण क्षमता अगर नहीं बढ़ाता है, तो हम केवल दूसरे देश का बाजार बनकर रह जाएंगे। भारत को अब इमानदार सुधार और वित्तीय समर्थन के साथ एक मूलभूत परिवर्तन की जरूरत है। हमें सिर्फ बाजार नहीं बल्कि निर्माता बनना है। चीन लाभ कमाता है, चीन दुनिया का इलेक्ट्रॉनिक बाजार है, कहीं और कोई इलेक्ट्रॉनिक बाजार नहीं है। आप जितने चाहें, उतने आईफोन असेंबल करें, आप बस भारत के बड़े कुलीन वर्गों को पैसा दे रहे हैं, आईफोन बनाना शुरू करें, यह पूरी तरह से अलग खेल है।

## चुनाव आयोग पर किया तीखा प्रहार

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मतदान के वीडियो फुटेज और तस्वीरों को सुरक्षित रखने की अवधि घटाने पर चुनाव आयोग पर तीखा प्रहार करते हुए शनिवार को कहा कि जिसे सबूतों की सुरक्षा करनी चाहिए वहीं उन्हें मिटा रहा है।

गांधी ने चुनाव आयोग के ताजा फैसले को लेकर प्रहार किया है। दरअसल आयोग ने हाल ही में चुनावी वीडियो फुटेज और तस्वीरों को सुरक्षित रखने की अवधि को एक साल से घटाकर 45 दिन कर दिया। आयोग का कहना है कि अगर इस दौरान कोई चुनाव याचिका दायर नहीं होती, तो डेटा नष्ट किया जा सकता है। इस फैसले को गांधी ने 'लोकतंत्र के लिए जहर' करार दिया और आरोप लगाया कि सबूत जानबूझकर मिटाए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर कहा कि वोटर लिस्ट? मशील रिडेबल फॉर्मेट नहीं देंगे। सीसीटीवी फुटेज? कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा है। साफ़ दिख रहा है, मैच फिक्स है। और फिक्स किया गया चुनाव, लोकतंत्र के लिए ज़हर है।

# ट्रम्प को सिर्फ अपनी परवाह: उमर अब्दुल्ला

## वह तभी तक देशों का दोस्त है, जब तक उसका फायदा न हो

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका तभी तक अन्य देशों का दोस्त है जब तक उसका फायदा हो। वह अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिफ मुनीर को व्हाइट हाउस में लंच के लिए बुलाया था। इस पर मीडिया ने उमर से सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी मर्जी के मालिक हैं। हम उन्हें नहीं बता सकते कि वे किसे लंच पर बुलाएं और किसे नहीं। उमर ने कहा कि यह अलग बात है कि हम सोचते थे कि अमेरिकी राष्ट्रपति हमारे (भारत के) बहुत खास दोस्त हैं और वे हमारी दोस्ती का ख्याल रखेंगे, लेकिन जाहिर है अमेरिका वही करता है जिससे उसे फायदा हो। उन्हें किसी अन्य देश की परवाह नहीं है। ईरान-इजरायल युद्ध पर उमर ने कहा कि यह बंद होना चाहिए और बातचीत के जरिए इसका समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बमबारी शुरू नहीं होनी चाहिए थी। जब अमेरिकी खुफिया विभाग के चीफ से



**■ हम उन्हें दोस्त मानते थे, पाक आर्मी चीफ को लंच पर बुलाने पर बोले जम्मू-कश्मीर के सीएम**

पूछा गया था कि क्या ईरान के पास परमाणु बम है, तो उन्होंने कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान बम बना सकता है, लेकिन इजरायल ने कुछ महीनों के अंदर ही ईरान पर हमला कर दिया। ईरान में पढ़ रहे कश्मीरी स्टूडेंट्स के बारे में उन्होंने कहा कि हम उन्हें रातों-रात वापस नहीं ला सकते। एयरपोर्ट और और बंदरगाह बंद हैं। हम पहले उन्हें सड़क के रास्ते उन शहरों में ला रहे हैं जहां बमबारी नहीं हुई है, फिर उन्हें आर्मेनिया के रास्ते वापस लाया जा रहा है।

### इजरायल-ईरान के बीच युद्ध जल्द समाप्त हो जाएगा: सीएम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई है कि इजरायल और ईरान के बीच युद्ध जल्द ही समाप्त हो जाएगा और बातचीत के माध्यम से इसका समाधान निकलेगा। अब्दुल्ला ने गांद. रबल में मीडियाकर्मियों से शनिवार को बात. चीत के दौरान चेतावनी दी कि अगर इजरायल और ईरान के बीच और तनाव बढ़ा, तो बड़ा संघर्ष छिड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हम केवल आशा और प्रार्थना कर सकते हैं कि ऐसा युद्ध न हो, क्योंकि स्थिति पहले से ही बहुत गंभीर है। मुझे समझ में नहीं आता कि इज़राइल ने ईरान पर किस आधार पर हमला किया। कुछ दिन पहले ही, अमेरिकी खुफिया विभाग के प्रमुख ने कहा था कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करने के करीब नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर अमेरिका ने कुछ हफ्ते पहले ही यह कहा था, तो फिर इज़रायल ने ईरान पर हमला क्यों किया? जाहिर है, इसके पीछे कुछ राजनीतिक मकसद हैं। फिर भी, हम उम्मीद करते हैं कि युद्ध जल्द ही समाप्त होगा और बातचीत के माध्यम से कोई समाधान निकलेगा।

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिले वर्ना जाएंगे कोर्ट

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को एक बार फिर से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा जल्द बहाल करने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि इसमें और देरी होने पर उनकी पार्टी को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। अध्यक्ष ने कहा कि देरी होने पर सुप्रीम कोर्ट जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। पहलगाम में पत्रकारों से बात करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार को बने हुए आठ महीने हो चुके हैं। मुझे उम्मीद है कि जब राज्य का दर्जा बहाल होगा, तो हमें प्रशासनिक अधिकार भी मिलेंगे, जो सच्चे शासन के लिए जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य का दर्जा मिलने से सारी शक्तियां सरकार के पास आ जाएंगी। पूर्व सीएम ने कहा कि लोग व मंत्री तो चाहते हैं, लेकिन राज्य का दर्जा मिले बिना यह असंभव है।

# यूपी के हर थाने में 25-25 सिपाही बढ़ेंगे: डीजीपी

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश में पुलिस थानों में अब 25-25 सिपाही बढ़ जाएंगे। पुलिस विभाग में 60244 सिपाहियों की नियुक्ति के बाद डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि जब नवनियुक्त सिपाहियों का प्रशिक्षण पूरा हो जाएगा, तब हर थाने में लगभग अतिरिक्त सिपाही तैनात किए जाएंगे। इन सिपाहियों को बहुत ही अच्छा प्रशिक्षण दिया जाएगा और थाने की कार्यक्षमता को काफी हद तक बढ़ा देंगे। डीजीपी ने कहा कि ये नई भर्ती वाले आरक्षी आने वाले 30 से 40 वर्षों तक न सिर्फ यूपी पुलिस का मजबूत हिस्सा बनेंगे, बल्कि समाज की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि वे ट्रेनिंग ले रहे सिपाहियों को अपने अनुभव से सीख दें और ऐसा व्यवहार करें, जिससे सिपाही उन्हें देखकर सीख सकें। उन्होंने कहा कि अधिकारी खुद



अनुशासित रहें, अच्छी वर्दी पहनें, अच्छा आचरण दिखाएं और परेड में खुद शामिल हों, साथ ही ट्रेनिंग की समय-समय पर अच्छे से निगरानी भी करें। डीजीपी ने कहा कि सिपाहियों की पहले से मौजूद योग्यताओं और ट्रेनिंग के दौरान सीखे गए नए कौशल के आधार पर उनकी जानकारी को वर्ग बनाकर रिकॉर्ड किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि ट्रेनिंग में क्या-क्या दिक्कतें आ रही हैं और क्या सवाल हैं, साथ ही मुख्यालय के अधिकारियों को आदेश दिया कि इन समस्याओं का जल्दी हल किया जाए। उन्होंने ये भी कहा कि ट्रेनिंग सेंटरों में अगर कोई काम किसी और विभाग से जुड़ा है, तो सभी विभाग मिलकर उसे जल्द पूरा करें। डीजीपी ने कहा कि महिला ट्रेनिंग सेंटरों में पूरी सुरक्षा होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार वहां विशाखा कमेटी जरूर बनाई जाए, ताकि महिलाओं से जुड़ी शिकायतों का सही तरीके से निपटारा हो सके। जरूरत के मुताबिक सेंटरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और महिला अधिकारी समय-समय पर इन सेंटरों का निरीक्षण करती रहें। इनके प्रशिक्षण में 5.56 एमएम इंसास रायफल, एके-47, ग्लॉक पिस्टल, 9 एमएम पिस्टल, ग्रेनेड, 7.62 एमएम एसएलआर, .38 रिवाल्वर, 9 एमएम कारबाइन, रबर बुलेट फायरिंग और जीएफ रायफल चलाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा, आईईडी, बूबी ट्रैप्स और विस्फोटकों की पहचान व निष्क्रिय करने की जानकारी भी शामिल होगी। तलाशी के तौर-तरीके जैसे आवासीय भवन, कार्यालय, गोदाम, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्डन एंड सर्च, वाहन जांच और सड़क पर छानबीन की प्रक्रिया भी सिखाई जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योग एक देश....**

लिए रवाना हो गई हैं। अपने दौरे के अंतिम व तीसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उन्होंने पुलिस लाइन में योगाभ्यास किया। देशवासियों का संदेश देते हुए मुर्मू ने कहा कि योग एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से, एक समुदाय को दूसरे समुदाय से तथा एक देश को दूसरे देश से जोड़ने का काम करता है। दुनिया भर के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। योग कार्यक्रम में उनके साथ उत्तराखंड के राज्यपाल ले.जन. गुरमीत सिंह ने भी योगाभ्यास किया।

ग्रीष्मकालीन राजधानी में मुख्यमंत्री धामी-मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराडी सेंण में स्थित विधानसभा परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम में योगाभ्यास किया। ये पहली बार है कि गैरसैंण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। 8 देशों के विदेशी योग साधक मेहमान भी इस आयोजन में शामिल हुए।

**पोलिंग सेंटर...**

आए थे। इसके बाद आयोग ने दो बार नियम में बदलाव किया। दरअसल, चुनाव आयोग ने तय किया है कि अब चुनावों के दौरान खींची गई फोटो, सीसीटीवी फुटेज, वेबकास्टिंग और वीडियो रिकॉर्डिंग सिर्फ 45 दिनों तक ही सुरक्षित रखी जाएंगी। इसके बाद सारा डेटा डिलीट कर दिया जाएगा। ईसी ने 30 मई को सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगर किसी निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नतीजे को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जाती है, तो 45 दिन बाद ये सारा डेटा नष्ट कर दिया जाए। फैसला फुटेज के दुरुपयोग और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक जानकारियों को रोकने के लिए लिया गया है। ईसी का कहना है कि हाल ही में कुछ गैर-उम्मीदवारों ने चुनावी वीडियो को तोड़-मरोड़कर गलत नैरेटिव फैलाने की को. शिश की, जिससे मतदाताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हुई। इससे पहले 20 दिसम्बर 2024 को केंद्र सरकार ने चुनाव नियम बदलकर पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग को सार्वजनिक करने से रोक दिया था। चुनाव आयोग ने कहा कि वोटिंग और मतगणना जैसे चुनावी चरणों की रिकॉर्डिंग का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। यह काम आंतरिक निगरानी और पारदर्शिता के लिए किया जाता है, लेकिन इन रिकॉर्डिंग्स का इस्तेमाल गलत नैरेटिव के लिए भी किया जाता रहा है। इसलिए इन्हें लंबे समय तक रखने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। अब तक चुनाव से जुड़ी रिकॉर्डिंग एक साल तक संभाल कर रखी जाती थी, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई कानूनी जांच हो सके। दिसम्बर 2024 में भी नियमों में बदलाव हुआ था केंद्र सरकार ने 20 दिसम्बर को पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव के नियमों में बदलाव किया था। अधिकारियों ने बताया कि एआई के इस्तेमाल से पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ करके फेक नैरेटिव फैलाया जा सकता है। बदलाव के बाद भी ये कैंडिडेट्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य लोग इसे लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं। चुनाव आयोग की सिफारिश पर कानून मंत्रालय ने द कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल- 1961 के नियम में बदलाव किया था।

# यूपी के सभी छोटे और बड़े शहर बनेंगे ग्रीन सिटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी के सभी छोटे और बड़े शहरों को गीन सिटी बनाया जाएगा। इन शहरों को नई हरित नीति के तहत अवार्ड दिया जाएगा।

इसके लिए योगी सरकार अब यूपी के सभी शहरों की रैंकिंग कराएगी। हर शहर को यह रैंकिंग उसकी हरियाली और पर्यावरण के लिए किए जा रहे कामों के आधार पर मिलेगी। इसके लिए एक ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया जा रहा है, जो यह देखेगा कि कौन-सा शहर कितना हरित है, उसी के मुताबिक शहरों को ग्रीन स्टार रेटिंग दी जाएगी।

कानपुर, आगरा, वाराणसी और लखनऊ जैसे ज़्यादा प्रदूषित शहरों में सरकार का लक्ष्य है कि साल 2026 तक प्रदूषण 40 प्रतिशत तक कम किया जाए। इसके लिए नए बनने वाले सभी भवनों में ग्रीन बिल्डिंग के नियम अनिवार्य किए जाएंगे, जो शहर सबसे अच्छा प्रदर्शन करेगा, उसे अल्टीमेट ग्रीन सिटी का पुरस्कार मिलेगा। शहरों में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए आधुनिक तरीके से पौधरोपण किया जाएगा। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से शुक्रवार को नगर विकास विभाग की शहरी हरित नीति को मंजूरी दे दी है। नगर विकास विभाग के सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि यह नीति यूपी को भारत का सबसे हरित राज्य बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है और इससे लाखों लोगों की जीवनशैली बेहतर होगी। सरकार की नई शहरी हरित नीति के तहत हर शहर की हरियाली और पर्यावरण को लेकर किए गए कामों की निगरानी की जाएगी। इसके लिए एक मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया जाएगा।

शहरों को उनके प्रदर्शन के आधार पर अलग-अलग ग्रीन रैंकिंग दी जाएगी, जैसे ग्रीन सिटी, ग्रीन +, ग्रीन ++ और ग्रीन +++। अगर किसी शहर में 25 प्रतिशत से ज्यादा हरियाली है और उसे 80 प्रतिशत से ज्यादा स्कोर मिलता है, तो उसे ग्रीन प्लस की रैंकिंग मिलेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा

## 10 और 15 जुलाई को दो चरणों में होगा मतदान, 19 जुलाई को होगी मतगणना



■ चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित जिलों में आदर्श आचार संहिता लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** हरिद्वार को छोड़कर उत्तराखंड के 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की अधिसूचना जारी कर दी गई है। शनिवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने प्रेसवार्ता कर चुनाव कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी और अब चुनावी अधिसूचना भी जारी हो चुकी है।

**अवैध गतिविधियों पर रहेगी निगरानी:** चुनाव में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मतदान और मतगणना कार्मिकों की नियुक्ति सॉफ्टवेयर आधारित रेंडमाइजेशन प्रणाली से की जाएगी। अवैध शराब, नकदी, और मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए तीन विभागीय टीमें गठित की जाएंगी ख्र जिला प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग की। हर जिले में एक व्यय प्रभारी अधिकारी नियुक्त होगा, जो प्रतिदिन की गई जब्ती की रिपोर्ट भेजेगा।

### मतदान दो चरणों में और मतगणना एक साथ

राज्य के 89 विकासखंडों की 7499 ग्राम पंचायतों में पंचायत चुनाव दो चरणों में होंगे। पहला चरण 10 जुलाई और दूसरा चरण 15 जुलाई को होगा। दोनों चरणों की मतगणना एक साथ 19 जुलाई को कराई जाएगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित जिलों में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। इस बार पंचायत चुनावों में कुल 66,418 पदों पर चुनाव होंगे। ग्राम पंचायत सदस्य के 55,587 पदो, ग्राम प्रधान के 7,499 पदों, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 2,974 पदों और जिला पंचायत सदस्य के 358 पदों पर चुनाव होने जा रहे हैं। जिसके लिए प्रदेश भर में 8,276 मतदान केंद्र और 10,529 मतदान स्थल बनाए गए हैं।

### 95 हजार से अधिक कार्मिक तैनात होंगे

मतदान एवं मतगणना के लिए 95,909 कार्मिक नियुक्त किए जाएंगे, जिसमें 11,849 पीठासीन अधिकारी, 47910 मतदान अधिकारी, 450 प्रशासनिक अधिकारी (मजिस्ट्रेट/नोडल/प्रभारी), 35,700 सुरक्षा बल के जवानों के अलावा, 5,620 वाहन लगाए जाएंगे, जिनमें 3,342 हल्के और 2,278 भारी वाहन शामिल हैं। साथ ही, निष्पक्ष चुनाव के लिए 67 पर्यवेक्षक (55 सामान्य और 12 आरक्षित) तैनात किए जाएंगे।

### पहले चरण (10 जुलाई) में इन विकासखंडों में होगा मतदान

ताकुला, धौलादेवी, ताड़ीखेत, भैंसियाछाना, लमगड़ा, चौखुटिया, खटीमा, सितारगंज, गदरपुर, बाजपुर, लोहाघाट, पाटी, धारचूला, डीडीहाट, मुनस्यारी, कनालीछीना, बेतालघाट, ओखलकांडा, रामगढ़, धारी, बागेश्वर, गरुड़, कपकोट, मोरी, पुरोला, नौगांव, देवाल, थराली, ज्योतिर्मठ, नारायणबगड़, जौनपुर, प्रतापनगर, जाखणीधार, थौलधार, भिलंगना, चकराता, कालसी, विकासनगर, खिर्सू, पाबौ, थलीसैंण, नैनीडांडा, बीरोंखाल, रिखणीखाल, एकेश्वर, पोखड़ा, ऊखीमठ, जखोली और अगस्त्यमुनि।

### दूसरे चरण (15 जुलाई) में इन विकासखंडों में होगा मतदान

सल्ट, स्याल्दे, भिकियासैंण, हवालबाग, द्वाराहाट, रुद्रपुर, काशीपुर, जसपुर, चंपावत, बाराकोट, विण, मूनाकोट, बेरीनाग, गंगोलीहाट, हल्द्वानी, रामनगर, भीमताल, कोटाबाग, डुण्डा, चिन्यालीसौड़, भटवाड़ी, पोखरी, दशोली, नंदानगर, कर्णप्रयाग, गैरसैंण, कीर्तिनगर, देवप्रयाग, नरेंद्रनगर, चंबा, डोईवाला, रायपुर, सहसपुर, यमकेश्वर, जयहरीखाल, दुगड्डा, द्वारीखाल, पौड़ी, कोट, और कल्जीखाल।

### चुनाव का विस्तृत कार्यक्रम

21 जून: अधिसूचना जारी। 25-28 जून: नामांकन (सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक)। 29 जून - 1 जुलाई: नामांकन पत्रों की जांच। 2 जुलाई: नाम वापसी की तिथि (सुबह 8 से शाम 3 बजे तक)।

### मतदान की तारीखें और चुनाव चिन्ह आवंटन

पहला चरण (10 जुलाई)। चुनाव चिन्ह आवंटन: 3 जुलाई। दूसरा चरण (15 जुलाई)। चुनाव चिन्ह आवंटन: 8 जुलाई। मतगणना दोनों चरणों की: 19 जुलाई

### वोटरों की संख्या में हुई वृद्धि

राज्य में इस बार 47,77,072 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें 24,65,702 पुरुष, 23,10,996 महिलाएं और 374 अन्य शामिल हैं। वर्ष 2019 के मुकाबले मतदाताओं की संख्या में 10.57% की वृद्धि हुई है, यानी 4.56 लाख नए मतदाता जुड़े हैं।

### मतपत्रों के रंग तय

ग्राम पंचायत सदस्य: सफेद। प्रधान: हरा। क्षेत्र पंचायत सदस्य: नीला। जिला पंचायत सदस्य: गुलाबी

# कांग्रेस मजबूती से लड़ेगी पंचायत चुनाव: माहरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य निर्वाचन आयोग ने उत्तराखंड में पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार हरिद्वार जनपद को छोड़कर प्रदेश के अन्य 12 जनपदों में पंचायत चुनाव कराए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया की इस अधिसूचना पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि कांग्रेस आगामी पंचायत चुनाव पूरी ताकत और मजबूती के साथ लड़ेगी।

उन्होंने बताया कि पंचायत चुनाव को देखते हुए पार्टी ने अपने प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर स्थानीय नेताओं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनता से मिल रहे हैं, जिनकी रिपोर्ट के आधार पर संगठन आगामी निर्णय लेगा। करन माहरा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पंचायत चुनाव में रोस्टर जीरो करना अत्यंत निंदनीय है। कई पंचायत सीटें तीन-तीन बार सामान्य रही हैं, तो कई सीटें लगातार तीन-तीन बार आरक्षित कर दी गई हैं। जबकि पंचायत में आरक्षण निर्धारण का मामला नैनीताल हाईकोर्ट में विचाराधीन है, जिस पर 23 जून को सुनवाई होनी है। करन माहरा ने कहा कि उत्तराखंड में यह पहली बार हो रहा है कि पंचायत चुनाव दो चरणों में कराए जा रहे हैं, जो इस बात का संकेत है कि सब कुछ सामान्य नहीं है। इसके अलावा, जिस तरह वोटिंग लिस्ट में करीब चार लाख नए वोट जुड़े हैं, वह भी विचारणीय विषय है। इसके साथ ही करन माहरा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेशवासियों और देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन में अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसकी जड़ें भारत में ही हैं। करन माहरा ने मांग की कि उत्तराखंड के हर विद्यालय में योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाए। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री धामी योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति करें, तो कांग्रेस पार्टी स्वयं आगे बढ़कर उनका धन्यवाद करेगी।



# राष्ट्रपति को एयरपोर्ट पर राज्यपाल ने दी विदाई

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का तीन दिवसीय उत्तराखण्ड प्रवास पूर्ण होने के बाद नई दिल्ली लौटते समय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उन्हें विदाई दी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, रेखा आर्या, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह आदि भी मौजूद रहे।

# पंचायत चुनाव में आरक्षण को लेकर सरकार पर भड़के यशपाल आर्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण व्यवस्था को लेकर न सिर्फ पंचायती राज अधिनियम बल्कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों की भी अवहेलना की है।

उन्होंने बताया कि सरकार के महाधिवक्ता ने अदालत में तीन दिन में जवाब देने का वादा किया था, लेकिन जवाब देने की बजाय चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई। आर्य ने कहा कि 2016 में कांग्रेस सरकार ने रोटेशन प्रणाली से आरक्षण लागू किया था, जिससे हर वर्ग को प्रतिनिधित्व मिले। लेकिन अब कई सीटें लगातार एक ही वर्ग के लिए आरक्षित की जा रही हैं, जिससे अन्य वर्गों के लोगों को जीवन में मौका नहीं मिल पाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने हर स्तर पर अलग-अलग फार्मूला अपनाकर आरक्षण को गड़बड़ कर दिया है, जो असंवैधानिक है। राजीव गांधी द्वारा लाए गए पंचायती राज सुधारों की भावना को भाजपा सरकार ने ठेस पहुंचाई है और चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए पूरी व्यवस्था को बिगाड़ दिया है।

# पंचायत चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की पर्यवेक्षकों की सूची

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए विधानसभा वार प्रवासी कार्यकर्ताओ की सूची जारी कर दी है। ये सभी पर्यवेक्षक की भूमिका में जिला पंचायत सदस्य पद के समर्थित प्रत्याशियों के नामों का पैनल बनाएंगे और वहां चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।

■ जिला पंचायत सदस्य पद के समर्थित प्रत्याशियों के नामों का बनाएंगे

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर पंचायत चुनावों की अहम जिम्मेदारी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सौंपी है। जिसमें विधानसभावार दो दो प्रवासी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक और चुनाव प्रबंधन दोनों का दायित्व संभालेंगे। वे संबंधित क्षेत्र की सभी जिला पंचायत सीटों पर पार्टी समर्थित प्रत्याशियों के नामों का पैनल तैयार कर प्रदेश नेतृत्व को सौंपेंगे। साथ ही प्रत्येक प्रधान, बीडीसी सदस्य पद के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़वाने का प्रयास करेंगे। ये सभी प्रवासी कार्यकर्ता संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया तक क्षेत्र में चुनाव प्रबंधन का काम संभालेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि पार्टी द्वारा विधानसभावार जिन दो दो प्रवासी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई हैं।

### इन्हें मिली विधनसभावार जिम्मेदारी

पुरोला विधानसभा में सते सिंह राणा एवं डॉ विजय बडोनी, यमुनोत्री विधानसभा में जगत सिंह चौहान एवं सुधा गुप्ता, गंगोत्री में राम सुंदर नौटियाल एवं मुकेश टम्टा, बद्रीनाथ में रामचंद्र गौड़, विनोद नेगी, थराली रघुवीर सिंह बिष्ट, महावीर सिंह पंवार, कर्णप्रयाग हरक सिंह नेगी, विक्रम कंडारी, केदारनाथ रमेश गाड़िया, वाचस्पति सेमवाल, रुद्रप्रयाग रमेश मैखुरी, गजेंद्र रावत, घनसाली खेम सिंह चौहान, जयेंद्र सेमवाल, देवप्रयाग विनोद रतूड़ी, गोविंद अग्रवाल, नरेंद्र नगर डॉ देवेंद्र भसीन, रविंद्र राणा, प्रतापनगर नत्थी सिंह नेगी, गिरीश बंठवाण, टिहरी चंद्र किशोर मैठाणी, सुभाष रमोला, धनोल्टी अतर सिंह तोमर, जोगिंदर पुंडीर, चकराता विनोद सुयाल, विशाल गुप्ता, विकासनगर सीताराम भट्ट, रविमोहन अग्रवाल, सहसपुर देशराज कर्नवाल, अरुण मित्तल, रायपुर ओमवीर राघव, सचिन अग्रवाल, मसूरी संजय गुप्ता, रतन सिंह चौहान, डोईवाला नरेंद्र भट्ट, अनुराधा वालिया, ऋषिकेश नीरू देवी, शोभाराम प्रजापति, पौड़ी वीरेंद्र सिंह रावत, सुधीर जोशी, श्रीनगर मीरा रतूड़ी, यशपाल बेनाम, चौपटाखाल जगमोहन रावत, विकास कुकरेती, यमकेश्वर डॉ जयपाल सिंह चौहान, शमशेर सिंह पुंडीर, लैंसडाउन महावीर कुकरेती, आशा कोठारी, धारचूला श्री गणेश भंडारी, कमला चुफाल, डीडीहाट अशोक नांबियाल, मनोज सामंत, पिथौरागढ़ मीना गंगोला, लोकेश भट्ट, गंगोलीहाट इंद्र सिंह फर्स्वाण, ललित पंत, कपकोट देवेंद्र गोस्वामी, खड़क सिंह टंगड़िया, बागेश्वर सुरेश कांडपाल, चंपा आर्य, द्वाराहाट कैलाश पंत, नरेंद्र भंडारी, सल्ट प्रेम शर्मा, दीप पांडे, रानीखेत पूरन संगेला, भूपेंद्र कांडपाल, सोमेश्वर शिव सिंह बिष्ट, ललित पटवाल, अल्मोड़ा अरविंदर बिष्ट, गौरव पांडे, जागेश्वर रवि रौतेला, कैलाश गुरुरानी, लोहाघाट दर्पण कुमार, शंकर पांडे, चंपावत सतीश पांडे, शंकर कोरंगा, लाल कुआं अनिल कपूर डब्बू, कमल नयन जोशी, भीमताल महेंद्र नेगी, प्रदीप जनौटी, नैनीताल देवेंद्र ढैला, विजय भट्ट, कालाढूंगी प्रकाश हरबोला, गोपाल रावत, रामनगर गुंजन सुखीजा, अजय राजौर, जसपुर आशीष गुप्ता, सरदार मंजीत सिंह, काशीपुर विवेक सक्सेना, समीर आर्य, बाजपुर राम मेहरोत्रा, रवि पाल, गदरपुर उत्तम दत्ता, गुरविंदर सिंह चंडोक, रुद्रपुर चंदन बिष्ट, श्रीपाल राणा, किच्छा दिनेश आर्य, भारत भूषण चुघ, सितारगंज दान सिंह रावत, गोपाल बोरा, नानकमत्ता नेत्रपाल मौर्य, रामपाल, खटीमा दीपक मेहरा व राम दत्त जोशी के नाम शामिल हैं।

# योग है भारत की सॉफ्ट पॉवर का एक सशक्त उदाहरण: राष्ट्रपति



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देहरादून में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ करते हुए योग को भारत की चेतना और विरासत का केंद्र कहा तथा इसे भारत की सॉफ्ट पावर का भी सशक्त उदाहरण बताया।

राष्ट्रपति ने कहा कि योग एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से, एक समुदाय को दूसरे समुदाय से तथा एक देश को दूसरे देश से जोड़ने का काम करता है। दुनिया भर के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब व्यक्ति स्वस्थ रहता है; तो परिवार स्वस्थ रहता है। और जब परिवार स्वस्थ रहता है; तो देश स्वस्थ रहता है। उन्होंने सभी को योग को जीवन जीने का माध्यम बनाने की प्रेरणा दी तथा सभी संस्थाओं से अपील की कि योग को जनसुलभ बनाया जाए।

### योग ने संपूर्ण विश्व को जोड़ने का कार्य किया: राज्यपाल

राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) ने 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा का हिस्सा है जिसने संपूर्ण विश्व को जोड़ने का कार्य किया है। प्रसन्नता की बात है कि आज यह दिवस न केवल भारत के लिए अपितु संपूर्ण विश्व के लिए स्वास्थ्य, शांति और समरसता का प्रतीक बन चुका है। राज्यपाल ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने की प्रक्रिया है। यह आत्मानुशासन, संयम, और मानसिक शांति का मार्ग है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग एक वैश्विक अभियान बन चुका है, और यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि दुनिया भारत की इस विरासत को स्वीकार करके और अपनाकर लाभान्वित हो रही है।

# कैबिनेट मंत्री उनियाल ने बताई उत्तराखंड योग नीति की विशेषताएं व लक्ष्य



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** इस अवसर पर उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से उत्तराखंड द्वारा तैयार की गई भारत की पहली योग नीति- 2025 की विशेषताएं और लक्ष्य बताए।कहा कि यह नीति भारत का पहला योग उद्यमिता और अनुसंधान हब बनाएगी।

इसमें योग और ध्यान केंद्रों की स्थापना हेतु अधिकतम 20 लाख रुपए तक का पूंजीगत अनुदान है। योग अनुसंधान कार्यों के लिए 10 लाख रुपए तक का शोध अनुदान। मौजूद संस्थानों में योग को बढ़ावा देने के लिए योग अनुसंधान एवं पारिश्रमिक प्रतिपूर्ति की व्यवस्था।

योग शिक्षकों के प्रमाणन के लिए योग सर्टिफिकेशन बोर्ड के माध्यम से प्राप्त प्रमाणन को प्राथमिकता। योग निदेशालय की स्थापना को भी इसकी कार्ययोजना में शामिल किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने उत्तराखंड की योग नीति 2025 के लक्ष्य बताते हुए कहा कि -वर्ष 2030 तक उत्तराखंड में कम - से - कम-पांच नए योग हब्स की स्थापना। मार्च 2026 तक राज्य के सभी आयुष हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर्स में योग सेवाओं की उपलब्धता। समुदाय आधारित माइंडफूलनेस कार्यक्रम की शुरुआत जो विभिन्न आयु, लिंग और वर्ग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किए जाएंगे। योग संस्थाओं का शत - प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। एक विशेष ऑनलाइन योग प्लेटफार्म विकसित किया जाएगा। मार्च 2028 तक 15 से 20 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ साझेदारी विकसित करने का भी इसमें लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह योग्य नीति राज्य के पारंपरिक ज्ञान, आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक धरोहर को समसामयिक अवसरों से जोड़ने का माध्यम बनेगी।

# भराड़ीसैंण से 'हर घर योग, हर जन निरोग' का धामी ने दिया संदेश

## मुख्यमंत्री बोले, उत्तराखंड को बनाएंगे योग व वेलनेस की वैश्विक राजधानी

■ मुख्यमंत्री धामी ने राज्य में योग नीति का किया औपचारिक शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में योग नीति का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को भराड़ीसैंण (गैरसैंण) स्थित विधानसभा परिसर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण एवं 8 देशों के डेलीगेट्स के साथ योग किया। योग कार्यक्रम का शुभारंभ शंखनाद एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने योग नीति पर आधारित पुस्तिका का विमोचन करते हुए राज्य में योग नीति का औपचारिक शुभारंभ भी किया। उन्होंने "एक वृक्ष, योग के नाम" कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा परिसर में सेब का पौधा भी लगाया।



**कार्यक्रम में ये अथिति हुए शामिल:** इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत, भारत में मैक्सिको के राजदूत फेडेरिको सालास, मेक्सिको दूतावास में आर्थिक मामलों के प्रमुख रिकार्डो डेनियल डेलगाडो, भारत में फिजी उच्चायोग के हाई कमिश्नर जगन्नाथ सामी, भारत में नेपाल के राजदूत डॉ शंकर प्रसाद शर्मा, भारत में सूरिनाम के राजदूत अरुणकोमर हार्डियन, भारत में मंगोलिया के राजदूत डंबाजाविन गैंबोल्ड, भारत में लातविया दूतावास में डिप्टी हेड ऑफ मिशन मार्क्स डीतॉन्स, भारत के श्रीलंका उच्चायोग के मिनिस्टर काउंसलर लक्ष्मेंद्र गेशन डिसनायके, रूसी दूतावास में प्रथम सचिव क्रिस्टिना अनानीना एवं तृतीय सचिव कैटरीना लजारेवा, विधायक अनिल नौटियाल, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. विनय रुहेला, सचिव दीपेन्द्र कुमार चौधरी, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे, सूचना महा. निदेशक बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### पहली योग नीति 2025 में हुई राज्य में लागू

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से राज्य सरकार ने देश की पहली योग नीति 2025 को राज्य में लागू किया है। योग नीति उत्तराखंड को योग और वेलनेस की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। जिसके तहत प्रदेश में योग एवं ध्यान केंद्र विकसित करने पर अधिकतम 20 लाख रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। प्रदेश में योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने हेतु 10 लाख रुपए तक के अनुदान का प्रावधान भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार का संकल्प है कि 2030 तक राज्य में पाँच नए योग हब की स्थापना की जाए और मार्च 2026 तक राज्य के सभी आयुष हेल्थ एवं वेलनेस संेटर में योग सेवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

# दोनों मंडलों में बनेगा एक-एक स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन

**देहरादून।** इस दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकार शीघ्र ही प्रदेश में आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा, योग और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में एक-एक स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन की स्थापना करेगी। उन्होंने कहा हम राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में दो नए नगर बसाने जा रहे हैं, जो योग, आयुर्वेद और अध्यात्म के केंद्र बनकर वैश्विक मानचित्र पर राज्य की विशेष पहचान स्थापित करेंगे। जिसमें सम्पूर्ण विश्व से वेलनेस के क्षेत्र में काम करने वाले बड़े ग्रुप्स, आध्यात्मिक गुरुओं, संस्थानों को यहाँ आमंत्रित किया जायेगा।

## सांस्कृतिक विरासत व प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र है भराड़ीसैंण

**देहरादून।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सभी विदेशी मेहमानों के सान्निध्य ने इस आयोजन को वैश्विक पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा भराड़ीसैंण, गीष्मकालीन राजधानी होने के साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र भी है। उन्होंने कहा 8 मित्र राष्ट्रों के प्रतिनिधियों के साथ किया गया सामूहिक योगा- अभ्यास, देवभूमि उत्तराखंड को योग और अध्यात्म की वैश्विक राजधानी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।







# बदरीनाथ-केदारनाथ व नृसिंह मंदिर में किया योगाभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर ष्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगष थीम को साकार करते हुए आज चमोली एवं रुद्रप्रयाग जिलों के प्रमुख धार्मिक स्थलों ख्र श्री बदरीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम एवं श्री नृसिंह मंदिर ज्योर्तिमठ ख्र में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

आयुष विभाग, आयुष शिक्षा निदेशालय एवं श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में आयुष चिकित्सकों, बीकेटीसी अधिकारियों, नगर पंचायत प्रति. निधियों, सेना, आईटीबीपी, पुलिस, तीर्थ पुरोहितों, स्कूली बच्चों, अध्यापकों व देश-विदेश से आए तीर्थयात्रियों ने सहभागिता की।

## योग निरोग जीवन का मूल आधारः तिवारी

श्री बदरीनाथ मंदिर सिंहद्वार परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ बीकेटीसी प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी ने किया। इस अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, उपाध्यक्षगण ऋषि प्रसाद सती व विजय कपरवाण, मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने तीर्थयात्रियों व नागरिकों को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं और योग को निरोग जीवन का मूल आधार बताया। विशिष्ट अतिथि बीकेटीसी पूर्व उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। योगाभ्यास का सफल संचालन योगगुरु नरेंद्र सिंह कोठा बडवाल द्वारा किया गया, जबकि समन्वय की जिम्मेदारी आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. त्रिलोक सिंह रावत ने निभाई। इस अवसर पर आईटीबीपी डिप्टी कमांडेंट वाई.पी. जोशी, डा. ऋतु गुंज्याल, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, थानाध्यक्ष नवनीत भंडारी, सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं बीकेटीसी के पूर्व सदस्य और अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त देश के प्रथम गांव माणा तथा श्री बदरीनाथ धाम के निकट गजकोटी में भी योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## योग कर तीर्थयात्रियों को किया जागरूक

ज्योर्तिमठ स्थित श्री नृसिंह मंदिर में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने प्रतिभाग करते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला एवं सभी को शुभकामनाएं दीं। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश्वरी शाह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, वरिष्ठ अधिकारी विजेंद्र बिष्ट, पुजारीगण, वेदाचार्य, बीकेटीसी पदाधिकारीगण सहित सैकड़ों स्कूली बच्चों और आचार्यगणों ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया। योग अभ्यास सत्रों में कपालभाती ताड़ासन, वज्रा. सन, भुजंगासन, प्राणायाम एवं ध्यान के अभ्यास कराए गए। कार्यक्रम का समापन ष्सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया: शांति पाठ के साथ किया गया। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि बदरीनाथ-केदारनाथ जैसे अत्यंत पवित्र तीर्थस्थलों पर आयोजित योग दिवस ने न केवल स्थानीय नागरिकों बल्कि तीर्थयात्रियों को भी जागरूक किया।

# योग अच्छे स्वास्थ्य जीवन की समरसता संतुलन और शांति का है मार्ग : ऋतु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने शनिवार को कोटद्वारदृबद्रीनाथ मार्ग स्थित मालवीय उद्यान में आयोजित अंत. रराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

भारत स्वाभिमान ट्रस्ट पतंजलि द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों की भागीदारी रही। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा, कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाकर एक नई ऊंचाई प्रदान की है। आज न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व में योग घर-घर तक पहुँच चुका है। योग केवल स्वास्थ्य का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमें हमारी प्राचीन संस्कृति से भी जोड़ता है, और आज यह रोजगार का एक सशक्त साधन भी बन चुका है। विद्यालयों में शिक्षा के साथ योग का समावेश यह दर्शाता है कि भावी पीढ़ी को सशक्त बनाने का कार्य योग कर रहा है।उन्होंने क्षेत्रवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को प्रतिदिन योग करना चाहिए और अपने बच्चों को भी योग की ओर प्रेरित करना चाहिए ताकि उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से बचाया जा सके। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बिपिन कैंथोला, सुमन कोटनाला, मंडल अध्यक्ष विक. ासदीप मित्तल, डॉ अंजना पंत, रोशन कुमार, दीपा देवी, राकेश काला, संग्राम सिंह भंडारी, दिनेश जुयाल, विष्णु अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# श्रीमती मंजिरा देवी विवि हिटाणु में मनाया योगा दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीमती मंजिरा देवी विश्वविद्यालय, हिटाणु धनारी (उत्तरकाशी) परिसर में भव्य आयोजन किया गया है।

शनिवार को श्रीमती मंजिरा देवी विश्वविद्यालय, रुक्मणी नगर, हिटाणू के परिसर में स्कूल ऑफ योगा एंड नेचुरोपैथी तथा श्रीमती मंजिरा देवी आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 1000 प्रतिभागियों, जिनमें विश्वविद्यालय के शिक्षण एवं अशैक्षणिक कर्मचारी, छात्र-छात्राएँ तथा 576 एनसीसी कैडेट्स शामिल थे, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग पर दिए गए लाइव संदेश से हुई। इसके पश्चात स्कूल ऑफ योगा एंड नेचुरोपैथी के प्राचार्य डॉ. कपिल मोहन ने दो प्रशिक्षकों के साथ मिलकर कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। इस अभ्यास में श्री जगदीश (आयुर्वेदिक कॉलेज) एवं बीएनवाईएस के एक छात्रने सहायक की भूमिका निभाई।

## अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

**थराली।** 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके थराली नगर पंचायत स्थित रामलीला मैदान में थराली के विधायक भूपाल राम टम्टा,नगर पंचायत की अध्यक्ष सुनीता रावत तहसीलदार अक्षय पंकज के नेतृत्व में तमाम विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नगरवासियों जमकर योग कर अपना पसीना बहाया। शनिवार को रामलीला मैदान थराली में जुटे और उन्होने शिविर में योग गुरु गंभीर रावत एवं दर्शन शाह के नेतृत्व में योग करते हुए जमकर पसीना बहाया। इस मौके पर उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

# योग हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहारः विश्नोई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कॉरपोरेट कार्याल में शनिवार को अंतर राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पर तन-मन को स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया।



शनिवार को कंपनी सामुदायिक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में सीएमडी आरके विश्नोई ने वर्तमान समय में मनुष्य की व्यस्त जीवनशैली में योग की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। शारीरिक जीवन शक्ति और मानसिक स्वास्थ्य दोनों का विकास करने के लिए सबसे शक्तिशाली व विश्वसनीय साधनों में से एक है। बोले, यह आधुनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए आंतरिक शक्ति, अनुशासन और लचीलापन प्रदान करता है। निद. ेशक कार्मिक शैलेंद्र और निदेशक तकनीकी भूपेंद्र गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की।

## पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के सदस्यों ने किया योग

**कोटद्वार ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को पूर्व सैनिक संघर्ष समिति से जुड़े पूर्व सैनिकों और स्थानीय लोगों ने ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक के प्रांगण में योग किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने कहा कि योग केवल एक प्रतीकात्मक दिवस नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का पुन: स्मरण है जिसे हमने अपने जीवन की व्यस्तता में कहीं खो दिया था।

# टिहरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गूंजा 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर टिहरी जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम पर भव्य योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य आयोजन नई टिहरी के प्रताप इंटर कॉलेज मैदान बौराड़ी में संपन्न हुआ, जिसका शुभारंभ विधायक किशोर उपाध्याय, नगरपालिका अध्यक्ष मोहन रावत और जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया। आयुर्वेद विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. सिद्धि मिश्रा के मार्गदर्शन में योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं योग मुद्राओं का अभ्यास कराया। मुख्य अतिथि किशोर उपाध्याय ने योग को भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मान मिला है।

## शांति और आध्यात्मिक उत्थान का मार्ग है योग: प्रशांत आर्य

उत्तरकाशी। जिले भर में 11 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। शनिवार को जिलाधिकारी प्रशांत कुमार आर्या ने कीर्ति इंटर कॉलेज में आयोजित योग में प्रतिभाग किया और नागरिकों को योग के महत्व के प्रति जागरूक किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर स्वयं भी योग क्रियाओं का अभ्यास किया और उपस्थित जनसमूह को योग के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा, ष्योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मान. सिक शांति और आध्यात्मिक उत्थान का भी मार्ग है।

# केदारनाथ धाम में आस्था और स्वास्थय का संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक भगवान केदारनाथ धाम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष उल्लास और श्रद्धा के साथ योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। हिमालय की गोद में स्थित इस दिव्य धाम की आध्यात्मिक ऊर्जा के बीच जब योग की विभिन्न क्रियाएं संपन्न हुई, तो वातावरण पूरी तरह योगमय हो उठा। इस विशेष अवसर पर आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित योग सत्र में बड़ी संख्या में तीर्थ पुरोहितों, गढ़वाल विश्व. विद्यालय के छात्र-छात्राओं, एसडीआरएफ, उत्तराखंड पुलिस, बद्री-केदार मंदिर समिति के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, साथ ही देश-विदेश से आए श्रद्धालु तीर्थयात्रियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ केदारनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी बागेश लिंग ने किया। उन्होंने स्वयं भी योग क्रियाओं में भाग लेकर आस्था और स्वास्थ्य का संदेश दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि यह आत्मा और परमात्मा को जोड़ने की साधना है, विशेषकर इस पावन धाम में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है।

# यात्रा मार्ग पर बिछड़ी 8 साल की बालिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा पड़ाव चौकी लिंचोली छानी कैम्प के पास एक 8 वर्षीय बच्ची अपने परिजनों से बिछड़ गई। पुलिस ने बच्ची के परि. जनों को ढूंढखोज कर नाबालिग को उनके सुपुर्द किया। पुलिस के इस कार्य की परिजनों ने सराहना की।

केदारनाथ पैदल मार्ग छानी कैंप के पास महिला आरक्षी मुन्नी ने अपने परिजनों से बिछड़ी बच्ची को सुरक्षा के दृष्टिगत चौकी में लाया गया। परि. जनों के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास किया गया। बच्ची ने अपना नाम सृष्टि बताया। ऐसे में महिला जवान ने तत्काल बच्ची के परिजनों की ढूंढ़खोज शुरू की। बालिका के परिजनों की तलाश के लिए आने-जाने वाले श्रद्धालुओं से पूछताछ की गई। अनाउंसमेन्ट के साथ ही यात्रा मार्ग के सभी खोया-पाया केन्द्रों से सम्पर्क किया गया। पुलिस टीम के काफी प्रयासों के बाद बच्ची के परिजनों से सम्पर्क हो पाया। पता चला कि उक्त बच्ची का नाम सृष्टि पुत्री राजकुमार निवासी इंदौर है तथा बच्ची अपने नाना-नानी के साथ यात्रा पर आई थी।

## पुलिस ने खोया हुआ फोन किया बरामद

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा पर आए महाराष्ट्र के एक बुजुर्ग यात्री का खोया हुआ मोबाइल फोन खोजकर पुलिस ने वापस लौटाया। यात्री ने महिला जवान को आशीर्वाद देते हुए आभार प्रकट किया गया। महाराष्ट्र से अपने साथियों के साथ केदारनाथ यात्रा पर आए यात्री महेश सिंह वापस लौटते समय अपने साथियों से बिछड़ गए। साथ ही उनका मोबाइल फोन भी कहीं खो गया।

## योग से न केवल शरीर, बल्कि समाज भी होता है सशक्तः सीडीओ

रुद्रप्रयाग। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग के तत्वावधान में गुलाबराय मैदान में एक भव्य एवं प्रेरणादायक सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों, शैक्षिक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों एवं समाज के विभिन्न वर्गों से बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रात:कालीन शीतल वातावरण में योग प्रशिक्षकों के दिशा-निर्देशन में प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास करते हुए योग की शक्ति और भारतीय संस्कृति की जीवंतता को प्रदर्शित किया। योग सत्र में ताड़ासन, स्कंधासन, भुजंगासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भ्रामरी और अनुलोम-विलोम प्राणायाम सहित अनेक यौगिक क्रियाओं का अभ्यास किया गया। प्रशिक्षकों ने हर आसन के पीछे की वैज्ञानिकता और उसके शारीरिक तथा मानसिक लाभों को भी विस्तारपूर्वक समझाया।

# स्मैक के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी पुलिस को नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुनिकीरेती थाना पुलिस ने शुक्रवार शाम को एक शातिर स्मैक तस्कर को 10.70 ग्राम अवैध स्मैक और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सागर थापा उर्फ अमन थापा पुत्र राजू थापा निवासी नवोदय नगर, हरिद्वार के रूप में हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल के दिशा-निर्देश पर जनपद भर में नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध शराब के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुनिकीरेती थाना क्षेत्र अंतर्गत खारास्रोत बाईपास पुल के पास चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को यह सफलता मिली। आरोपी से बरामद स्मैक के साथ एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी जब्त किया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वह तस्करी के उद्देश्य से नशीले पदार्थ की पैकिंग और वितरण में लिप्त था।

# सविंदा श्रमिक संघ ने किया जल संस्थान का घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ पौड़ी ने ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से जल संस्थान में कार्यरत संविदा कर्मियो को हटाये जाने के विरोध में शनिवार को जल संस्थान कार्यालय श्रीनगर का घेराव किया। इस दौरान संविदा कर्मियों ने जल संस्थान के अधिकारियों और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।



इस मौके पर जल संस्थान के सहायक अभियंता कृष्णकांत को सौंपे ज्ञापन में उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ पौड़ी के अध्यक्ष सुरजीत डोबरियाल, सचिव कुलदीप रावत, कोषाध्यक्ष शम्भु पोखरियाल ने कहा कि जल संस्थान एवं डिविजन के अंतर्गत श्रीनगर, श्रीकोट, शक्तिविहार में पेयजल योजनाओं में कार्यरत पम्प चालक, फिल्टर चालक एवं रखरखाव कार्य में लगे श्रमिकों को हटाकर जैम पार्टल के माध्यम से दूसरे श्रमिकों को नियुक्ति दिए जाने का मामला सामना आया है। जिससे कर्मियों में खासा आक्रोश है। बताया कि पेयजल योजनाओं में लगे संविदा श्रमिक विगत 20 से 25 वर्षों से जल संस्थान को अपनी सेवाएं दे रहें है। कहा कि संविदा श्रमिकों को हटाया जाता है तो उनके उपर रोजी रोटी का संकट गहरा जायेगा। उन्होने जल संस्थान के अधिकारियों से पेयजल योजनाओं में लगे संविदा श्रमिकों को भविष्य व समस्या को देखते हुए श्रमिकों को यथावत रखने की मांग की है। कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं होता है तो वह मंडल एवं प्रांतीय स्तर पर धरना देने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर दीपक बडोनी, दिनेश नयाल, नागेश चंद सहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर .......

### लोनिवि ने शुरू की नालियों की सफाई

**श्रीनगर।** श्रीनगर-बुघाणी-खिर्सू मोटर मार्ग पर मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने सफाई अभियान शुरू कर दिया है। राजकीय इंटर कालेज से लेकर पौड़ी चुंगी तक बंद पड़ी नालियों को खोला जा रहा है, ताकि बरसात के दौरान पानी सड़कों पर न बहे और आवाजाही सुचारू बनी रहे। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि नालियों की खुदाई से निकाली गई मिट्टी और मलबे को सड़क किनारे ही डंप कर दिया गया है। जिससे बरसात में यह मलबा पुन: सड़क और निचले इलाकों की बस्तियों की ओर बह सकता है। स्थानीय पार्षद विकास चौहान ने बताया कि डाक बंगले से लेकर पौड़ी चुंगी तक का इलाका सबसे अधिक जलभराव से प्रभावित होता है। नालियों का निर्माण अधूरा होने और समय पर साफ-सफाई न होने के कारण हर वर्ष बरसात में लोगों को आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### घर में जमा पानी में लार्वा मिलने पर कटेगा चालान

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में डेंगू की रोकथाम और बचाव को लेकर शुक्रवार को नगर निगम सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि निगम क्षेत्र के सात हजार घरों में एएनएम और आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर निरीक्षण करेंगी और लोगों को डेंगू की रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक करेंगी। निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी घर या परिसर के आसपास जमा पानी में मच्छर के लार्वा पाए जाते हैं, तो उसकी फोटो अथवा वीडियो नगर निगम को भेजी जाएगी। इसके आधार पर निगम संबंधित मकान मालिक का चालान करेगा। नगर आयुक्त नुपुर वर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौतम नैथानी, सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी, स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार, गायत्री बिष्ट सहित निगम के कर्मचारी और पार्षद भी बैठक में उपस्थित रहे।

### गढवाल विवि के नवनियुक्त कुलपति प्रो. श्री प्रकाश ने कार्यभार संभाला

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के नवनियुक्त कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यवाहक कुलपति प्रो. एमएमएस रौथाण ने नवनियुक्त कुलपति प्रो. सिंह को कार्यभार सौंपा। प्रो. सिंह के पदभार ग्रहण करने पर विवि के अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों ने उनका भव्य स्वागत किया। कुलपति सभागार में प्रो. सिंह ने अधिकारियों, संकाय सदस्यों व कर्मचारियों की बैठक लेते हुए कहा कि विद्यार्थी को केन्द्र मानकर समन्वय के साथ काम किया जायेगा। कहा कि कोई भी ऐसा काम न करें जिस पर प्रशासनिक तौर पर कार्रवाई करनी पड़े। प्रो. सिंह ने बताया कि कभी किसी पद का गुमान मत करें यदि आप अपने पद का मान रखेंगे तो निश्चित ही आपको भी सम्मान मिलेगा।

### विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति जताया आभार

**कोटद्वार ।** विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय मगनपुर की बहुप्रतीक्षित प्रवेश प्रक्रिया के प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में कोटद्वार आगमन पर विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण का नगर के विभिन्न स्थानों पर सैन्य संगठनों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रमों में ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा, फूल मालाओं एवं आतिशबाजी के माध्यम से नागरिकों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

### अखोड़ी में बेमिसाल 11 साल की विकास यात्रा का जश्न मनाया

**नई टिहरी।** भिलंगना ब्लॉक के शक्ति केंद्र अखोड़ी में "विकसित भारत का अमृत काल-सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख वसुमति घणाता ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और बीते 11 वर्षों को भारत के विकास का स्वर्णिम कालखंड बताया। वसुमति घणाता ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश ने नेतृत्व के दृढ़ संकल्प और दूरदर्शिता के चलते अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि अब देश का हर गांव सड़क से जुड़ चुका है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास हो रहा है। हर जरूरतमंद को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत मिली है, उज्ज्वला योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को चूल्हे के धुएं से राहत मिली है और स्वास्थ्य सेवाएं गांव-गांव तक पहुंच चुकी हैं। उन्होंने बताया कि डिजिटल इंडिया के अंतर्गत मोबाइल और इंटरनेट की पहुंच अब हर हाथ तक हो गई है, जिससे आमजन की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है। सड़क नेटवर्क के विस्तार में हाईवे और एक्सप्रेस-वे से लेकर गांवों की गलियों तक मजबूत सड़कें तैयार की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए केंद्र सरकार ने कठोर निर्णय लेने में कभी पीछे नहीं हटाया, जिसका उदाहरण पहलगाम की घटना के बाद पाकिस्तान को मिला स्पष्ट संदेश रहा है।

## कैबिनेट मंत्री जोशी ने मसूरी के विकास के लिए जारी किए 43.86 लाख

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री और मसूरी से विधायक गणेश जोशी में मसूरी विधान सभा के अन्तर्गत विकास कार्यो की घोषणा के क्रम में विधायक निधि से चार महत्वपूर्ण विकास कार्यो की वित्तीय स्वीकृति जारी की है।

जिसमें अमर शहीद कैप्टन प्रतीक आचार्य राजकीय इन्टर कॉलेज, डोभालवाला, देहरादून में बॉस्केटबॉल कार्ट, बॉस्केटबॉल पोल एवं विद्यालय में पुस्तकालय की स्थापना के लिए रुपये 15.67 लाख, मसूरी में अलगाड़ यमुना घाटी विकास मंच निर्माण के लिए रुपये 10 लाख, मसूरी विधानसभा के अन्तर्गत एनआरएलएम एसएचजी के लिए वे-साईट ऐमिनिटी के अन्तर्गत वर्कशेड का निर्माण के लिए 15 लाख और राजकीय इन्टर कॉलेज, किशनपुर में ध्वनि प्रणाली एवं तत्सम्बन्धी कार्यो की स्थापना के लिए रुपये 03.19 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। इस बाबत उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता पर रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में साम. ुदायिक भवनों का निर्माण, आंगनवाड़ी में छात्र-छात्राओं के लिए सामान सहित मूलभूत एवं अवस्थापना सुविधाओं का विकास लगातार जारी है।

# एबीडीएम के निर्धारित लक्ष्य को हासिल करना जरूरी: रीना

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की समीक्षा बैठक में राज्य मिशन निदेशक ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में राज्य मिशन निदेशक व राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी ने एबीडीएम के निर्धारित लक्ष्यों को यथा समय हासिल करने के निर्देश दिए। स्कैन एंड शेयर सुविधा को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी उन्होंने जरूरी बताया।




■ सूबे के सभी अस्पतालों में स्कैन एंड शेयर व्यवस्था के प्रोत्साहन के लिए जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में राज्य मिशन निदेशक रीना जोशी ने कहा कि माइक्रोसाइट्स प्रोजेक्ट के तहत प्राइवेट चिकित्सा की सभी छोटी इकाइयों का पंजीकरण किया जाना है, ताकि वहां पर भी लाभार्थियों को डिजिटल सुविधाओं का लाभ दिया जा सके। लोगों को सिर्फ अस्पताल का पर्चा बनाने के लिए लगने वाली कतारों से छुटकारा मिल सके। उन्होंने प्रदेश के सभी अस्पतालों में स्कैन एंड शेयर व्यवस्था को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को जरूरी बताते हुए इस संदर्भ में सभी जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आवश्वयक कार्यवाही करने हेतु एबीडीएम से जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप पूरी गति व गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया कि वर्तमान में देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल व उधम सिंह नगर में माइक्रोसाइट्स प्रोजेक्ट के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत प्रयोगशाला, क्लीनिक, 50 बैड तक के अस्पताल, ब्लड बैंक, डायलिसिस सेंटर व फार्मेसी का डिजिटलाइजेशन कर पंजीकरण कराया जाना है। प्रोजेक्ट में अभी तक उक्त चार जनपदों में 3030 चिकित्सा इकाइयों को पंजीकृत किया जा चुका है। वहीं 3728 चिकित्सा कार्मिक जिसमें डाक्टर व नर्सेज शामिल हैं को पंजीकृत किया गया है। पंजीकृत इकाइयों में लगभग 4.76 लाख हेल्थ रिकार्ड पंजीकृत हुए हैं। इस अवसर पर राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निद. ेशक वित्त अभिषेक आनंद, निद. ेशक प्रशासन डा विनोद टोलिया, अपर निदेशक प्रशासन निखिल त्यागी, अपर निदेशक आईटी अमित शर्मा व एबीडीएम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विकासनगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकासनगर क्षेत्र में उत्साहपूर्वक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। क्षेत्र के दर्जनों योग केंद्रों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस अवसर पर विकासनगर विधायक मुना सिंह चौहान ने भी सेपियंस स्कूल के प्रमुख योग कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने योग साधकों के साथ विभिन्न आसनों का अभ्यास कर योग के महत्व को रेखांकित किया। विधायक चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि 'योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का



माध्यम है, बल्कि मानसिक और आत्मिक संतुलन का भी आधार है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग को वैश्विक मान्यता मिली है।' कहा योग वह चाबी है, जो हमें हमारे भीतर की दुनिया से जोड़ती है। सेपियंस स्कूल की प्रबंध कार्यकारिणी, आदरणीय प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षकगण तथा उत्साही छात्र-छात्राओं को इस आयोजन की शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत योगा. सन प्रदर्शन अत्यंत अनुशासित, सुंदर और प्रेरणादायक रहा, वहीं शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत सैंम-सैग नृत्य प्रस्तुति ने योग के संदेश को भावनात्मक अभिव्यक्ति देकर सभी को भावविभोर कर दिया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सासंद राज्यसभा डा. नरेश बंसल ने की सपरिवार भेंट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. नरेश बंसल अपने परिवार के साथ देवभूमि उत्तराखंड के देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन पहुंचे,जहां उन्होंने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की और मुलाकात के लिए समय देने के लिए आभार जताया।

डा.नरेश बंसल ने राष्ट्रपति को भगवान गणेश की अष्ट धातु की मुर्ति देकर स्वागत किया,जिसके बाद क्षमा बंसल ने राष्ट्रपति को शॉल भेंट किया। उसके पश्चात डा. नरेश बंसल के पुत्रो कुणाल बंसल और सिद्धार्थ बंसल ने को देवभूमि उत्तराखंड स्थित चारधाम का चित्र भेंट किया व उनकी नातिन वेदिका जिंदल ने राष्ट्रपति को पुष्प भेंट किया। डा. नरेश बंसल व परिवार के सभी सदस्यो ने राष्ट्रपति को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाए दी। राष्ट्रपति ने डा. नरेश बंसल व परिवार के सदस्यों का हालचाल पूछा। नवासी वेदिका को अपनी तस्वीर और चॉकलेट भी भेंट की।

### एक नजर .......



#### योग जीवन की अनिवार्य आवश्यकता: जोशी

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शिरकत की। कृषि मंत्री ने विश्वविद्यालय के अध्यापकों, कार्मिकों, विद्यार्थियों, एनसीसी के कैडेटों तथा उधमसिंह नगर जनपद से पधारे नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। योगाभ्यास के बाद कृषि मंत्री गणेश जोशी ने 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में योग की जननी भारत ने इसे विश्व पटल पर लाया है।

#### प्रेम नगर थाना अध्यक्ष बने कुंदन राम

**देहरादून।** आचार संहिता से पहले ही राजधानी देहरादून के पुलिस कप्तान ने कई थाना अध्यक्षों को इधर से उधर किया तो कई को नया कार्यभार सोपा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने प्रेम नगर थाना अध्यक्ष मोहन सिंह को क्लेमेंट टाउन थाने का चार्ज दिया तो वही रायपुर थाना अध्यक्ष संदीप कुमार को थाने से हटकर एसओजी में भेज दिया है। एसओजी में तैनात दरोगा कुंदन राम को प्रेम नगर थाने का नया थाना अध्यक्ष बनाया। दरोगा ग्रीस नेगी को रायपुर थाने का चार्ज सोपा वही कई दरोगाओं को इधर से उधर भी किया। जिसके चलते विकास नगर कोतवाली में तैनात सत्येंद्र भाटी को केंट कोतवाली में भेजा गया।एसआ. ेजी में तैनात विनोद राणा को डोईवाला का एसएसआई बनाया गया है तो वही पुलिस लाइन में तैनात अशोक राठौड़ को विकास नगर कोतवाली में भेजा।

#### दून में यातायात का किया एसएसपी ने निरीक्षण

**देहरादून।** वीवीआईपी भ्रमण के बाद यातायात व्यवस्था का जायजा लेने कप्तान स्वयं सडको पर उतर गये। दून की सड़को पर बड़े यातायात के दबाव को कम करने तथा यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए एसएसपी स्वंय सडकों पर उतरकर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन में लगे पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए पूर्ण मनोयोग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए एसएसपी देहरादून द्वारा उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही इसी समर्पण भाव के साथ भविष्य में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिये उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

#### कालसी ब्लाक के सलगा गांव में दो दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण सम्पन्न

**सहिया।** भारतीय कृर्षि अनुसंधान परिषद ,नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित उत्तराखंड में जनजातीय परिवारों का सशक्तिकरण कुक्कुट पालन के माध्यम से आर्थिक सुरक्षा के आयोजित प्रशिक्षण दो दिवसीय कार्यक्रम कालसी ब्लाक के सलगा गाँव में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कृर्षि विज्ञान केंद्र ढकरानी देहरादून और पशु आनुवांशिकी एवं प्रजनन विभाग,पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय , गोविंद बल्लभ पंत कृर्षि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर उत्तराखंड द्वारा किया गया। परियोजना के तहत 38 लाभार्थियों को पालक वाटर फीडर के साथ साथ संतुलित आहार के रूप में मुर्गी दाना और जीवन रक्षक दवा का वितरण किया गया। डा. एके सिंह ने बताया कि प्रत्येक लाभार्थियों को रविवार को बीस बीस रेम्बो कोस्टर प्रजाति के चूजे भी दिए जायेगे। इस दौरान डॉ. एके सिंह, डॉ. सुनील कुमार और स्थानीय ग्रामीण तुलसी नेगी, संजय शर्मा, निरमा देवी, विक्रम नेगी आदि लोगों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया।

## श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने योगाभ्यास कर हर आयु वर्ग का किया आह्वान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** श्री दरबार साहिब के सज्जादा गद्दीनशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों व देशवासियों को बधाई एवम हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नित्य की भांति श्री दरबार साहिब में प्रातः योगाभ्यास किया। इस अवसर पर महाराज ने अपने संदेश में कहा कि योग हजारो साल पुरानी एक आध्यात्मिक और शारीरिक विद्या है। नियमित योगाभ्यास को न सिर्फ शरीर की मजबूती बल्कि मन की शांति के लिए भी अपनाया जाता है।

आज के बदलते परिवेश में तनाव अनेक रोगों का कारण बन रहा है। योग साधना से मस्तिष्क व शरीर तनाव मुक्त रहते हैं, मानव अशांति व रोगों से बच सकता है। योग संतुलित जीवन जीने की कला सिखाता है। योग से व्यक्ति के विचार सात्विक होते हैं। शास्त्रों में मानव के लिए रोग मुक्ति से लेकर आत्म शुद्धि व दीर्घायु जीवन के लिए योग साधना को सबसे सशक्त माध्यम बताया गया है। योग केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक है। योग व्यक्ति के शरीर मन और आत्मा को नियंत्रित करने में सहायता करता है।

## देहरादून में केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों ने मनाया योग दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** देहरादून में केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा 11वें अंत. रराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसी कड़ी में कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक.), उत्तराखण्ड द्वारा कार्यालय परिसर में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ईशा फाउंडेशन के सहयोग से ऑडिट कॉलोनी, कौलागढ़ स्थित बहुउद्देशीय कक्ष में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ महालेखाकार मोहम्मद परवेज आलम द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, ष्योग मात्र शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक पद्धति है, जो व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और संतुलित बनाए रखने में सहायक होती है।ष एफआरआई द्वारा भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, केंद्रीय राज्य वन सेवा अकादमी एवं वन शिक्षा निदेशालय के सहयोग से हरित योग 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन एफ.आर. आई परिसर, देहरादून में किया गया। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें माननीय केंद्रीय आवा. सन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री श्री तोखन साहू (मुख्य अतिथि), आई. सी.एफ.आर.ई के महानिदेशक, आई.जी.एन.एफ.ए के निदेशक, एफ.आर.आई के निदेशक, डी.एफ. ई के निदेशक, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून, सी.ए.एस.एफ.ओ.एस के प्राचार्य, वैज्ञानिक, छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण शामिल रहे।

## कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने दी राष्ट्रपति को विदाई

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रवास के बाद शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली रवाना हो गई। जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या व अन्य लोगों ने उन्हें विदा किया। शनिवार को दोपहर के समय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देहरादून से जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पहुंची, जहां पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रि. ) गुरमीत सिंह, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, सुबोध उनियाल, टिहरी लोक सभा सीट से सांसद माला राजलक्ष्मी शाह ने उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उन्होंने उत्तराखंड आगमन पर राष्ट्रपति का आभार व्यक्त किया और निकट भविष्य में पुनः देवभूमि आने का न्योता दिया।

## शिलगुर महाराज 12 साल बाद अपने मंदिर में हुए विराजमान

**सहिया।** जौनसार बावर क्षेत्र के खत सिलगांव के जिसऊ खराया के आराध्य देव शिलगूर महाराज करीब 12 साल बाद शाही स्नान के बाद अपने मंन्दिर में विराजमान हुए। इस क्षण को देखने हजारों की संख्या में श्रद्धालु देवता के मंदिर में पंहुचे और देव दर्शन किए। खत सिलगांव के अंतर्गत जिसऊ खराया गांव स्थित शिलगूर देवता का मंन्दिर है जिसके प्रति खत के साथ साथ आसपास के गांवों के लोगों की खासी आस्था है। मान्यता है शिलगूर देवता हर 12 साल बाद हरिद्वार व हिमाचल प्रदेश के चूड़धार नामक स्थान का शाही स्नान करते हैं। कुछ माह पूर्व शिलगूर महाराज के देव चिन्हों को हरिद्वार में शाही स्नान कराया गया था जिसके बाद दूसरा शाही स्नान 20 जून को हिमाचल प्रदेश के चूड़धार में कराया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने शनिवार को सम्मेलन के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष लच्छू गुप्ता के प्रतिष्ठान में श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया । बिंदाल पुल स्थित ओमकार प्लाजा में कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल मौजूद रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर सौरभ थपलियाल, पूर्व मेयर सुनील उनियाल गामा, स्वयं सेवक संघ के अनिल नंदा, सुरेंद्र मित्तल, अनिल गोयल, भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, पूर्णकालिक बीजेपी प्रदेश कार्यालय प्रभारी कौस्तुभानंद जोशी, अशोक वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष रामगोपाल गोयल, महामंत्री दीपक सिंघल, प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग रमा गोयल, राज्य मंत्री श्याम अग्रवाल राजकुमार पुरोहित क्षमा बंसल कुनाल बंसल सचिन जैन मौजूद रहे।

इस अवसर पर 85 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेश बंसल ने कहा कि रक्तदान का बहुत महत्व है। यह न केवल दूसरों की जान बचाने का एक शानदार तरीका है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हो सकता है।

रक्तदान करके, आप किसी को गंभीर बीमारी, दुर्घटना या सर्जरी के दौरान रक्त आधान की आवश्यकता होने पर मदद कर सकते हैं।

## विश्व को भारतीय ज्ञान परंपरा का वरदान है योग : रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यमुना कॉलोनी स्थित अधिकारी क्लब में विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियों ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया। यह आयोजन दर्जनभर से अधिक संस्थाओं के सहयोग से किया गया।



कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने भी योगाभ्यास में लगभग 1 घंटे तक विभिन्न योगासन किए। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि योग भारतीय ज्ञान परंपरा का ऐसा वरदान है जिसका लाभ आज पूरे विश्व को मिल रहा है। ऐसे दौर में जब पूरे संसार के लोग गलत जीवन शैली के कारण उत्पन्न हुए मोटापे, हृदय रोग, डायबिटीज जैसे रोगों से जूझ रहे हैं, तब योग उनके लिए आरोग्य के नए द्वार खोल रहा है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि भारत की हजारों साल पुरानी इस ज्ञान परंपरा के प्रति पूरे विश्व को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों ने जागरूक बनाया। इसी का परिणाम है कि आज हमारे साथ दुनिया भर के 150 से ज्यादा देशों में करोड़ों अरबों लोग योगासन कर रहे हैं।कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि हर आयु वर्ग के लोगों को अपने दैनिक जीवन में प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग का समावेश करना चाहिए। इससे उन्हें चिकित्सक के पास जाने की आवश्यकता कम से कम पड़ेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, पूर्व मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार प्रभु चावला, लीना झालानी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के कद्दावर नेता आयेंद्र शर्मा भाजपा सरकार पर बरसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** कांग्रेस के कद्दावर नेता और पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आर्येन्द्र शर्मा आज आक्रामक रूप में नजर आए। जहां उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आरक्षण प्रणाली पर सवालियां निशान लगाते हुए, विभिन्न मुद्दों पर प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरने की कोशिश की।

दरअसल आज आर्येंद्र शर्मा ने सेलाकुई में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए पछवादून क्षेत्र में बढ़ते अवैध खनन, नशा तस्करी, क्षेत्र में स्थापित विभिन्न संस्थानों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार न मिलने जैसे अहम मुद्दों को रखते हुए इसका जिम्मेदार प्रदेश की भाजपा सरकार को ठहराया। साथ ही उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए हुए आरक्षण को नियम विरुद्ध करार दिया। आर्येंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार ने पंचायतों के लिए आरक्षण तय करने में पारदर्शिता नहीं बरती है, जिसके चलते आरक्षण क्रम के अनुसार आरक्षण न होने से कई भावी प्रत्याशी चुनाव लड़ने से वंचित रह गए हैं। वहीं उन्होंने कहा कि जिला पंचायत में अलग और पंचायत व क्षेत्र पंचायत के लिए अलग नियमों के अनुसार आरक्षण तय किया गया है, जो कि भावी प्रत्याशियों के अधिकारों का हनन है।

## सरकार की मजबूरी में हो रहे पंचायत चुनाव: हरीश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने शनिवार को पछवादून क्षेत्र का दौरा किया, जहां उन्होंने साहिया में एक कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद हरबर्टपुर, सहसपुर और सेलाकुई में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। दौरे के दौरान उन्होंने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों और राज्य सरकार की नीतियों को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से प्रदेश में पंचायत चुनाव कराए जाने की मांग कर रही थी। लेकिन सरकार ने इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को टालने की नीयत से पहले पंचायतों में प्रशासक नियुक्त किए और अब दोबारा प्रशासक बिठाने की तैयारी में थी। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह नियमविरुद्ध थी, लेकिन जनदबाव और कानूनी पेचीदगियों के चलते सरकार को मजबूरी में चुनाव कराने पड़ रहे हैं। हरीश रावत ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान आरक्षण प्रक्रिया में कई खामियां हैं, जिससे चुनाव की तैयारी कर रहे कई संभावित प्रत्याशियों को गहरा झटका लगा है। "सरकार ने आरक्षण तय करने में पारदर्शिता नहीं बरती, जिससे कई लोगों का चुनाव लड़ने का सपना अधूरा रह गया।" पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस राज्यभर की पंचायतों में मजबूत स्थिति में है और आने वाले चुनाव में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय रहने और ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं दूसरी ओर उन्होंने अवैध खनन, बढ़ती आपराधिक वारदातों और नशे को लेकर प्रदेश सरकार को घेरा। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष संजय किशोर, संजय जैन, भास्कर चुग, विकास शर्मा, डिंपल सिंह, आशीष पुंडीर, मुंतजिर, नीरज रोहिला आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसजन पंचायत चुनाव को संगठन विस्तार के उत्सव के रूप में लें : महर्षि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से इसे संगठन विस्तार के उत्सव की तरह लेने का आह्वान किया है।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी एव मुख्य मीडिया राजीव महर्षि ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा तथा नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने इस चुनाव को पूरी गंभीरता से लड़ कर पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का एक बेहतर अवसर बताया है और इसके लिए पार्टी के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। महर्षि ने कहा कि प्रदेश में लंबे समय से पंचायती राज व्यवस्था को राज्य सरकार द्वारा स्थगित रखा गया है। ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक सब कुछ जनप्रति. निधित्व विहीन हो गया था। जिला सरकार नाम की यह व्यवस्था कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद पहले प्रशासनिक अधिकारियों को तैनात किया गया, फिर इसे प्रयोगशाला बनाते हुए जनप्रति. निधियों को ही प्रशासक बनाया गया और इसी माह एक बार फिर पंचायतों को नौकरशाही के अधीन कर दिया गया था।

# विश्व योग दिवस पर पतंजलि की इकाइयों में किया विशेष योग सत्र का आयोजन

**हरिद्वार।** विश्व योग दिवस पर पतंजलि योगपीठ, दिव्य योग मंदिर कनखल, पतंजलि फूड एवं हर्बल पार्क पदार्था, दिव्य फार्मेसी ए-१, योगग्राम आदि में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पतंजलि की समस्त इकाईयों के अधिकारियों, कर्मचारियों, वानप्रस्थियों, छात्र-छात्राओं तथा ने योग और प्राणायाम आदि का अभ्यास किया।

योगगुरू स्वामी रामदेव के दिशानिर्देशन में पतंजलि योगपीठ तथा हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में कुरुक्षेत्र में विश्व योग दिवस आयोजित किया गया। जिसमें एक लाख से अधिक योग साधकों ने एक साथ योगाभ्यास किया। स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने



ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक भूमि पर योग साधकों को योगाभ्यास कराया। इसके अलावा पतंजलि योग समिति के माध्यम से देश के समस्त ६५० जिलों में कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत निःशुल्क योग का प्रशिक्षण दिया गया।

हरिद्वार में पतंजलि वेलनेस, पतंजलि योगपीठ-।। के सभागार योग भवन में आयोजित कार्यक्रम में योग एवं षट्कर्म विभाग के प्रमुख डा.सचिन त्यागी के दिशानिर्देशन में कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत योगसत्र का आरम्भ किया गया। प्रार्थना के पश्चात् सत्र की शुरुआत ग्रीवा, घुटनों तथा कंधों के सूक्ष्म व्यायाम से हुई। इसके उपरान्त खड़े होकर करने वाले आसनों में ताड़ासन का अभ्यास कराते हुए डा. त्यागी ने बताया कि ताड़ासन से बच्चों की लम्बाई बढ़ती है, रीढ़ की हड्डी सुदृढ़ रहती है तथा सम्पूर्ण शरीर को स्थायित्व मिलता है। वृक्षासन से न्यूरो-पेशी समन्वय में सुधार होता है। शारीरिक संतुलन और सतर्कता में वृद्धि होती है। पैर की मांसपेशियाँ सुदृढ़ होती हैं।

पतंजलि वेलनेस के सेवा प्रमुख स्वामी बजरंगदेव ने कहा कि योग एक अप्रतिम विद्या है। योग मात्र व्यायाम नहीं अपितु समग्र स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त जीवन पद्धति है। स्वामी रामदेव महाराज ने योग को कन्दराओं से निकालकर पूरे विश्व में प्रतिष्ठित किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण के कारण हवा, पानी तक दूषित हो चुके हैं। ऐसे में योग ही स्वस्थ व आनंदमय जीवन की कुंजी है। धर्म, मत, पंथ, जाति, सम्प्रदाय से परे साम्प्रदायिक सौहार्द स्थापित करने में भी योग की बड़ी भूमिका है।

इस अवसर पर मुख्य महाप्र. बंधक (ट्रस्ट) ब्रिगेडियर (से.नि.) टी.सी. मल्होत्रा, पतंजलि विश्व. विद्यालय के प्रति कुलपति डा. मयंक अग्रवाल, कुलसचिव आलोक कुमार सिंह, मानव संसाधन प्रमुख तरुण राजपूत, पतंज. लि विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा.एके सिंह, पतंजलि अनुसंधान संस्थान के उपाध्यक्ष डा. अनुराग वार्ष्णेय, पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. अनिल कुमार, पतंजलि आयुर्वेदिक हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.अरुण कुमार पाण्डेय, डा.दयाशंकर, पतंजलि वेलनेस के वरिष्ठ चिकित्सक डा.कनक सोनी, डा.सत्यप्रकाश मिश्र तथा आदि मौजूद रहे।

# महानगर कांग्रेस कमेटी ने किया लोनिवि के अधिशासी अभियंता का घेराव

**हरिद्वार।** कांग्रेस पार्षदों के वार्डो में कार्य नहीं कराए जाने का आरोप लगाते हुए महानगर कांग्रेस कमेटी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय का घेराव किया।

इस दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली से आमजन में भारी रोष है। कांग्रेस पार्षदों के वार्डो में विकास कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। यदि कांग्रेस पार्षदों के वार्डों में कार्य नहीं कराए गए तो कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन और तालाबंदी की जाएगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी और पूर्व पार्षद राजीव भार्गव ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भाजपा विधायक के इशारे पर काम कर रहे है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्षद हिमांशु गुप्ता



■ **कांग्रेस पार्षदों के वार्डो में कार्य नहीं करने का आरोप लगाया**

और पार्षद विवेक भूषण विक्की ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आमजन के सरोकारों से कोई मतलब नहीं है।

पार्षद सुनील कुमार सिंह और पार्षद प्रतिनिधि पुनीत कुमार ने कहा कि लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी निष्पक्ष रवैया अपना कर कार्य करें अन्यथा कांग्रेसजन उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। पार्षद प्रतिनिधि शहाबुद्दीन अंसारी और ऋषभ वशिष्ठ ने भी लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली के प्रति रोष व्यक्त किया। घेराव करने वालों में मुख्य रूप से पार्षद सोि. हत सेठी, सुमित त्यागी, सन्नी कुमार, पार्षद प्रतिनिधि अकरम अंसारी, पार्षद प्रतिनिधि लाली, अजय गिरी, यूथ कांग्रेस महासि. चव शुभम जोशी, हिमांशु राजपूत, अंकित प्रजापति आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया विश्व योग दिवस



**हरिद्वार।** भेल सेक्टर-२ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक मंगलराम ने सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया और योग से होने वाले लाभ के विषय मे जानकारी दी। कहा कि यदि हम प्रतिदिन योग करते हैं तो अपने शरीर को निरोग रख सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेंद्रदत्त अंथवाल ने वर्चुअल रूप से छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग दिवस न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर है। बल्कि यह हमें भारतीय संस्कृति की उस अमूल्य धरोहर से जोड़ता है, जो हजारों वर्षों से विश्व को शांति और संतुलन का मार्ग दिखा रही है। इस वर्ष की थीम स्वयं और समाज के लिए योग हमें व्यक्तिगत कल्याण के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव की ओर प्रेरित करती है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है। यह एक जीवन शैली है। योग आत्म-अनुशासन, धैर्य, और एकाग्रता सिखाता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में युवा विद्यार्थियों के लिए योग तनाव को कम करने और मन को शांत रखने का एक प्रभावी साधन है। नियमित योग अभ्यास से पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ेगी। आत्मविश्वास मजबूत होगा और आप हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यालय योग को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष विद्यालय में साप्ताहिक योग सत्र शुरू किए गए हैं। साप्ताहिक योग सत्र का लाभ उठाएं। अपने परिवार और दोस्तों को भी योग के लिए प्रेरित करें। एक स्वस्थ व्यक्ति ही एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है।

विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी दीपक कुमार ने योग के महत्व पर जोर दिया और छात्र-छात्राओं से योग को दैनिक जीवन में अपनाने और सामा. जिक कल्याण के लिए योग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रवीण कुमार, मंगलराम, दीपक कुमार, अमित कुमार, नंदन सिंह, तिग्मांशु बडोनी, अंकेश कुमार, नीलम पाल, लीना शर्मा, नेहा जोशी तथा एनएसएस स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# कर्मयोगी सेवा संस्थान ने गंगा में विसर्जित किए 96 अस्थि कलश

**हरिद्वार।** कर्मयोगी सेवा संस्थान कोटा के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा के नेतृत्व में पांच सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल ९६ अस्थि कलश लेकर हरिद्वार पहुंचा। कोटा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिले ७२ लावारिस शवों का संस्थान की और से अंतिम संस्कार कराने के बाद उनके अस्थि कलश के साथ आर्थिक अभाव के चलते परिजनों की अस्थियां विसर्जित करने में असमर्थ लोगों द्वारा सौंपे गए २४ अस्थि कलश का हरकी पैड़ी पर पूर्ण विधि विधान के साथ गंगा में विसर्जन किया। कर्मयोगी सेवा संस्थान के कोटा जिला अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, लक्ष्मी नारायण गर्ग, विजय जैन, महावीर जैन, कृष्ण मिश्रा ने बताया कि ९६ मानव अस्थि कलश के साथ ६ वानरों की



अस्थियां भी गंगा में प्रवाहित की गयी हैं। अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि संस्थान की और से अब तक ६,६०५ अस्थि कलश गंगा में विसर्जित किए जा चुके हैं।

# मेयर किरण जैसल ने किया वार्ड तीन में पुलिया निर्माण कार्य का शुभारंभ



**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल एवं पार्षद सूर्यकांत शर्मा ने वार्ड तीन दुर्गा नगर की त्यागी गली में पुलिया निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेयर किरण जैसल ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र का चहुमुखी विकास करना उनका उद्देश्य है।

नगर निगम क्षेत्र में सड़क, पानी, सफाई, शिक्षा, चिकित्सा उपलब्ध कराना उनका कर्तव्य है। वार्ड पार्षद सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के लोगों से किए गए चुनावी वादे धरातल पर उतार कर क्षेत्र का चहुमुखी विकास कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि त्यागी गली में पुलिया क्षतिग्रस्त होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पुलिया निर्माण के साथ गली में सड़क का पैचवर्क भी कराया जाएगा। जिससे लोगों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी भूपतवाला के अध्यक्ष अमित गुप्ता, समाजसेवी जनेश्वर त्यागी, स्वामी मुकेशानंद महाराज, स्वामी रामजी महाराज, श्रीमहंत दुर्गादास महाराज, लक्ष्मी प्रसाद त्रिपाठी, प्रमोद पाल, विनय शंकर दुबे, राकेश सिंह, रामेश्वर शर्मा, धीरज झा, आशु कंडवाल, नीरज शर्मा, राजा कश्यप, राजू भाई, इंद्र कौशिक, नानू भाई, दयाराम, प्रदीप शर्मा, हेमनारायण अग्रवाल, रमेशनाथ गोस्वामी, गौरव खन्ना, विनीत शर्मा, यश, उमेश जैन, पंकज जोशी, राजा कश्यप, विष्णु उपाध्याय, विशाल गौड, अभिनव, सूरज, अमित, सोनू सैनी, नीरज तनेजा, दिनेश सैनी, मनी, रवि पाल, अनूप पाल, दीपक पंत, आदर्श पांडे, मनोज महंत, रमेश गोस्वामी, राजा, नीरज, विशाल गॉड, अंकित, मुकुल, आशु कंडवाल, अरुण, सनी राजपूत, विष्णु उपाध्याय, अश्विनी बिश्नोई, विकास राणा, गौरव खन्ना, ब्रजेश उपाध्याय, विनोद मिश्रा, विनीत, प्रमोद रावत, अवधेश शर्मा, प्रकाश वीर सिंह, उमेश पांडे, लक्ष्मी त्रिपाठी, अभिनव, प्रशांत पाल, सौरभ गुप्ता, प्रदीप शर्मा, आर्यन पाल, दीपक, राजकुमार, इंद्र कौशिक, धीरज झा, चेतन खुराना, पंकज वर्मा, संदीप गोस्वामी, आदित्य यादव, रूपेश, तरुण सैनी, दीपक पंत, तुषार पाल, आशु आहूजा, मनोज पाल, सोनू ओसवाल, राजेंद्र सिंह रावत, हरीश अरोड़ा, दीपक रावत, संदीप कुमार प्रजापति, अमरपाल प्रजापति, भागीरथ प्रजापति, सनी अरोरा, दिनेश सैनी, कुशलपाल, रवि पाल, रमेश, सौरभ, आदि मौजूद रहे।

# योग ने पूरे विश्व को स्वास्थ्य और संतुलन की राह दिखाईः आशुतोष

हरिद्वार। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी की और से गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के दयानंद स्टेडियम में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि पूरा विश्व योग की अमूल्य विरासत को अपना रहा है। योग भारत की वह अमूल्य देन है। जिसने पूरे विश्व को स्वास्थ्य और संतुलन की नई राह दिखाई है। योग के नियमित अभ्यास से जीवन को सकारात्मक दिशा दी सकती है। भागदौड़ भरे जीवन में योग की आवश्यकता और अधिक बढ़ गयी है। योग शिक्षक एवं दिव्य योग केंद्र हरिद्वार के संस्थापक विपिन गोलियान ने योग कराते हुए कहा कि तन और मन की लड़ाई में योग हमें विजयी बनाता है। योग स्वस्थ जीवन का महान सूत्र है। आज का यह दिन केवल योग के महत्व को दर्शाने के लिए नहीं, बल्कि यह याद दिलाने के लिए भी है कि जीवन शैली में योग को अपनाकर मानसिक और भौतिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। जिला महामंत्री आशु चौधरी ने कहा कि योग जीवन व ऊर्जा का प्रतीक है। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष डा.प्रदीप कुमार, मनोज शर्मा, अभिनंदन गुप्ता, मोर्ि. हत वर्मा, गुरुकुल कांगड़ी विश्व. विद्यालय के खेल परिसर हेड डा. अजय मलिक, डा.विक्रम सिंह, डा.धर्मेंद्र बालियान, संदीप शर्मा, सुदेश सैनी, आदि उपस्थित रहे।

# योग दिवस पर पत्रकारों ने प्रेस क्लब में किया योगाभ्यास

**हरिद्वार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रैस क्लब में योग शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर में पत्रकार व योगाचार्य डा.राधिका नागरथ ने भावना भारद्वाज व रोहित वर्मा के साथ पत्रकारों को विभिन्न आसनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया। डा.राधिका नागरथ ने कहा कि नियमित रूप से योग करने से व्यक्ति में एक नई शक्ति का संचार होता है। योग शरीर के ७ चक्रों को भी प्रभावित करता है। प्रैस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी ने कहा कि योग वैदिक काल से भारतीय जनजीवन का हिस्सा रहा है। योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी दुरुस्त करता है। शरीर में मौजूद ७ चक्र शरीर, मन और भावनाओं को ठीक रखने की चाबी भी हैं। योग के माध्यम सही तरीके से सातों चक्रों को एक्टिवेट करने पर शरीर पर गहरा सकारात्मक प्रभाव होता है। योगाभ्यास कार्यक्रम के समापन पर प्रैस क्लब की और से डा.राधिक नागरथ, भावना भारद्वाज व रोहित वर्मा को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर योग दिवस कार्यक्रम संयोजक हिमांशु द्विवेदी, प्रैस क्लब कोषाध्यक्ष काशीराम सैनी, वरिष्ठ पत्रकार रजनीकांत शुक्ला, आदेश त्यागी, सतीश गुजराल, सुनील दत्त पांडे, संजय आर्य, दीपक नौटियाल, गुलशन नैयर, अमित शर्मा, सुभाष कपिल, बृजपाल सिंह, सुनील पाल, बालकृष्ण शास्त्री, कुमार दुष्यंत, प्रतिभा वर्मा, आशु शर्मा, रामेश्वर गौड़, मयूर सैनी, राजेंद्र दीक्षित, माधवी भट्टाचार्य, शौर्य चौधरी, विश्वजीत, गीता राजपूत आदि मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में अधिकारियों और जवानों ने भी किया योग

**हरिद्वार।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल की अगुवाई में रोशनाबाद स्थित पुलिस लाईन में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद के सभी थाना चौकियों के पुलिस



अधिकारियों और जवानों ने योग आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। पुलिस लाईन के बहुउद्देश्यीय हॉल में आयोजित योग शिविर में देव संस्कृति विश्वविद्यालय एवं माता निर्मला देवी सहज योग ट्रस्ट के प्रशिक्षकों ने अधिकारियों और जवानों को योग आसनों का अभ्यास कराया और योग के लाभ बताते हुए योग करने के सही तरीके सिखाए। पुलिस कप्तान प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रशिक्षकों मदन कुमार, विभा आर्या तथा सहज योग ट्रस्ट के सदस्यों मांगेराम पाल व विक्रांत तोमर को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। शिविर में एसपी क्राइम व ट्रैफिक जितेन्द्र मेहरा, एसपी संचार विपिन कुमार, एसपी सिटी पंकज गैरोला, एसपी देहात शेखरचंद्र सुयाल सहित तमाम पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# योग ही सनातन का सार है, परम सत्य है, सनातन शाश्वत सत्य योग

## योगधर्म ही सनातनधर्म व युगधर्म है : स्वामी रामदेव

**हमें योगयुक्त तथा नशा व रोगमुक्त हरियाणा बनाना है : नायब सिंह सैनी**

**एंटीएजिंग, इम्युनिटी लोंगिविटी एवं डिजीज को कन्ट्रोल करने से लेकर उन्हें रिवर्स करने का सामर्थ्य योग में है : आचार्य बालकृष्ण**

**आज दुनिया के 200 देशों के 200 करोड़ से ज्यादा लोग कर रहे हैं योग : स्वामी रामदेव**

**स्वस्थ, समर्थ, समृद्ध, संगठित व विकसित भारत के लिए योग दिवस पर दिलाया योग व स्वदेशी का संकल्प**

**भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा 1835 से चली आ रही मैकाले की शिक्षा से पद्धति से मुक्ति**

**कुरुक्षेत्र।** पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज के दिशानिर्देशन में 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पतंजलि योगपीठ तथा हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी महाराज, आचार्य बालकृष्ण जी महाराज तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब लसह सैनी ने ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक भूमि पर योग साधकों को योगाभ्यास कराया। इसी के साथ पतंजलि योग समिति के माध्यम से देश के समस्त 650 जिलों में कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत निःशुल्क योग का प्रशिक्षण दिया गया। कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 1 लाख से अधिक योग साधकों ने एक-साथ योगाभ्यास कर नया कीलतमान बनाया। कार्यक्रम में पूज्य स्वामी जी महाराज ने उपस्थित योग साधकों को योग व स्वदेशी का संकल्प दिलाया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'वन अर्थ, वन हेल्थ' रही।

इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि दुनिया में अब 200 करोड़ से ज्यादा लोग योग कर रहे हैं, योग अब युगधर्म बन गया है। उन्होंने कहा कि योग ही सनातन का सार है। योग अप्रतिम विद्या, योग हमारे संस्कारों, संस्कृति व प्रकृति में है। युगों-युगों से योग हमारे भीतर घटित हो रहा है। योग ही जीवन का सत्य है। योग ही मति, कृति, प्रकृति व संस्कृति का आधार है। संस्कृति मूलक समृद्धि का आधार योग ही है। विरासत मूलक विकास का नारा हमारे योगी योद्धा माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने दिया है।





स्वामी जी ने कहा योगी योद्धा मोदी जी ने प्रत्येक ग्राम प्रधान को योग को प्रचारित करने हेतु पत्र लिखा है। सरपंच व ग्रामप्रधान अब योग्य योगपंच व योगप्रधान बनें। माननीय प्रधानमंत्री जी जहाँ भी जाते हैं वहाँ योग व भारतीय संस्कति व सनातन की प्रतीक श्रीमद्भगवद्गीता भेंट करते हैं। देश में राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री गृहमंत्री व रक्षा मंत्री भी योगी हैं। आज देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, गृहमंत्री, रक्षामंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री योग करते हैं।

देश का हेल्थ बजट शून्य करने का ताकत है योग में-

देश में दवाओं के नाम पर 10 लाख करोड़ रुपए खर्च होते हैं। जब देश के करोड़ों लोग रोज योग करेंगे तो देश का हेल्थ बजट शून्य हो जाएगा। यदि प्रत्येक देशवासी योग करे तो देश को 10 लाख करोड़ रुपए की बचत हो सकती है।

स्वामी जी महाराज ने कहा कि योग एवं योगमूलक जीवन पद्धति को आत्मसात करने के लिए आज विश्व लालायित है। योग युगों-युगों से चली आ रही हमारे पूर्वजों की बहुत बड़ी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत है। योग का क्रियात्मक पक्ष अष्टांगयोग, ध्यानयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग, क्रियायोग एवं हठयोग आदि का वैयक्तिक व सामूहिक अभ्यास है। योगमूलक सनातन, शाश्वत, वैज्ञानिक, सार्वभौमिक



सिद्धान्तों पर आधारित एक आध्यात्मिक नैतिक व्यवस्था है।

योग दिवस पर दिलवाया योग व स्वदेशी का संकल्प-

स्वामी जी महाराज ने कहा कि देश में समृद्धि स्वदेशी अपनाने से ही आ सकती है। ऑक्सफैम ग्लोबल यू. के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की और आज भी वह लूट निरंतर जारी है। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रो. कने और भारत को आलथक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित है। हमारे योगी योद्धा प्रधानमंत्री मोदी जी ने आ]वान किया है कि हम प्रतिदिन जीवन में स्वदेशी का प्रयोग करें। प्रातः से सायं तक प्रतिदिन प्रयोग होने वाले सामान की सूची बनाएँ और विदेशी सामान का बहिष्कार कर स्वदेशी अपनाएँ। ऐसा करके हम भारत माता की सेवा कर सकते हैं। स्वदेशी के संकल्प से ही भारत परम वैभवशाली बनेगा। ह्त्तवेचमतपजल वित बेंतपजल' के तहत पतंजलि ने 100४ लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे।

स्वामी जी ने कहा कि 1835 से चली आ रही मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश को मुक्त करने के लिए पतंजलि गुरुकुलम् और आचार्यकुलम् जैसे संस्थान भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व, चरित्र और नेतृत्व वाले बच्चों का निर्माण कर रहे हैं। आगे लाखों विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध कर हम एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। अपने बच्चों को पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्व विद्यालय में पढ़ाएं और ठैठ के साथ अपने विद्यालय को संबद्ध करके राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी भूमिका निभायें।

आज देश में पतंजलि योगपीठ के करोड़ों कार्यकर्ता योग सेवा कर रहे हैं। पतंजलि योग समिति के माध्यम से आज देश में 1 लाख से अधिक निःशुल्क योग कक्षाएँ संचालित हो रही हैं। ह्वन-अर्थ, वन-हेल्थ' एक पृथ्वी व एक स्वास्थ्य का संकल्प केवल योग से पूर्ण हो सकता है। पूरी दुनिया को स्वास्थ्य व शांति देने का कार्य केवल योग से ही संभव है।

स्वामी जी ने कहा कि योग धर्म अब युगधर्म बन गया है। उन्होंने कहा कि आज योग और सनातन धर्म विश्व की आवश्यकता है। तनाव, बीमारियां, सामाजिक और सांस्कृतिक पतन से जूझ रही दुनिया को पतंजलि योग और सनातन मूल्यों के माध्यम से नई दिशा दे रहा है। आइए, योगधर्म मूलक सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं।इस अवसर पर हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब लसह सैनी ने कहा कि योग को जन-जन तक पहुँचाने के लिए हरियाणा तथा केन्द्र सरकार पूर्ण प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य नशामुक्त व तनावमुक्त हरियाणा बनाना है।

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि दैनिक जीवन में यदि आधा से एक घंटा का भी योग का क्रियात्मक अभ्यास कर लिया जाये तो जीवन को स्वस्थ, सुखी व आनन्दमय बनाया जा सकता है। प्रतिदिन के योगाभ्यास से एंटीएजिंग, इम्युनिटी लोंगिविटी एवं डिजीज को कन्ट्रोल करने से लेकर उन्हें रिवर्स करने का सामर्थ्य योग में है। योग पर हो रहे विभिन्न शोधों एवं वैश्विक स्तर पर वर्ल्ड के टॉपइम्पैक्ट के जनरल्स में योग रिसर्च के हजारों प्रमाण प्रकाशित हो चुके हैं तथा हमने भी सैकड़ों रिसर्च पेपर योग पर पतंज. लि रिसर्च फाउन्डेशन की ओर से प्रकाशित करवाये हैं।

कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंगारू दत्तात्रेय, हरियाणा की मंत्री आरती राव जी, सांसद नवीन जिंदल, आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा, पतंजलि संस्थान की ओर से साध्वी देवप्रिया जी, भाई राकेश जी,योग आयोग के अध्यक्ष भाई जयदीप जी हरियाणा राज्य समिति की ओर से ईश कुमार आर्य जी, बहन अमर जी आदि ने लगभग 400 गांवों से संपर्क करके हरियाणा प्रत्येक गांव व जिले की भागीदारी सुनिश्चित की। इस कार्यक्रम में ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र में एक लाख से अधिक तथा संपूर्ण हरियाणा के जिला स्तर व तहसील स्तर तक 11 लाख से अधिक लोगों ने ऑनलाइन भागीदारी की।

### केदारनाथ हेली सेवा पर हाईकोर्ट सख्त

# हादसों पर सरकार से मांगा जवाब

**■ हादसों में अचानक हुई वृद्धि का स्वतः संज्ञान लिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल हाई कोर्ट ने चार धामयात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर हादसों में अचानक हुई वृद्धि का स्वतः संज्ञान लिया है।

कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक रूप से इन घटनाओं के पीछे की वजह पूछते हुए हेली सेवाओं के लिए एक ठोस सुरक्षा नीति बनाने के कड़े निर्देश दिए हैं। यह न्यायिक हस्तक्षेप ऐसे समय में आया है जब केदारनाथ धाम के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं लगातार छठे दिन भी प्रतिकूल मौसम के कारण ठप पड़ी हैं, जिसके चलते हजारों टिकट रद्द हो चुके हैं।



## कोर्ट ने पूछा, इन लापरवाहियों के लिए जिम्मेदार कौन?

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से सीधे सवाल किया, आखिर हर वर्ष हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं क्यों हो रही हैं? इनमें क्या खामियां हैं, या इन लापरवाहियों के लिए जिम्मेदार कौन हैं? कोर्ट ने इस मामले में सरकार को चारधाम की इन हेलीकॉप्टर सेवाओं के दौरान तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस और निर्णायक नीति बनाने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित केदार घाटी की अनूठी चुनौतियों को रेखांकित करते हुए, अचानक और अप्रत्याशित मौसम परिवर्तन पर विशेष ध्यान देने को कहा। कोर्ट ने जोर दिया कि विमानन कंपनियों को पहाड़ी और मैदानी दोनों क्षेत्रों के मौसम पैटर्न और कोहरे की स्थिति का गहन ज्ञान होना अनिवार्य है। कोर्ट ने टिप्पणी की, बारिश के बाद ये क्षेत्र प्रायः शुष्क हो जाते हैं, जिससे उड़ान में विशेष सावधानी की जरूरत होती है।



## सरकार ने रोका संचालन, कोर्ट ने मांगी ठोस नीति

सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चारधाम यात्रा मार्ग पर हेलीकॉप्टर सेवाओं पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह हेलीकॉप्टर सेवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस सुरक्षा नीति बनाए, जिससे भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

# 6 दिन से उड़ानें ठप, 5430 टिकट रद्द, मानसून से पहले वापसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** विमानन सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक, हेलीकॉप्टर हादसे के बाद लगातार छठे दिन भी केदारघाटी के अलग-अलग हेलिपैड से छह कंपनियों के हेलीकॉप्टरों ने केदारनाथ के लिए उड़ान नहीं भरी है।

इस अभूतपूर्व ठहराव के कारण बीते छह दिनों में कुल 5,430 से अधिक यात्री टिकट रद्द हो चुके हैं। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव और मानसून की दस्तक के साथ ही सभी छह हेलीकॉप्टर कंपनियां रविवार तक केदारनाथ घाटी से अपना संचालन समेट लेंगी।

गौरतलब है कि 2 मई से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में यूकाडा और नागर विमानन महानिदेशालय ने थंबी एविएशन, हिमालयन हेली एविएशन, ग्लोबल वेक्ट्रा, एरौ, क्रिस्टल, आर्यन हेलीएविएशन, ट्रांस भारत और पवन हंस हेली एविएशन को हेलीकॉप्टर उड़ान की अनुमति दी थी।

2 मई से 14 जून तक हेलीकॉप्टर से 56,044 यात्री केदारनाथ पहुंचे और 54,209 यात्री बाबा केदार के दर्शन कर लौटे। मगर 15 जून को आर्यन हेली एविएशन का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें पायलट सहित सात लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद डीजीसीए ने तत्काल प्रभाव से दो दिन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा पर रोक लगा दी थी, जिसे बाद में खराब मौसम के कारण बढ़ा दिया गया। तब से इस क्षेत्र में किसी भी हेलीकॉप्टर ने उड़ान नहीं भरी है।

केदारनाथ यात्रा हेलीकॉप्टर सेवाओं के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने इस बड़ी बाधा की पुष्टि करते हुए बताया, ष्हेलीकॉप्टर का संचालन न होने के कारण प्रतिदिन 850 से 900 के बीच टिकट रद्द हुए हैं।ष हाईकोर्ट का यह हस्तक्षेप भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण और पवित्र आध्यात्मिक यात्राओं में से एक पर जाने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्नत सुरक्षा प्रोटोकॉल की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।

# सुभारती विवि में योग कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** रास बिहारी बोस सुभार्ती विश्वविद्यालय, देहरादून ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को कई कार्यक्रमों के साथ बड़े उत्साह के साथ मनाया।

कार्यक्रम 1. इस कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन के नेतृत्व में 45 मिनट के सुबह के योग सत्र से हुई, जिसमें शिक्षको , कर्मचारियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डीन डॉक्टर नरेंद्र सिंह एवं उनके समस्त संकाय सदस्यो ने इस सत्र का सफल संचालन किया।

कार्यक्रम 2. एक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें सुभारती कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी और योगिक साइंसेज के छात्रों ने दैनिक जीवन में योग के महत्व को साझा किया। डॉ. हिमांशु ऐरन ने स्वस्थ जीवनशैली के लिए खुशी हार्मोन और योग के बीच संबंध को उजागर किया, और मानसिक शक्ति और एकाग्रता के लिए ध्यान और प्राणायाम के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम 3. गौतम बुद्ध चिकित्सालय और सुभारती अस्पताल ने डिक्सन कंपनी सेल्लाकुई में एक सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित कर योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया, जिसका नेतृत्व डॉ. प्रशांत भटनागर, प्रमुख,मार्केटिंग ने किया। कर्मचारियों के बीच निःशुल्क योग मैट भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम 4. डॉ. ब्रिगेडियर वी. पी. सिंह, निदेशक ने योग और ध्यान के वैज्ञानिक पहलुओं को समझाया। डॉक्टर सिंह ने चिकित्सा के क्षेत्र में योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

कुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन और मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. देश दीपक ने भी प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

विश्वविद्यालय के सभी संकायों के शिक्षको, कर्मचारी एवं छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रमों में शामिल हुए।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में कार सवार दो की मौत

**काशीपुर।** यूपी क्षेत्र हाईवे पर एक कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में दो व्यक्ति गंभीर घायल हो गए। देर रात यहां सरकारी अस्पताल लाये जाने पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हल्दुआ रामनगर निवासी खनन व्यवसायी दिलबाग सिंह पुरेवाल (55) शुक्रवार देर रात कार में अपने दोस्त जस्सा सिंह के साथ किसी काम से रुद्रपुर गए थे। देर रात लौटते समय सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र नेशनल हाईवे स्थित ढिल्लों ढाबा के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा टकराई। हादसे में टक्कर के बाद ट्रॉली पलट गई। सूचना मिलते ही रामपुर की मसवासी पुलिस चौकी के प्रभारी अजय कुमार टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। दोनों घायलों को काशीपुर सरकारी अस्पताल भेजा गया।

# वाइब्रेंट विलेजेस में रही योग दिवस की धूम

**■ पर्यटन विभाग की और भारत-चीन सीमा से सटे सीमावर्ती गांवों यथा माणा, मलारी, जादुंग, निलांग, हर्षिल, दुगतु, नाबीढांग में मना योग दिवस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पर्यटन विभाग, उत्तराखंड की और से वाइब्रेंट विलेजेस में योग दिवस का आयोजन किया गया।

पर्यटन विकास परिषद की और से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य राज्य के विभिन्न जनपदों यथा उत्तरकाशी, चमोली एवं पिथौरागढ़ के भारत-चीन सीमा से सटे सीमावर्ती गांवों यथा माणा, मलारी, जादुंग, निलांग, हर्षिल, दुगतु, नाबीढांग आदि में विशेष योग दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार की वाइब्रेंट विलेजेज योजना के अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं, स्कूली बच्चों एवं भारतीय सेना के जवानों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियां सिखाई गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों में योग और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को प्रचारित करना रहा।

इस अवसर पर सचिव पर्यटन/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद ने कहा कि उत्तराखंड का शांत और प्राकृतिक वातावरण योग साधना के लिए उपयुक्त है। हमारा प्रयास है कि इन वाइब्रेंट विलेजेस को योग पर्यटन और स्थानीय विकास के केंद्रों के रूप में स्थापित किया जाए, जिससे यहाँ पर्यटकों की आवाजाही बढ़ सके और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित हो सकें।

उत्तराखंड पर्यटन विभाग भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करता रहेगा।

# एमबीपीजी में यौगिक क्रियाएं

**हल्द्वानी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी में 24 यूके गर्ल्स एनसीसी बटालियन, 78 यूके एनसीसी बटालियन और 1 यूके एनसीसी स्क्वाड्रन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एनएस बनकटी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। योग प्रशिक्षक श्रीमती दीपा, योगेश्वरी जोशी और कंचन बिष्ट ने प्रतिभागियों को प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, चक्रासन और नाभि शोधक सहित विभिन्न यौगिक क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी कैप्टन डा. सुरेंद्र सिंह धपोला, 24 यूके गर्ल्स की लेफ्टिनेंट डा. ज्योति टम्टा, 1 यूके की डा. कामिका चौधरी, डा. संजय खत्री, डा. नरेंद्र सिंह सिजवाली, डा. प्रेम प्रकाश और डा. एसके श्रीवास्तव सहित राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के काउं. सलर उमा भंडारी, 78 यूके बटालियन के अंडर ऑफिसर स्मिता पाठक, अर्जुन जोशी, प्रवीण भंडारी और कैडेट सत्यम जोशी सहित 24 यूके गर्ल्स बटालियन की अंडर ऑफिसर अंजलि, रिया, दिव्यांशी और कैडेट शोभा, नीतू मेहरा, पलक, आरती, योगिता, डिंपल, पिंकी, रेनू, सौम्या, पूजा, मनीषा, वैष्णवी, कोमल, प्रेरणा, मनीषा रावत, कृतिका और प्रीति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# नेपालियों को बंधक बनाने वाले तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** 32 नेपाली नागरिकों को बंधक बनाकर रखने के मामले में पुलिस ने थाने में बुलाकर पूछताछ के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए हैं। आरोपियों ने पहले सभी नागरिकों को रुद्रपुर के थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में चार महीने इसके बाद दो महीने से काशीपुर में बंधक बनाकर रखा था। आरोपी बंधकों को बेहद कम खाना देते थे। वृहस्पतिवार को नेपाल दूतावास के प्रतिनिधि नवीन जोशी ने रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप थाने में शिकायत कर बताया कि कुछ नेपाली नागरिकों को काशीपुर में किसी अज्ञात स्थान पर बंधक बनाकर रखा गया है। सीओ काशीपुर दीपक कुमार के निर्देशन में श्यामपुरम की ओम विहार कालोनी में महाराज सिंह उर्फ पप्पू के मकान में दबिश देकर 32 नेपाली नागरिकों को तीन बंद कमरों से बरामद किया गया। पीड़ितों को 6 माह पहले उन्हें बिरेंद्र शाही पुत्र छत्र शाही निवासी धनगढ़ी जिला डोटि नेपाल और सचिन पुत्र शैलेन्द्र निवासी कूडालंबी थाना खानपुर जिला गाजीपुर यूपी, हाल निवासी आवास विकास काशीपुर नौकरी के नाम पर बहला-फुसलाकर भारत लाए थे। आज यहां थाना आईटीआई में एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस टीम के द्वारा आरोपी बिरेंद्र शाही, सचिन कुमार के साथ मनीष तिवारी पुत्र पूरन चंद तिवारी निवासी रातीघाट थाना भवाली नैनीताल हाल निवासी आस्था एनक्लेव दक्ष चौक के पास रुद्रपुर को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह दिल्ली की एक कंपनी से जुड़े हुए हैं, जिसमें कि चौन सिस्टम के द्वारा काम किया जाता है, लेकिन वह लोग सिस्टम का पालन न करते हुए लोगों के साथ धोखाधड़ी कर पैसे वसूल रहे थे।



# विभिन्न देशों के राजदूतों के साथ राज्य विकास पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार/देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तराखंड आए विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, प्रतिनिधियों के साथ निवेश आयुष, पर्यटन एवं संस्कृति पर विस्तृत रणनीतिक चर्चा से संबंधित बैठक हरिद्वार में आयोजित की गई। बैठक में मेक्सिको, फिजी, नेपाल, सूरीनाम, मंगोलिया, लातविया, श्रीलंका और रूस के राजनयिक व अन्य उच्च अधिकारियों के साथ ही उत्तराखंड सरकार की ओर से उपाध्यक्ष उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन विनय रुहेला, सचिव सचिन कुर्वे, धीराज गबर्याल, जुगल किशोर पंत, अपर सचिव अभिषेक रोहिल्ला विजय कुमार जोगदंडे, तथा उद्योग, आयुष, पर्यटन व संस्कृति विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाओं तथा राज्य सरकार द्वारा पर्यटन विकास के लिए गए महत्वपूर्ण कार्यो को रेखांकित करते हुए सचिव सचिन कुर्वे ने विदेशी डेलिगेट्स के समक्ष प्रस्तुतीकरण देते हुए बताया कि राज्य में 3 परिच. ालन हवाई अड्डे - देहरादून, पंतनगर और पिथौरागढ़ - और 8 हेलीपोर्ट, जो दूरदराज के क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क सुनिश्चित करते हैं और पर्यटन और आपातकालीन पहुंच को बढ़ावा देते हैं। सड़क नेटवर्क की दृष्टिगत 46,000+ किलोमीटर सड़क नेटवर्क, विभिन्न भूभागों में सभी मौसमों में सम्पर्कता के साथ, दूरदराज, तीर्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों को वर्ष भर जोड़ता है।




राज्य में रोपवे के मामले में परिवहन के वैकल्पिक साधन के रूप में राज्य में रोपवे विकसित किए जा रहे हैं। मसूरी, यमुनोत्री और पूर्णागिरि में रोपवे विकसित किए जा रहे हैं।

राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास और पुनर्विकास पहल टिहरी झील को जल और हवाई खेलों के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। जॉर्ज एवरेस्ट एस्टेट को बेहतर पहुंच, बुनियादी ढांचे और आगंतुक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया गया है। अपशिष्ट प्रबंधन के तहत केदारनाथ और बद्रीनाथ प्लास्टिक-विनियमित क्षेत्र हैं।

बेहतर शौचालय पहल के तहत राज्य में बायो डाइजेस्टर शौचालय विकसित और संचालित किए जा रहे हैं। कौशल विकास के तहत पिछले 3 वर्षों में आतिथ्य क्षेत्र में 5500 से अधिक व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है।साहसिक पर्यटन के तहत राज्य में स्कीइंग, बंजी जंपिंग सहित कई साहसिक गतिविधियां मौजूद हैं, जो इसे रोमांच चाहने वालों के लिए स्वर्ग बनाती हैं। ट्रैकिंग ट्रेल में केदारकांठा, फूलों की घाटी और हर की दून आकर्षण के केंद्र है।

परागलिडिंग में नौकुछतल, दयारा बुगयाल व धनोल्टी अपनी विशेष जगह बना रहे हैं द्व्हाइट वॉटर राफ्टिंग में ऋषिकेश और टोंस, काली, अलकनंदा और धौलीगंगा तथा मछली पकड़ने में कोसी, सुपिन और टोंस नदी में गोल्डन महशीर और ट्राउट प्रजातियां आकर्षण का केंद्र है। सफारी के मामले में अधिक वन क्षेत्र के साथ राज्य में 6 राष्ट्रीय उद्यान और 7 वन्यजीव अभयारण्य हैं। खगोल पर्यटन में नक्षत्र सभा की पहल से काले आसमान को बढ़ावा मिलेगा जायरोकॉप्टर सवारी में जायरोकॉप्टर के माध्यम से हवाई यात्रा एक अद्वितीय साहसिक अनुभव प्रदान करती है।

# सीआईआई व हिमालय योग दिवस के लिए एकजुट हुए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भारतीय उद्योग परिसंघ , उत्तराखंड राज्य परिषद और हिमालय वेलनेस कंपनी, देहरादून ने आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर योग फॉर वेलनेस थीम पर योग सत्र का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य कर्मचारियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता और स्वास्थ्य को बढ़ाना था।

सीआईआई उत्तराखंड के पूर्व अध्यक्ष और हिमालय वेलनेस कंपनी, देहरादून के अध्यक्ष डॉ. एस फारूक ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा देश योग के लिए दुनिया भर में जाना जाता है और यह योग का जन्मस्थान है।




उन्होंने कहा कि स्वस्थ, सकारात्मक और मजबूत बने रहने के लिए हम सभी को अपने दैनिक जीवन में योग का अभ्यास करना चाहिए।

सीआईआई उत्तराखंड के चेयरमैन और कृष्णा मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक सुयश अग्रवाल ने कहा कि हमारे कार्यस्थल की संस्कृति में योग को शामिल करने से कर्मचारियों की सेहत और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। ब्प्प हर संगठन को ऐसे सचेत अभ्यासों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है जो स्वस्थ और खुशहाल टीमों का निर्माण करते हैं।

उत्तराखंड की योग ब्रांड एंबेसडर दिलराजप्रीत कौर इस सत्र की मुख्य संसाधन व्यक्ति थीं। आसनों के लाभों के बारे में बताया और मधुमेह और अस्थमा के प्रबंधन सहित विभिन्न योग युक्तियाँ दीं। उन्होंने बताया कि योग पीठ के निचले हिस्से में दर्द से राहत दिलाने और गतिशीलता में सुधार लाने के लिए एक अच्छा बुनियादी स्ट्रेचिंग है। बैठ कर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए योग तकनीकों के बारे में भी बताया गया।

हिमालया वेलनेस कंपनी के 80 से अधिक कर्मचारियों, सीआईआई सदस्यों और स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया, सत्र के दौरान ताड़ासन, वृक्षासन आसन किए गए।

# मिल के नए निदेशक का स्वागत

**शांतिपुरी।** पूर्व राज्य मंत्री डा. गणेश उपाध्याय के नेतृत्व में किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने त्रिलोक सिंह मार्तोलिया को केन कमिश्नर पद पर प्रोन्नति मिलने पर फूलमालाओं से सम्मानित किया। साथ ही नवनियुक्त अधिशासी निदेशक एपी वाजपेई का स्वागत किया गया। डा. उपाध्याय ने बताया कि मार्तोलिया ने 4 वर्षों में किच्छा शुगर मिल को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल में मिल के तीनों बॉयलरों का आधुनिकीकरण किया गया, 12 पुरानी सेंट्रीफ्यूगल मशीनों के स्थान पर 3 नई मशीनें लगाई गई और 1959 से चले आ रहे हॉलैंड निर्मित इंजनों को इलेक्ट्रिक मोटरों से बदला गया। इस अवसर पर उत्तराखंड किसान कांग्रेस के महामंत्री महिपाल सिंह बोरा, देवेंद्र सिंह विर्क, संतोष सिंह सहित अनेक किसान नेता उपस्थित रहे। सभी ने मिल के तकनीकी उन्नयन और समय पर गन्ना भुगतान सुनिश्चित करने के लिए मार्तोलिया के प्रयासों की सराहना की।


**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष सं0 : 0135-2763808, फैक्स न0 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वैबसाइटः www.ujvnl.com

पत्र सं. 469 **निविदा आमन्त्रण सूचना** दिनांकः 21.06.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, परियोजना जानपद अनुरक्षण-ढालीपुर, द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मोहरबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः-

निविदा संख्या 04/EE/PCM/Dhalipur/ 2025-26

**कार्य का नाम**-ढालीपुर विद्युत गृह कालोनी के वार्षिक अनुरक्षण एवं मरमम्त कार्य।

**अनुमानित लागत कमशः** Rs. 20,16,437.53 (GST अतिरिक्त)।

**वैब साईट पर निविदा की उपलब्धता की तिथि एवं समयः** 23.06.2025 को 17:00 बजे से।

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 15.07.2025 को 15:00 बजे तक।

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी बेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की बेबसाइट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

अधिशासी अभियन्ता
परियोजना जानपद अनुरक्षण, ढालीपुर

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्सः 0135-2763507 वैबसाइटः www.ujvnl.com

सं0 473 **निविदा सूचना** दिनांक 21.06.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0) एसएचपी, यूजेवीएन लि0, मध्यमहेश्वर गुप्तकाशी, इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः

निविदा सं0: 04/अ0अ0(वि0/या0-एसएचपी)/मध्यमहेश्वर/2025.26 मध्य महेश्वर एसएचपी, तहसील उखीमठ जिला रूद्रप्रयाग में टाइप-1 हाउस में विद्युत वायरिंग तथा डाइवर्जन वीयर साइट आदि में विद्युत प्रकाश का कार्य।

अनुमानित लागतः ₹ 4,95,852.00 जीएसटी अतिरिक्त।

वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः 23.06.2025 18:00 बजे

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः 18..07.2025, 12:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **"http://uktenders.gov.in"**देखें।

अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0-एसएचपी) मध्यमहेश्वर

" बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

मुख्य कार्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांकः 466 **निविदा सूचना** दि0: 21.06.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0), इच्छुक निविदादाताओं से निविदाएं आमन्त्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैः

**नि0सं0 05 एवं 06/अधि0अभि0(अनु0) /RPS/2025-26**

**कार्य का नामः 1.**यूनिट सं0 2 व 3 के ब्रेक जैक पैड्स की मरम्मत एवं ओवरहौलिंग।

**2.** यूनिट सं0 2 व 3 के एल0ओ0पी0, एल0ओ0पी0 मोटर्स तथा एक्सटर्नल ऑइल कूलर्स की मरम्मत एवं ओवरहौलिंग।

**अनुमानित लागत :** रू. 5,96,000.00 एवं रू. 4,01,940.00 क्रमशःजी0एस0टी0 अतिरिक्त

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि :** 23.06.2025, 10.00 बजे

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि** : 14.07.2025, 16.00 बजे

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट **htpp://www.ujvnl.com** देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (अनु0)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत पताः 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर पैरल, मुंबई-400013. CIN No. U67190MH2008PLC187552

**कब्ज़ा नोटिस (अचल संपत्तियों के लिए)**

(सिक्योरिटी इंटरेस्ट इंफोर्समेंट नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार

जबकि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा के प्रवर्तन के तहत, टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का अधिकृत अधिकारी अधोहस्ताक्षरी है। ब्याज अधिनियम, 2002 और सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 **के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ताओं को नोटिस में उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए नीचे उल्लिखित एक मांग नोटिस उक्त नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर जारी किया।**

उधारकर्ता, राशि चुकाने में विफल रहने पर, एतद्द्वारा उधारकर्ता को, विशेष रूप से और आम जनता को, नोटिस दिया जाता है कि **अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13 (4) उक्त अधिनियम के उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित।**

उधारकर्ता, विशेष रूप से, और आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे लेन-देन न करें, संपत्ति के साथ और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन टाटा **कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, नीचे उल्लिखित राशि के साथ उस पर ब्याज और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि नीचे उल्लिखित तारीख से। सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।**

| ऋण खाता नं. | बाध्यताकारी का नाम/ कानूनी उत्तराधिकारी (एस) कानूनी प्रतिनिधि (ओं) | डिमांड नोटिस की राशि और तारीख | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1039 4810 | श्री सुशील कुमार सिंह (उधारकर्ता) एवं श्रीमती मनु सिंह (सह- उधारकर्ता) | 10.02.2025 को बकाया रूपये 13,56,487/-(रु. तेरह लाख छप्पन हज़ार चार सौ सत्तासी मात्र) | 19.06.2025 |

**सुरक्षित आस्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण गिरवी रखी गई संपत्तियां:** वह सब टुकड़ा और पार्सल पर आवासीय सम्पत्ति, क्षेत्रफल 100.37 वर्ग मीटर (24'x 45'), खेत नं. 56 मिन, खाता नं. 00143, **गांव सिरोलीकलां, तहसील किच्छा, जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) में स्थित, बिक्री विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं के साथ। सीमाएँ:** - **पूर्व**-राजवीरी का प्लॉट, **पश्चिम**-विक्रेता का प्लॉट, **उत्तर**- विक्रेता का प्लॉट, **दक्षिण**- 6.09 मीटर चौडा रास्ता

दिनांकः 22/06/2025 एसडी / - अधिकृत अधिकारी
स्थानः- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड) टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

# तन-मन और जीवन के संतुलन के लिए किया योग

## 11वें अतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर लोगों में दिखा जबरदस्त उत्साह









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के तहत विशेष योग शिविरों का आयोजन किया। एसएसपी पीएन मीणा के निर्देशन में पुलिस लाइन हल्द्वानी सहित सभी थाना परिसरों में योगाभ्यास कार्यक्रम संपन्न हुए। मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ध्यान और विभिन्न योगा. सनों का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने पुलिस कर्मियों को योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन, मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी। एसएसपी पीएन मीणा ने कहा, योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन पद्धति है। यह हमें अनुशासन, मानसिक संतुलन और आंतरिक शक्ति प्रदान करता है। इसी कड़ी में जनपद के सभी थानों और चौकियों में भी योग सत्र आयोजित किए गए, जिसमें पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल के साथ-साथ योग प्रशिक्षक डा. कंचन सूण, डा. ज्योत्सना कुनियाल, डा. कमेंद्र सक्सेना, डा. मनोज कुमार, डा. नवनीत सिंह दरियाल मौजूद रहे।

वहीं दूसरी ओर काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें योगाचार्य रश्मि कर्नाटक और कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डा. विनय खुल्लर ने मुख्य भूमिका निभाई। इस मौके पर डा. निवेदिता, डा. नेहा उपाध्याय, डा. महेंद्र बोरा, डा. गुंजन ओली, डा. अनामिका तुली, हरीश परगाई, अंकिता जोशी, तारा पांडे सहित कॉलेज के शिक्षकों और छात्र मौजूद रहे।

**वहीं** दूसरी ओर सौहार्द जन सेवा समिति द्वारा लिटिल फ्लॉवर स्कूल में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक गुरु शरद जोशी द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। समिति की अध्यक्ष विद्या महतो. लिया ने कहा कि योग हमें शारिरिक और मानसिक दोनों रूप से स्वस्थ्य रखता है। योग प्रशिक्षक शरद जोशी द्वारा हमें अनुलोम विलोम, प्राणायाम, एक पद आसन, पवन मुक्त आसन, भुजंग आसन, सेतु बंध आसन आदि योग के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर अंजू पांडे, पीसी पंत, शशि जोशी, नंदा पांडे, कविता तिवारी, रमा पांडे, ईश्वर चन्द्र भट्ट, दीपा तिवारी, भारती खोलिया, मीना सती मौजूद रही।

**इधर** संत निरंकारी मिशन और आयुष योग एवं आयुर्वेदक्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वसुधैव कुटुम्बकम एक पृथ्वी, स्वस्थ संसार थीम पर विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी ने दीप प्रज्वलन कर किया। योगाचार्या पाला मेहता के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में लगभग 135 संत निरंकारी सेवादल सदस्यों, एसएनसीएफ सेवादारों तथा शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के 125 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया।





**वहीं** दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद शाखा द्वारा देवलचौड़ स्थित रामजी विहार सोसाइटी में एक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक बंशीधर भगत ने इस अवसर पर योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए प्रतिदिन 30 मिनट योगाभ्यास की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डा. निधि अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भगवान सहाय अग्रवाल, राजेंद्र कुमार गुप्ता, दीपक बक्शी, भवानी शंकर नीरज, हरीश जोशी, मीनू गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, रचना अग्रवाल, गीतू केसरवानी, राजेंद्र नेगी, मनोहर केसरवानी, सुमित जैन, विवेक कश्यप, बालकिशन अग्रवाल मौजूद रहे।

**उधर** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के तत्वावधान में हल्द्वानी स्थित आर्मी कैंट में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार साहू और योगा प्रभारी धर्मा कुमारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों सैन्यकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगा प्रभारी धर्मा कुमारी और सदस्य मनीष साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि योग शरीर के सभी अंगों की गतिविधियों को नियंत्रित करते हुए मन-मस्तिष्क को प्रकृति से जोड़ता है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक एकाग्रता, सहनशीलता और आध्यात्मिक विकास में भी सहायक है। इस मौके पर संस्था के सदस्य जया जोशी, पूर्णिमा रजवार, रोहतास प्रजापति, सूरज मिस्त्री, दीपक कुमार, सुशील राय मौजूद रहे। **इधर** महिला महाविद्यालय हल्द्वानी में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग विभाग, नमामि गंगे इकाई, एनएसएस, एनसीसी, रेंजर और रेड रिबन क्लब सहित विभिन्न समितियों ने सहभागिता की। योगाचार्य ज्योति चुफाल ने छात्राओं, शिक्षकों और आगंतुकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, वज्रासन, ताड़ासन आदि का अभ्यास कराया। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. टीबी सिंह, प्रो. नरेंद्र कुमार, डा. रश्मि पंत, डा. हिमानी, डा. रेखा जोशी, डा. विद्या कुमारी, डा. नीता, डा. शरद, डा. बीना, डा. गीता, डा. तनुजा, डा. हेमलता, डा. चंद्र प्रकाश, डा. दिनेश जोशी, डा. स्वाति, डा. नेहा, डा. फकीर आदि मौजूद रहे।

## हीरानगर योग पार्क में शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नारायणी सेना की ओर से हीरानगर स्थित योग पार्क में एक विशाल योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक रोशन सिंह मेहरा ने बड़ी संख्या में उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों का प्रशिक्षण दिया। मुख्य अतिथि के रूप में शहर विधायक सुमित हृदयेश ने कार्यक्रम में शिरकत कर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के समापन पर नारायणी सेना के संस्थापक अध्यक्ष रूद्राक्ष सिंह बिष्ट ने सनातन जिम एंड योगा सेंटर, पीलीकोठी और नारायणी सेना के स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक संतुलन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद हल्द्वानी-काठगोदाम के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शोभा बिष्ट, लता बिष्ट, अक्षत पाठक और प्रकाश पाठक सहित कई गणमान्य व्यक्ति रहे।



## सकारात्मक दिशा का शक्तिशाली साधन: डा. गीतिका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को अजय योग एवं फिटनेस सेंटर हल्द्वानी द्वारा अमर गार्डन, डहरिया में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंस्पिरेशन स्कूल की चेयरपर्सन डा. गीतिका बल्यूटिया, विधायक सुमित हृदयेश, एसपी (सीआईडी) कमला बिष्ट, एक्रो योगी अजय तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच हेड नवीन निश्चल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। डा. गीतिका बल्यूटिया ने अपने संबोधन में कहा योग हमारे जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला एक शक्तिशाली साधन है। इसके नियमित अभ्यास से हम शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को सुधार सकते हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत योग प्रदर्शन रहा, जिसे सभी ने खूब सराहा। इस अवसर पर योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले योग साधकों को सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय योग एवं फिटनेस सेंटर के प्रशिक्षकों शालिनी कंवल, दीपक, आनंद, ज्योति एवं गौरव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर द्रौपदी गोयल, मनोज केसरवानी, रश्मि मर्तोलिया, विजय जयसवाल, भारती सतवाल, मनीष मर्तोलिया, गौरव मर्तोलिया, मनीष मित्तल, गुरमीत सिंह, विकास तिवारी मौजूद रहे।




## स्टेडियम में खिलाड़ियों ने किया योगाभ्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला खेल कार्यालय द्वारा शनिवार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 275 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत ने योग के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मनुष्य के भीतर चार प्रमुख शक्तियाँ जैसे शारीरिक शक्ति, विचार शक्ति, मानवीय शक्ति और चेतना शक्ति विद्यमान होती हैं। योग सत्र में सहज योग का संचालन विनोद त्रिपाठी द्वारा किया गया। इसके पश्चात जिला नैनीताल योग संघ के सचिव नवीन बोरा ने प्रतिभागियों को योगाभ्यास से संबंधित उपयोगी टिप्स दिए और नियमित योग की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में शुभांगिनी शाह, सुरेश चंद्र पांडे, त्रिलोक जीना, विनय जोशी, श्याम मनु भट्ट, महेश फर्त्याल, गोविंद लटवाल, मनीष वर्मा, अंकुश रौतेला, संजय गेड़ा, हिमांशु, विमला रावत, रितिका जोशी, कल्पित, किरण मौर्य, पूनम शिरोला, राहुल सिंह, गोपाल नेगी, कैलाश जोशी, हेमलता शाह और रीता पोखरिया मौजूद रहे।



## सिंथिया स्कूल में योग दिवस का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल से संबद्ध राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य डा.प्रवीण कुमार रौतेला, एनसीसी अधिकारी सेकेंड ऑफिसर बीबी जोशी, योग प्रशिक्षक दीपक जोशी और खेल प्रशिक्षक एसएस कपकोटी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रधानाचार्य डा. प्रवीण रौतेला ने कहा योग केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ मन और शरीर के लिए आवश्यक दैनिक अभ्यास है। इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करके ही हम वास्तव में स्वस्थ और सफल जीवन जी सकते हैं। इस मौके पर स्कूल के कोऑर्डिनेटर प्रदीप मित्रा, सुरेश चंद्र मिश्रा, बीएस बजेठा, मोहन चंद्र जोशी, पुष्कर सिंह राजपूत, केसी पंत, सुनीता तिवारी, रुचिता पांडेय, प्रफुल्ल पंत आदि मौजूद रहे।





## मुखानी में योग दिवस पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बड़ी मुखानी स्थित पीलीकोठी में शंभाजी शाखा मुखानी द्वारा योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने भी सहभागिता की और योगाभ्यास किया। कंचन कश्यप ने योग दिवस को केंद्र सरकार की एक सकारात्मक और दूरदर्शी पहल बताया। उन्होंने कहा कि योग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने वाले व्यक्ति चिंता, रोग और आलस्य से दूर रहते हैं। कार्यशाला में बच्चों, महिलाओं, पुरुषों और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योगासन किए। इस अवसर पर कश्यप निषाद एकता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद कश्यप ने लोगों से अपील की कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि इसे प्रतिदिन की आदत बनाएं। उन्होंने कहा कि नियमित योग से मानसिक व शारीरिक विकारों में उल्लेखनीय सुधार होता है। कार्यक्रम के संयोजक एवं भाजपा मुखानी मंडल के महामंत्री देवकीनंदन जोशी ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस ने बनाई रणनीति

## संगठित तरीके से लड़ा जाएगा चुनाव, भाजपा सरकार की नीतियां रहेंगी निशाने पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पंचायत चुनाव को लेकर शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय स्वराज आश्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।



बैठक में जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, प्रभारियों और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने प्रतिभाग लिया। बैठक में पंचायत चुनाव को मजबूती से लड़ने की रणनीति पर विचार किया गया। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरे जिले में संगठित तरीके से पंचायत चुनाव लड़ेगी और यही चुनाव-2027 के विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल साबित होगा।

उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने पूरे प्रदेश को भ्रष्टाचार और अव्यवस्था की गर्त में धकेल दिया है। पहले कमीशन फिर परमिशन के फार्मूले पर चल रही यह सरकार जनविरोधी फैसले ले रही है, जिससे आम जनता त्रस्त और भयभीत है। छिमवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रत्येक ब्लॉक और जिला पंचायत सीट पर अपने अधिकृत प्रत्याशी उतारेगी। इसके लिए आवेदन मंगाए जा चुके हैं और विचार-विमर्श के बाद जल्द ही सभी सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एक वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की कोर कमेटी का गठन किया जाएगा जो चुनाव की निगरानी करेगी और रणनीति तैयार करेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल ने भी पार्टी को संगठित रूप से चुनाव लड़ने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। सभी ब्लॉक अध्यक्षों और प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में संभावित प्रत्याशियों की सूची तैयार करने और स्थानीय कोर कमेटियों के गठन के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अधिकतर पदाधिकारियों ने कहा कि जनता भाजपा सरकार से नाराज है और कांग्रेस से उम्मीद लगाए बैठी है। सभी ने कांग्रेस के मजबूत प्रत्याशी उतारने की बात कही और भरोसा जताया कि इस बार पंचायत चुनाव में कांग्रेस की निर्णायक जीत होगी। बैठक में हरेंद्र बोरा, भोला दत्त भट्ट, उमेश कबड़वाल, भुवन दरम्वाल, शेखर दानी, मनमोहन कनवाल, कैलाश दुम्का, हेमंत पाठक, हेमंत बगड़वाल, गणेश आर्या, प्रेम मेहरा, कुंदन नेगी, महेश कांडपाल, मयंक भट्ट, तारा नेगी, मधु सांगुड़ी, राजेंद्र खनवाल, सुरेश जोशी, मनोज शर्मा, नवीन आर्या, दिनेश सांगुड़ी सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# आपूर्ति विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** खाद्य आपूर्ति विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही के खिलाफ पार्षद प्रीति आर्या ने जिलाधिकारी वंदना सिंह से शिकायत करते हुए विभागीय अधिकारियों के रवैये पर कड़ा ऐतराज जताया। शनिवार को पार्षद प्रीति आर्य ने जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि राशन कार्ड बनवाने के लिए विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आम जनता से अनावश्यक दस्तावेज मांगकर परेशान कर रहे हैं। जिनसे सुविधा शुल्क लिया जा रहा है, उनका काम तुरंत हो रहा है, जबकि जरूरतमंदों को टालमटोल का सामना करना पड़ रहा है। प्रीति आर्या की शिकायत पर जिलाधिकारी वंदना सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में चेताया कि जनता के साथ व्यवहार में सुधार लाया जाए और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।



इस मुद्दे पर युवा नेता हेमंत साहू ने भी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा इसकी शिकायत अगर एआरओ कार्यालय में की जाती हैं, लेकिन राशन चोरी को नजर अंदाज किया जाता है। साहू ने यह भी आरोप लगाया कि कई उपभोक्ताओं के पास सफेद और गुलाबी कार्ड होने के बावजूद उन्हें पीले कार्ड के तहत राशन दिया जा रहा है, जो नियमों के खिलाफ है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

# लो-वोल्टेज की समस्या का दो दिन में समाधान करें अधिकारी: भगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के जज फार्म स्थित जन मिलन केंद्र में शनिवार को क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं सड़क, बिजली, पानी और जलभराव के समाधान के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने की।



इस अवसर पर नगर आयुक्त ऋचा सिंह सहित जल संस्थान, लोक निर्माण विभाग लोनिवि, विद्युत विभाग, एडीबी, सिंचाई विभाग और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए विधायक भगत ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने लो-वोल्टेज की समस्या को दो दिनों के भीतर दूर करने के निर्देश दिए। पेयजल संकट पर सख्ती दिखाते हुए उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों को फटकार लगाई और जज फार्म एवं बी ब्लॉक में जलापूर्ति नियमित करने के निर्देश दिए। वहीं मुखानी और जेकेपुरम में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम को सोखता निर्माण कराने के लिए कहा गया। इसके साथ ही विधायक बंशीधर भगत ने अधिकारियों को आगामी वर्षा ऋतु के लिए अलर्ट मोड में रहने के निर्देश भी दिए। बैठक में पार्षद रेखा बिनवाल, राजेश पंत, बृजमोहन कोहली, विश्वभर कांडपाल, नारायण दत्त किरौला, उमेश बिनवाल, भगवान बोरा, अनुज भट्ट सहित जल संस्थान के ईई रवि शंकर लोसाली, विद्युत विभाग के बेघराज, लोनिवि के प्रत्यूष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अनुपस्थित सफाई कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर शनिवार को नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने वार्ड संख्या-18 में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में 17 में से केवल 5 सफाई कर्मचारी ही उपस्थित पाए गए, जिससे नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने गहरी नाराजगी जताई। सफाई व्यवस्था में भारी लापरवाही पाकर नगर आयुक्त ने अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने और संबंधित सफाई नायकों से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि मानसून सीजन में इस तरह की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी कर्मचारी जिम्मेदारियों से भागेगा, उसके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि बरसात के मौसम में जलभराव, कचरे की अव्यवस्था और स्वच्छता को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई नगर निगम की छवि और जनता की सेहत से खिलवाड़ है। इसलिए सफाई कर्मियों की पूर्ण उपस्थिति और नियमित निगरानी अनिवार्य है।



# नैनीताल बैंक ने लगवाया शिविर



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा शनिवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल तथा बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 60 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें सामान्य जांच, ब्लड प्रेशर तथा शुगर स्तर आदि शामिल थे। यह शिविर आम जनता की सेवा के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर नैनीताल बैंक के मुख्य परिचालन अधिकारी डा. दीपक पंत तथा मुखय वित्त अधिकारी महेश गोयल सहित बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बता दें कि नैनीताल बैंक समय-समय पर इस प्रकार के जनहितकारी सामाजिक कार्यों का आयोजन करता रहता है। बैंक का यह प्रयास न केवल सामाजिक जिमेदारी की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि यह स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने का भी माध्यम है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ु चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून

☎0135-2743363

R.N.I. No.UTTHIN2001/05656

मोबाइल-9720007290

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नीरज ने पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीता

**● नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.16 मीटर का थ्रो किया और जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ दिया**




**पेरिस, वार्ता।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88-16 मीटर का थ्रो किया और जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया। नीरज ने बताया कि वह डायमंड लीग में 90 मीटर के पार फेंकने की को. शिश में थे, लेकिन रन-अप तेज हो जाने के कारण वह अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए। उन्होने ओलंपिक्स डॉट काम से कहा कि मैं आज 90 मीटर से ज्यादा की उम्मीद कर रहा था, लेकिन रन-अप बहुत तेज था और मैं कंट्रोल नहीं कर सका। फिर भी डायमंड लीग जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि काफी समय बाद खिताब हासिल हुआ है। इससे पहले नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90-23 मीटर का थ्रो कर न केवल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंकी थी, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। हालांकि उस प्रतियोगिता में जूलियन वेबर ने 91-06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर उन्हें दूसरे स्थान पर धकेल दिया था। नीरज इस सीजन में चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जान जेलेजनी के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। जेलेजनी ने अपने करियर में 90 मीटर की दूरी 50 से अधिक बार पार की है और 1996 में 98.48 मीटर का भाला फेंक विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जो आज भी कायम है। नीरज ने कहा कि हम तकनीकों पर काम कर रहे हैं और उनके साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अगर मैं जान के साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं, तो 90 मीटर पार करना जरूरी है। उन्होंने यह कई बार कर दिखाया है। पूर्व कोच क्लाउस बार्टोनेट्ज के साथ नीरज ने छह बार 89 मीटर के करीब थ्रो किया था, लेकिन 90 मीटर का आंकड़ा नहीं छू पाए थे। अब जब उनसे पूछा गया कि क्या जान जेलेजनी का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके निशाने पर है, तो नीरज ने मुस्कराते हुए कहा कि पहले मुझे उनके कुछ छोटे रिकॉर्ड तोड़ने होंगे। पेरिस का स्टेडियम रिकॉर्ड 91. 40 मीटर भी उनके नाम है।

मैंने आज महसूस किया कि थ्रो अच्छा था, लेकिन उन्हें पीछे छोड़ना वाकई मुश्किल है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि वो 98 मीटर फेंक चुके हैं और 90 मीटर से ऊपर तो न जाने कितनी बार। शायद जब मैं 95 मीटर तक पहुंच जाऊं, तब कुछ कहने लायक बनूं। अभी के लिए मुझे बस मेहनत करते रहना है। इस सीजन में नीरज चोपड़ा की तैयारी का खास मकसद वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप है, जो सितंबर में टोक्यो में होगी। यही स्टेडियम है जहां नीरज ने 2021 ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा कि इस साल का सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप है। टोक्यो का स्टेडियम मेरे लिए खास है क्योंकि वहीं मैंने ओलंपिक गोल्ड जीता था। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। पिछली बार 2023 में बुडापेस्ट में नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए पहली बार इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मेरा लक्ष्य गोल्ड है।

# प्रज्ञानंदा एफआईडीई लाइव चेस रेटिंग में गुकेश से आगे रूटॉप

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेस ग्रैंड मास्टर रमेश बाबू प्रज्ञानंदा एफआईडीई लाइव चेस रेटिंग में टॉप-5 में पहुंच गए हैं। उन्होंने वर्ल्ड चैंपियन भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश से आगे निकल गए हैं। गुकेश छठे स्थान पर हैं। प्रज्ञानंदा का लाइव चेस रेटिंग 2777.2 तक पहुंच गया, जो गुकेश के 2776.6 से थोड़ा आगे है। प्रज्ञानंदा इस समय उज्बेकिस्तान शतरंज महासंघ की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित उजचेस कप मास्टर्स में हिस्सा ले रहे हैं।

पहले राउंड में ड्रा के बाद,प्रज्ञानंदा ने दूसरे राउंड में शानदार वापसी की और उज्बेकिस्तान के शम्सिद्दीन वोखिदोव को सफेद मोहरों से हराया। वह वर्तमान में 1.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से टाप पर हैं। एफआईडरई लाइव चेस रेटिंग में टाप-10 में तीन भारतीय एफआईडरई लाइव चेस रेटिंग में टाप-10 में तीन भारतीय रह गए हैं। इससे पहले पिछली बार जारी रेटिंग में टॉप-10 में चार भारतीय थे। जिनमें प्रज्ञानंदा, गुकेश, अर्जुन व अरविंद चिदंबरम शामिल थे। अरविंद ने आर्मेनिया में आयोजित 6वें स्टीफन अवाग्यान मेमोरियल में खिताब जीता था। 20 जून को जारी रेटिंग में अर्जुन और अरविंद चिंतबरम को नुकसान हुआ है। अर्जुन तीसरे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनका रेटिंग 2780.7 रह गया है। वहीं, अरविंद टॉप-10 से बाहर हो कर 15 पर पहुंच गए हैं।

**खेल विशेष**

## इंग्लैंड के गेंदबाजी के फैसले पर दो दिग्गज भिड़े

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लीड्स के हेडिंग्ल में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। अब इसकी खूब आलोचना हो रही है। इंग्लैंड से जुड़े दो दिग्गज ही आपस में भिड़ गए हैं। इंग्लिश टीम के पूर्व कप्तान माइकल वान और मौजूदा इंग्लैंड टीम के गेंदबाजी सलाहकार टिम साउदी का इस मामले को लेकर बयान सामना आया है। वान ने पहले गेंदबाजी के फैसले की आलोचना की है, तो वहीं साउदी ने फैसले का बचाव किया है। पूर्व कप्तान माइकल वान हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा इंग्लैंड टीम का मजबूत पक्ष निश्चित रूप से उसकी बल्लेबाजी है, गेंदबाजी नहीं। वान ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा, श्मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं। इंग्लैंड की मौजूदा टीम का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। उसकी गेंदबाजी में इस समय अनुभव की कमी है। स्टोक्स को स्पष्ट रूप से अपनी अंदरूनी भावना का अहसास था और कभी-कभी यह कारगर भी रहा। स्टोक्स के 2022 में कप्तान और ब्रेंडन के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने ज्यादातर टेस्ट में पहले फील्डिंग करना पसंद किया है। स्टोक्स का निर्णय इस मैदान के हालिया रिकार्ड से भी प्रभावित हो सकता है, जहां पिछले छह टेस्ट मैचों में पहले फील्डिंग करने वाली टीम ने मैच जीता है, लेकिन वान इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आपको हमेशा उसी क्षण अपने निर्णय लेने होते हैं, न कि उन बातों के आधार पर जो आपने वर्षों पहले या अन्य समय में किए थे। अतीत के फैसलों का मौजूदा स्थिति में लिए गए फैसलों पर कोई असर नहीं पड़ता।

# शतक से दौरे की शुरुआत यादगार क्षण: जायसवाल

**● यशस्वी ने गंभीर के नेतृत्व में टीम के माहौल और तैयारी को दिया श्रेय**




**लीड्स, वार्ता।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड में अपने पहले टेस्ट शतक को भारतीय क्रिकेट में एक नए युग का हिस्सा बताया और हेडिंग्ले में यादगार प्रदर्शन के लिए गौतम गंभीर के नेतृत्व में टीम के माहौल, नेतृत्व और तैयारी को श्रेय दिया। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड में पदार्पण शतक लगाने वाले जायसवाल ने कहा कि इस तरह से दौरे की शुरुआत करना एक विशेष क्षण था। उन्होने कप्तान शुभमन गिल के साथ सौहार्द की प्रशंसा की, जिन्होंने भी शतक बनाया। दिन के खेल की समाप्ति पर जायसवाल ने कहा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने, कड़ी मेहनत करने और देश के लिए प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम का माहौल शानदार रहा है। हमें अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आज़ादी दी गई है और इससे वाकई मदद मिली है। अपनी तैयारी के बारे में जायसवाल ने बताया कि गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में बेंगलुरु में इंडिया ए के लिए खेलना बहुत महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा कि हमारे पास कुछ गहन सत्र और बहुत सारी तकनीकी चर्चायें थीं। गौतम सर बहुत सहायक थे। मुझे कड़ी मेहनत करने में मज़ा आया और इससे मुझे यहां आने का आत्मविश्वास मिला। पारी के दौरान ऐंठन का अनुभव करने के बावजूद, जायसवाल ने कहा कि वह स्थिति को संभालने और गेंदबाजी चुनौतियों के अनुकूल होने पर केंद्रित रहे। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान ऐसे क्षण भी आये जब मुझे धीमा होना पड़ा, फ़ील्ड प्लेसमेंट का आकलन करना पड़ा और उसके अनुसार खेलना पड़ा। टीम की ज़रूरतों के हिसाब से बल्लेबाज़ी करना महत्वपूर्ण था। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों में शतक बनाने पर विचार करते हुए, बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि मैं जहां भी जाता हूँ और जब भी खेलता हूँ, मेरा लक्ष्य हमेशा बड़ा स्कोर बनाना होता है। मुझे शतक बनाने में मजा आता है और मुझे वह एहसास बहुत पसंद है। बेशक, कुछ पल बहुत खास होते हैं। इंग्लैंड में डेब्यू शतक, खासकर जब हमारे कप्तान शुभमन ने भी शतक बनाया। यह इसे और भी यादगार बना देता है। किसी भी चीज़ का पहला प्रदर्शन हमेशा खास होता है और भारतीय क्रिकेट के लिए ऐसे मंच पर ऐसा करना कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा याद रखूँगा। उन्होंने कहा कि हम सत्र दर सत्र खेलना चाहते थे, ढीली गेंदों को दंडित करना चाहते थे और स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाना चाहते थे। हमने वास्तव में एक साथ बल्लेबाजी का आनंद लिया। जायसवाल ने कहा कि मैंने बस खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका देने की कोशिश की। मैंने अपने खेल और मान. सिकता पर ध्यान केंद्रित किया। प्रारूप से ज्यादा तैयारी मायने रखती थी। हमें खेल का लुत्फ़ उठाने और खुलकर खेलने के लिए कहा गया है। ड्रेसिंग रूम से मिलने वाला यह आत्मविश्वास बहुत मदद करता है।

# भारत की युवा ब्रिगेड ने पहले दिन इंग्लैंड को किया निराश: टिम साउथी

**● कहा: जायसवाल के साहस और कप्तान शुभमन के सयंम ने इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया**



**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड टीम के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने कहा कि टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला कप्तान बेन स्टोक्स ने परिस्थितियों को देख कर लिया था मगर भारत की युवा ब्रिगेड ने अपने प्रतिभाशाली प्रदर्शन से उनके गेंदबाजों को अब तक निराश किया है।

मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में साउथी ने शुक्रवार को कहा कि इंग्लैंड को उम्मीद थी कि खेल के पहले सत्र में पिच गेंदबाजों को मदद करेगी और शुरुआती विकेट निकाल कर मेहमान टीम पर दवाब बनाया जा सकता है मगर यशस्वी जायसवाल के साहस और कप्तान शुभमन गिल के संयम ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। गौरतलब है कि हेडिंग्ले की सूखी पिच पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट खोकर 359 रन बनाये थे जिसमें यशस्वी जायसवाल (101) और शुभमन गिल (127 नाबाद) के शानदार शतक शामिल है। उधर, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने मौजूदा कप्तान बेन स्टोक्स के पहले क्षेत्ररक्षण के फैसले पर हैरानगी जतायी है। उन्होने कहा कि लीड्स में मौसम शुष्क था और धूप खिली हुयी थी। ऐसी परिस्थितियों बल्लेबाजी के अनुकूल होती हैं। वैसे भी इंग्लैंड का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। साउथी ने कहा कि जब आप पिच का आकलन करते हैं तो उसी के आधार पर फैसला करते हैं। यह जरूरी नहीं है कि हर बार आपका फैसला सही

# काले मोजे में मैदान पर उतरे शुभमन गिल

**● भारतीय कप्तान की यह चूक उन पर पड़ सकती है भारी, आईसीसी उठा सकता है सख्त कदम**

**लीड्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में शुरू हुए टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल काले मोजे में मैदान पर उतरे, जो कि आईसीसी के नियमों का उल्लंघन है। गिल ने शुक्रवार को लीड्स के पहले दिन शानदार बल्लेबाजी की थी और टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा। वह 127 रन बनाकर नाबाद हैं। बतौर कप्तान टेस्ट डेब्यू पर शतक लगाने वाले वह छठे भारतीय बने। यह एशिया के बाहर भी उनका पहला शतक रहा। गिल के अलावा ऋषभ पंत 65 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि यशस्वी जायसवाल 101 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, साई सुदर्शन खाता नहीं खोल सके, जबकि केएल राहुल ने 42 रन की पारी खेली। अपनी कप्तानी में शानदार शुरुआत के बावजूद, गिल को आईसीसी के कपड़ों के नियमों के उल्लंघन के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। संभावित उल्लंघन उनके पहले दिन की पारी के दौरान काले मोजे पहनने के कारण हो सकता है। आईसीसी के वस्त्र और उपकरण नियमों के खंड 19.45 के मुताबिक, खिलाड़ियों को केवल सफेद, क्रीम या हल्के ग्रे रंगों के मोजे पहनने की अनुमति है। यह नियम मई 2023 में लागू हुआ था। वनडे में भी इन्हीं तीन रंगों की अनुमति है।

## भारत के खिलाफ 5वें टेस्ट तक फिट हो पाएंगे मार्क वुड

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड को उम्मीद है कि वह भारत के खिलाफ 31 जुलाई से ओवल में खेले जाने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले फिट होकर चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। वुड फिलहाल घुटने की सर्जरी के बाद 'रिहैबिलिटेशन' की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को इस वर्ष की शुरुआत में चौंपियंस ट्राफी के दौरान बाएं घुटने में चोट लगी थी और मार्च में उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। वुड ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा कि रिहैब अच्छा चल रहा है। मैंने अभी हल्की गेंदबाजी शुरू की है, इसलिए मैं अब वापसी की राह पर हूं। मुझे अब भी इस सीरीज में खेलने की उम्मीद है, इसलिए मैं उन खिलाड़ियों पर नजर रख रहा हूं जिनसे मेरा सामना हो सकता है।

**लीड्स में टीम इंडिया के प्रदर्शन से तेंदुलकर बेहद खुश**

# मुझे 2002 के हेडिंग्ले टेस्ट की याद आ गई: सचिन



**● टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ**

**लीड्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ, क्योंकि कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 127) और यशस्वी जायसवाल (101) ने सुखी पिच पर शतक लगाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

इसके अलावा उपकप्तान ऋषभ पंत (नाबाद 65) ने अर्धशतक लगाया, जबकि केएल राहुल ने 42 रन की पारी खेली। भारत की बल्लेबाजी देखकर महान सचिन तेंदुलकर भी बेहद खुश हुए। उन्होंने इस युवा और नए टीम इंडिया की तारीफ की है। सचिन ने कहा कि उन्हें भारत की बल्लेबाजी देखकर 2002 के हेडिंग्ले टेस्ट की याद आ गई। साथ ही उन्होंने सवाल भी पूछा कि उस टेस्ट की तरह मौजूदा मुकाबले में भारत का तीसरा शतकवीर कौन होगा? इस पर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का भी मजेदार जवाब आया और उन्होंने कहा कि इस बार तीन नहीं चार शतक लगेंगे। दरअसल, भारत की बल्लेबाजी देखकर सचिन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवार द्वारा रखी गई ठोस नींव ने भारत को पहले दिन अच्छा स्कोर बनाने में सक्षम बनाया। यशस्वी और शुभमन गिल को उनके शानदार शतकों के लिए बधाई। ऋषभ पंत का योगदान टीम के लिए उतना ही महत्वपूर्ण था। भारत की बल्लेबाजी ने मुझे 2002 में हेडिंग्ले टेस्ट की याद दिला दी, जब राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली और मैंने पहली पारी में शतक बनाए थे और हम टेस्ट जीत गए थे। यशस्वी और शुभमन ने अपना काम कर दिया है। इस बार तीसरा शतक कौन लगाएगा?श इस पर गांगुली ने जवाब दिया और लिखा, श्हाय चौंप! इस बार तीन नहीं चार शतक हो सकते हैं। सतह बल्लेबाजी के लिए अच्छी है। अब पंत और शायद करुण शतक लगा सकते हैं। 2002 में पहले दिन की सतह इससे थोड़ी अलग थी। इस कमेंट पर सचिन ने फिर जवाब दिया और फिंगर्स क्रास्ड का इमोजी बनाया। वहीं, भारत के दिग्गज आलराउंडर युवराज सिंह ने भी गिल की तारीफ की। युवी ने लिखा कि कुछ चीजें आपके सितारों में साफ लिखी होती हैं। टेस्ट कप्तान के तौर पर पहले शतक और वह भी विदेशी धरती पर... इसके लिए गिल को बधाई।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपिनशिप के शुभंकर 'विराज' का हुआ अनावरण

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और अभिनेत्री सांसद कंगना रनौत ने विश्व पैराएथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया। यहां आयोजित एक समारोह में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड एंबेसडर कंगना रनौत ने 27 सितंबर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया गया। इस अवसर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल भारत की खेल शक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि पैरा खिलाड़ियों के अदम्य साहस, जज्बे और जुझारूपन का महोत्सव है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में पीएम के नेतृत्व में खेल जगत में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। विशेषकर पैरा खिलाड़ियों को दी गई विश्वस्तरीय सुविधाओं और सम्मान ने भारत को पैरा गेम्स में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

**तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी**

# भारत के 471 रन, इंग्लैंड एक विकेट पर 89 रन

**● गिल ने 147, पंत ने 134 और यशस्वी जायसवाल ने 101 रन की शतकीय पारियां खेली**

**लीड्स, वार्ता।** भारत तेंदुलकर-एंडरसन ट्राफी के पहले टेस्ट की पहली पारी में 471 रन पर आलआउट हो गया है। इंग्लैंड ने पहली पारी में एक विकेट पर 89 रन बना लिए हैं। बेन डकेट और ओली पोप नाबाद हैं। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं।

जैक क्राली 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने करुण नायर के हाथों कैच कराया। हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को भारतीय टीम ने 359/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया और आखिरी 7 विकेट 112 रन बनाने में गंवाए। कप्तान शुभमन गिल ने 147, ऋषभ पंत ने 134 और यशस्वी जायसवाल ने 101 रन की शतकीय पारियां खेलीं। केएल राहुल ने 42 रन का योगदान दिया। 23 साल बाद ऐसा हुआ है, जब इस मैदान पर तीन भारतीय बैटर्स ने एक पारी में शतक लगाए हैं। इससे पहले, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने 2003 में शतक लगाया था।

इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स और जोश टंग ने 4-4 विकेट झटके। ब्रायडन कार्स और शोएब बशीर को एक-एक विकेट मिला। 15वें ओवर में ओली पाप को अंपायर्स काल पर आउट होने से बचे। सिराज की बाल पाप के पैड पर लगी, लेकिन फील्ड अंपायर ने अपील नकार दी। यहां भारतीय कप्तान गिल ने डीआरएस लिया। रिप्ले से पता चला कि बाल स्टंप के ऊपरी हिस्से पर लगने वाली थी, लेकिन पाप अंपायर काल के कारण आउट होने से बचे। ओली पाप ने 12वां ओवर डाल रहे प्रसिद्ध कृष्णा की बाल पर लगातार दो चौके मारे। उन्होंने 5वीं और छठी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। इसी ओवर में बेन डकेट और ओली पाप ने दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की। 7वें ओवर में बेन डकेट को दूसरा जीवनदान मिला।

बुमराह के ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा से बैकवर्ड पाइंट्स पर डकेट का कैच ड्राप हुआ। इससे पहले 5वां ओवर डाल रहे बुमराह की 5वीं बाल यशस्वी जायसवाल से कैच ड्राप हो गया था। बेन डकेट और ओली पाप की जोड़ी इंग्लैंड को दबाव से निकालने की कोशिश कर रही है।

# वोंद्रोसोवा बर्लिन ओपन के फाइनल में

**● मार्केटा ने बेलारूस की एरिना सबालेंका को 6-2, 6-4 से हराया**

**बर्लिन, वार्ता।** छठी वरीयता प्राप्त चेक खिलाड़ी मार्केटा वोंद्रौसोवा ने शनिवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारुस की एरिना सबालेंका को 6-2, 6-4 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

स्टेफी ग्राफ स्टेडियम में वोंद्रौसोवा ने शुरु से आक्रामक रवैया अख्तियार किया और पहलला सेट आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में 27 वर्षीय सबालेंका ने वापसी का प्रयास किया मगर वोंद्रौसोवा के आगे उनकी नहीं चली और उन्होने आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले सबालेंका ने शुक्रवार को एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया था। वोंद्रौसोवा ने अब तक दो एकल खिताब अपने नाम किये जीते हैं, जिसमें 2023 विंबलडन चैंपियनशिप भी शामिल है। वह लवबलडन महिला एकल खिताब जीतने वाली पहली गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। वह 2019 फ्रेंच ओपन में उपविजेता भी रही और 2020 टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता है।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर से देहात तक खूब किया गया योग

## नेहरू स्टेडियम में बड़ी तादाद में शहर वासियों ने योग कार्यक्रम में की शिरकत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नेहरू स्टेडियम में जहां बड़ी तारा आदमी लोग योग करने पहुंचे तो भाजपा सुभाष गंज मंडल के द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष,विधायक समेत कई भाजपा पदाधिकारी शामिल रहे और योग कर स्वास्थ्य लाभ कमाया।

पुरानी तहसील में मंडल अध्यक्ष अवनीश शर्मा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में योगाचार्य नीतू धीमान ने लोगों को योग करवाया उन्होंने प्रत्येक आसन का लाभ बताने के साथ निरंतर योग करने का आह्वान किया। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि योग पद्धति भारत की देन है जिसे आज पूरे विश्व ने अपना लिया है और योग के माध्यम से विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए निरंतर योग करना आवश्यक है। जिलाध्यक्ष डॉक्टर मधु सिंह ने कहा योग केवल एक दिन बल्कि निरंतर करने वाली पद्धति है और अपने दैनिक जीवन में अपनाकर अपने आपको स्वस्थ रखा जा सकता है। मंडल अध्यक्ष अवनीश शर्मा ने कहा कि योग देश की हजारों वर्ष पुरानी पद्धति है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में फैलाया आज विश्व भर के कई देशों में लोग योग कर स्वस्थ लाभ कमा रहे हैं। कार्यक्रम में पार्षद संजीव राय टोनी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष नील कमल शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि राणा,जसबीर पाल,देव कुमार धीमान,संजय शर्मा,अमित सिंघल,संदीप गर्ग,बृजभूषण धीमान,प्रवीण कश्यप,राकेश,सुशील कुमार,राम गोपाल शर्मा,अमित अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## न्यायालय परिसर में न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं ने भी किया योग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रूडकी कचहरी न्यायालय परिसर में न्यायधीशों वे अधिवक्ताओं ने भी योग किया।

इस अवसर पर मुख्य परिवार न्यायधीश भारत भूषण पांडय, अपर मुख्य न्यायधीश इमरान अली, अपर मुख्य न्यायधीश बुशरा, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय उदीसा सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर सिविल जज नवल सिंह बिष्ट आदि ने अधिवक्ताओं के साथ मिलकर कोर्ट परिसर में योग किया। इस अवसर पर मुख्य परिवार न्यायधीश ने कहा कि योग से हम स्वस्थ रह सकते हैं। तमाम बीमारियों को योग से ही दूर किया जा सकता है। इसलिए थोडा वक्त निकालकर अगर प्रतिदिन योग किया जाये तो हम पूरे जीवन स्वस्थ रह सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व बार अध्यक्ष प्रवीण तोमर, बार सचिव पंकज राठी, दिनेश धीमान, संदीप, श्रीकांत, अमित आदि सहित कोर्ट के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## निरोगी जीवन के लिए योग बहुत जरूरी:सुबोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** आज भगवानपुर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में भारतीय जनता पार्टी तत्वाधान में आज 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर सैकड़ो लोगों ने और साथ ही छात्र संघ ने योग अभ्यास किया। इस शुभ अवसर पर भगवानपुर विधानसभा के नेता सुबोध राकेश ने सभी से अपने विचारों में कहा कि हम सभी को प्रत्येक सुबह को योग करना चाहिए जिससे हमारा शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है। इस शुभ अवसर पर ऋषिपाल चौधरी योग गुरु, पंडित जगन्नाथ जी, अश्विनी गर्ग, मंडल अध्यक्ष विराट गोयल, महामंत्री हिमांशुचौधरी, उमेश चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील बंसल, सुधीर चौधरी, सतविंदर प्रधान, और सैकड़ो लोगों ने इस मौके पर योग किया।

## लक्सर गन्ना समिति चुनाव में जीते प्रत्याशियों का समर्थकों ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** गन्ना समिति में डेली गेट के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गए हैं जिसमें पुलिस प्रशासन ने कड़ी मेहनत कर शांति व्यवस्था को संभाले रखा आज चुनाव के दौरान बहुत ही उतार चढ़ाव देखने को मिला जिसमें कई जगह पुलिस को भी शक्ति दिखानी पड़ी पुलिस की शक्ति से गन्ना समिति के डेली गेट के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गए जीतने वाले प्रत्याशी फूल मालाओं से नारेबाजी करते हुए अपने घर को चले गए और हारने वाले प्रत्याशी चुपचाप बगैर कुछ कहे पतली गली से निकल गए कुछ जगह दोबारा से काउंटिंग भी की गई सभी चुनाव जीतने व हारने वालों ने पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया चुनाव जीतने वाले प्रत्याशियों व उनके परिजनों ने कहा कि लोगों ने हमें दिलो जान से सहयोग किया है जिसे हम तहे दिल से धन्यवाद करते है

## राजकीय उत्तर मा. सालियर में लगा योग शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राउमा सालियर, रुड़की में योग शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राउमा, सालियर, रुड़की में प्रात: 6:30 बजे से विद्यार्थियों हेतु एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन को सुदृढ़ करने हेतु प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, वीरभद्रासन, अर्धचक्रासन, कपालभाति आदि योगाभ्यास कराए गए। उन्होंने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नियमित योग करने हेतु प्रेरित किया।इस अवसर पर सायमा मैम, श्री सलीम अहमद सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई। योग शिविर ने विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और योग के लाभों को समझने की दिशा में एक सार्थक पहल की।

## आर्मी पब्लिक स्कूल में योग दिवस की धूम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 रुड़की में दिनांक 21-6 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ मनाया गया। इस वर्ष योग दिवस पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा निर्देशित कामन योग प्रोटोकॉल के तहत थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' अंतर्गत पूरे भारत में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 रुड़की विद्यालय परिसर में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के लिए सामूहिक रूप से योग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में योग के महत्व को बताते हुए विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास योगाचार्य श्रीमती रचना सतीजा जी के कुशल निर्देशन में कराया गया। इस कार्यक्रम में क्रमानुसार एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के अंतर्गत निर्धारित योगासनों का अभ्यास उनका महत्व बताते हुए करवाए गए । जिसमें बताया गया कि योग करने से मानसिक तनाव से राहत, शारीरिक और मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने, संतुलन बनाए रखने, सहनशक्ति में सुधार समेत अन्य कई तरह के लाभ मिलते हैं। वृक्षासन, मकरासन, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम ,कपालभाति, पवनमुक्तासन एवं पद्मासन जैसे अनेक योगासनों का अभ्यास कराया गया। यह योगासन न केवल बड़ों बल्कि छात्रों के लिए भी अत्यंत लाभकारी बताए गए जिसमें एकाग्रता को बढ़ाने के लिए ध्यान मुद्रा एवं मानसिक तनाव को कम करने वाले अनेक आसनों के बारे में बताया गया। साथ ही साथ सभी ने योग दिवस के लिए निर्धारित संकल्प "हमें अपने मन को हमेशा संतुलित रखना है इसी में ही हमारा आत्म विकास समाया हुआ है" को आत्मसात किया। प्रधानाचार्या सुश्री ऋतु डोगरा के कुशल दिशा निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम से विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

## न्यायालय नैनीताल के आदेश पर नहीं हटा सरकारी जमीन से अवैध कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उच्च न्यायालय ननैनीताल के द्वारा दिये गए आदेश पर अभी तक सरकारी जमीन से कब्जा नहीं हटाया गया है जिसमें ऐसा प्रतित हो रहा है की ग्राम प्रधान की भी मिली भगत है।

जानकारी के अनुसार रविंदर कुमार अब्दिपुर ने कहा की हम अवैध कब्जे की शिकायत बहुत पहले से करते चले आ रहे हैं उसके बाद भी कोई सरकारी जमीन से अवैध कब्जा नहीं हटाया गया है उन्होंने कहा मजबूर होकर हमने उच्च न्यायालय नैनीताल में याचिका दायर की थी न्यायालय के आदेश पर तत्कालीन एसडीम पुरण सिंह राणा ने पुरी जमीन से अवैध कब्जा हटवा दिया था और सरकारी जमीन खाली करा दी गई थी उसके बाद फिर कुछ लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है और पापुलर के पेड़ भी काट लिए हैं जिसकी हमने फिर न्यायालय से गुहार लगाई न्यायालय के द्वारा लक्सर एसडीम को 10 दिन के भीतर सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिये गए उन्होंने कहा हम एसडीम लकसर से मीले उन्होंने कहा की 8 दिन के भीतर सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटवा दिया जाएगा उन्होंने कहा की अगर 8 दिन के भीतर तहसील प्रशासन ने अवैध कब्जा नहीं हटवाया तो मजबूर होकर हम फिर से न्यायालय का सहारा लेंगे जिसकी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी

## संत निरंकारी मिशन ने किया योग दिवस पर देशव्यापी आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रूड़की, 21जून, 2025 -संत निरंकारी मिशन द्वारा 'अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर शनिवार, 21 जून 2025 को प्रात: 6:00 बजे बी, एस ,एम, तिरहे के पास संत निरंकारी सत्संग भवन मे ष्योग दिवसष्का भव्य आयोजन किया गया, जिसमे स्थानीय योग प्रशिक्षक ब्रिजपाल सिंह एवं संगीता बहन के मार्ग दर्शन मे श्रद्धालु, सेवादल स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिको ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जानकारी के अनुसार ब्रांच इंचार्ज सागर कुकडेजा ने जानकारी देते हुऐ बताया की आज भारत वर्ष के 1000 से अधिक स्थानों पर एक साथ ष्योग दिवसष् का आयोजन किया गया,जिसमे रूड़की ब्रांच भी शामिल है। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित 'अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस' का विषय-'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है जो सम्पूर्ण मानवता को यह संदेश देता है कि व्यक्ति का वास्तविक स्वास्थ्य तभी पूर्ण माना जाता है जब वह शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक रूप से संतुलित और जागरूक हो। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए संत निरंकारी मिशन अपने आध्यात्मिक और सामाजिक प्रयासों के अंतर्गत योग को समग्र कल्याण का माध्यम मानते हुए निरंतर प्रयासरत है। योग भारत की एक प्राचीनतम विद्या है, जो न केवल शरीर को सबल बनाती है बल्कि मन को शांत और आत्मा को जागृत करने की क्षमता भी रखती है। इसके नियमित अभ्यास से तनाव, असंतुलन और रोगों से बचाव करते हुए व्यक्ति आत्मिक शांति और सामाजिक सौहार्द की दिशा में अग्रसर होता है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में ऐसे आयोजनों का मूल उद्देश्य यही है कि हम स्वयं के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और एक सुखद, संतुलित एवं शांतिपूर्ण जीवन जीने की ओर बढ़ें।

## योग व प्राणायाम स्वस्थ जीवन के लिए एक साधना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** विश्व योग दिवस पर ईडीजी रवि प्रकाश एवं सी ए शालिनी प्रकाश के निवास पर भारत विकास परिषद समर्पण शाखा द्वारा आयोजित योग दिवस के उपलक्ष में आयोजित योग शिविर में रुड़की की कर्मठ योगाचार्या डॉ मधुलिका चौधरी ने कहा कि योग एवं प्राणायाम हमारे जीवन के लिए एक साधना है जिसे हम अपने जीवन में जितना अभ्यास करेंगे उतना ही हमारा शरीर स्वस्थ होगा।योग से केवल हमारा शरीर ही नहीं मन, मस्तिष्क, बुद्धि ज्ञान,स्मरण शक्ति, एवं शरीर में कार्य करने की क्षमता बढती है।इस अवसर पर डॉ अजय भार्गव, डॉ प्रदीप रस्तोगी,प्रो राजेश चन्द्रा ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रीमती अरुण कुमारी प्रकाश पूज्य माता जी रवि प्रकाश जी जिनके सांनिध्य एवं आशीर्वाद में योग शिविर सम्पन्न हुआ में अध्यक्ष राकेश गर्ग, सचिव विकास गोयल सह सचिव,दीपक कंसल ,हर्ष प्रकाश काला, डॉ एस के जैन, रश्मि जैन महिला संयोजिका,रवि गोयल,संजय सिंह, प्रवीण गर्ग,वेणू मोहन मौनिका गर्ग, श्वेता अग्रवाल, संदीप गोयल,अल्का गोयल आदि ने योग दिवस पर लाभ लिया।अन्त में रवि प्रकाश जी एवं शालिनी प्रकाश द्वारा पोष्टिक नाश्ता के साथ शिविर का समापन हुआ।

## फार्म हाउस में मिले शव की धर्मेंद्र के रूप में हुई शिनाख्त

**बुग्गावाला।** बुग्गावाला थाना क्षेत्र के तेलपुरा गांव स्थित एक फार्म हाउस में शुक्रवार को मिले अज्ञात शव की शिनाख्त धर्मेंद्र पुत्र राजपाल निवासी तेलपुरा के रूप में हो गई है। पुलिस ने बताया कि मृतक पिछले कई दिनों से लापता था। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद उन्होंने गांव में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने मौके से एक पानी की बोतल और दो जहरीले पदार्थों के पैकेट बरामद किए हैं। थाना प्रभारी भगवान मेहर ने बताया कि शव की स्थिति देखकर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## नशे मे वाहन चलाने पर कई चालक किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली रुडकी पुलिस द्वाराआपरेशन लगाम के तहत कारवाही की गयी। इसी के तहत नशे मे वाहन चलाने पर किया' एक वाहन चालक को गिरफ्तार कर वाहन को किया सीज कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली रुडकी पुलिस द्वाराआपरेशन लगाम के तहत कारवाही की गयी। जिसमें एक वाहन चालक पकडा है। जो गाड़ी में हूटर बजाकर दिखा रहा था हेकड़ी। पुलिस ने बताया कि आरोपी लाल नीली लाइट का भी दुरुपयोग कर रहा था। दिनाँक 20.06.2025 को रूडकी पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान स्कोर्पियो मे पुलिस की जैसी लाईटे लगाकर वाहन को गलत दिशा मे चला रहा है व लोगो से उलझ रहा है इस पर रूडकी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये वाहन संख्या 6530 के चालक अरिहन्त पुत्र स्व0 संजीव गुप्ता निवासी 16 पुरानी तहसील रुड़की जनपद हरिद्वार को वाहन सहित गिरफ्तार किया गया जो शराब के नशे में वाहन चल रहा था जिसकी विरूध्द अंतर्गत धारा 185 मोटर वाहन अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की गयी । पुलिस टीम उ0नि0 आनन्द मेहरा कोतवाली रूडकी हेकानि0 प्रवीण कोतवाली रूडकी कानि0 26 तेजवीर राणा कोतवाली रूडकी कांस्टेबल रणबीर कांस्टेबल चालक विशू आदि शामिल रहे।

## जीआईसी लाठरदेवा हूण में किया गया योग

**झबरेड़ा।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण नारसन के प्रांगण में 11वां योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। योग दिवस के अवसर पर शिवानी, शैली, मुस्कान, चिंकी, आंचल, प्रियांशी, लक्ष्मी, हिमानी, मुस्कान, जागृति, अंजलि, प्रियांशु, प्रिंस, राहुल, गौरव एवं अब्दुल रहमान आदि ने उपस्थित होकर योग दिवस का आनंद लिया। योग कार्यक्रम योग गुरु अमित लोहान के निर्देशन में संपन्न हुआ जिसके अंतर्गत पीएम श्री प्रभारी विपुल सालार, संगीत प्रशिक्षक उमेश नैथानी, सूरजभान, पंचराम चमोली, अनु, एवं आलोक द्विवेदी आदि ने ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया। अंत में पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण नारसन के प्रधानाचार्य चंद्रपाल सिंह ने योग दिवस के अवसर पर सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## पंजीकरण के नाम पर 88 हजार की ठगी

**रुड़की।** सिक्योरिटी गार्ड एजेंसी संचालक को साइबर ठगों ने शिकार बनाते हुए बैंक खाते में पड़ी रकम उड़ा ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत साईबर सेल में की है। रुड़की के सुभाष नगर निवासी जितेंद्र मलिक एक सिक्योरिटी गार्ड एजेंसी चलाते हैं। उन्हें मुजफ्फरनगर में एक चिकित्सक के यहां उपचार के लिए अपना पंजीकरण करवाना था। तभी उनके किसी परिचित ने बताया कि वहां के लिए ऑनलाइन पंजीकरण हो जाता है और परिचित द्वारा एक लिंक उन्हें भेजा गया। लिंक पर जितेंद्र मलिक ने क्लिक किया तो वहां से पंजीकरण के लिए पांच रुपए टोकन मनी के रूप में मांगे गए।

## मांगो को लेकर 23 को देहरादून में गरजेगें शिक्षक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एससी-एसटी शिक्षक ऐसोसिएशन 23 जून को मांगो को लेकर राजधानी देहरादून में गरजेगा। शनिवार को ऐसोसिएशन ने प्रीत विहार स्थित अम्बेडकर भवन में बैठक कर रणनीति बनाई। बैठक की।

जानकारी के अनुसार अध्यक्षता कर रहे गढवाल मंडल महामंत्री मांगेराम मौर्य ने कहा कि काफी समय से ऐसोसिएशन शिक्षकों की मांगो को लेकर शासन-प्रशासन को मांग पत्र देता आ रहा है, लेकिन अभी तक सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग सकी है, जिसे देखते हुए सरकार को जगाने के लिए ऐसोसिएशन की ओर से अब 23 जून को सचिवालय घेराव का निर्णय लिया गया है। जिला संरक्षक मेघराज सिंह ने कहा कि आंदोलन को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। हजारों की संख्या में शिक्षक शांतिपूर्ण तरीके से पैदल मार्च करते हुए सचिवालय पहुंचेंगे। जहां घेराव किया जाएगा। बैठक में पूर्व जिला संरक्षक योगराज सिंह, बसंत लाल, जीतपाल सिंह, चंद्र प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## हल्की बारिश में ही पानी से लबालब हो जाता है रायपुर भगवानपुर औद्योगिक क्षेत्र, उद्यमी परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** क्षेत्र के रायपुर औद्योगिक क्षेत्र में बरसात शुरू होते ही जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई है सरकार द्वारा अभी भी औद्योगिक क्षेत्र की जल निकासी का संपूर्ण समाधान नहीं हो पाया है।

जानकारी के अनुसार भगवानपुर के रायपुर उद्योग क्षेत्र में जल भराव की समस्या काफी लंबे समय से चली आ रही है सरकार ने बीते वर्ष जल निकासी को लेकर एक सिवर लाइन का निर्माण कराया भी था परंतु उद्योग क्षेत्र में अभी दर्जनों रास्ते ऐसे हैं जहां पर नालों का निर्माण नहीं हो पाया है जिस कारण अभी बरसात शुरू होते ही सड़कों पर जल भराव की समस्या ज्यों की त्यों नजर आ रही है सरकार द्वारा उनकी पूरी अनदेखी की जा रही है जबकि सरकार को एक भारी मात्रा में रिवेन्यू औद्योगिक क्षेत्र से ही जाता है लेकिन सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों का कहना है कि हम लोग सालों से सरकार से जल निकासी को लेकर मांग कर रहे हैं परंतु हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है अगर इसी प्रकार से जल भराव होता रहा तो मजबूरन हम लोगों को यहां से पलायन करना पड़ेगा।

## ऑपरेशन सिंधु



नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से लाए गए भारतीय नागरिक दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे।

# शहबाज सरकार पर फूटा जनता का गुस्सा

## ट्रम्प के लिए नोबेल की सिफारिश करने पर भू-राजनीतिक विशेषज्ञों को चौंकाया



**खुद पाक के लोग और नेता भी इससे हैरान डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में हो रहे 'नरसंहार' और ईरान पर इजरायल के हमले का समर्थन किया था**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। इस कदम ने न केवल भू-राजनीतिक विशेषज्ञों को चौंका दिया है, बल्कि खुद पाकिस्तान के लोग और नेता भी इससे हैरान हैं।

कई पाकिस्तानी सामाजिक कार्यकर्ताओं और लेखकों ने सरकार के इस फैसले की आलोचना की है। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रम्प ने गाजा में हो रहे 'नरसंहार' और ईरान पर इजरायल के हमले का समर्थन किया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश पर इस फैसले की आलोचना हो रही है। पाकिस्तान ने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए इसलिए नामित किया है, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान 'निर्णायक कूटनीतिक दखल' दिया। हालांकि, भारत पहले ही कई बार स्पष्ट कर चुका है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय जो संघर्षविराम हुआ, वह दोनों देशों के बीच सीधे संवाद से हुआ था-न कि किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से। पत्रकार और लेखक जाहिद हुसैन ने कहा कि यह निराशानजक है कि सरकार ने ऐसे व्यक्ति के लिए नोबेल पुरस्कार की सिफारिश की है, जिसने गाजा में नरसंहार करने वाले युद्ध का समर्थन किया था और ईरान पर आक्रमण करने की योजना बना रहा है। हुसैन ने एक्स पर कहा, ट्रम्प ने ईरान पर इस्राइल के हमले को उत्कृष्ट (एक्सीलेंट) बताया है और पाकिस्तान सरकार ने उनके लिए नोबेल शांति पुरस्कार की सिफारिश की है। पाकिस्तान सरकार का यह कदम बहुत निराशाजनक है। इस व्यक्ति ने गाजा में नरसंहार करने वाले युद्ध का समर्थन किया है और ईरान पर आक्रमण करने की योजना बना रहा है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की पूर्व प्रतिनिधि मलीहा लोधी ने कहा, नीति में चापलूसी की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। यह सरकार का दुर्भाग्यपूर्ण कदम है। यह निर्णय पाकिस्तान की जनता की भावना को नहीं दर्शाता। लोधी ने एक्स पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प की सिफारिश कर रही है। एक ऐसा व्यक्ति जिसने गाजा में इजरायल के नरसंहार वाले युद्ध का समर्थन किया है। यह कदम पाकिस्तानी आवाम के विचारों को नहीं दर्शाता है। पाकिस्तान की ओर से यह घोषणा तब की गई है, जब कुछ दिन पहले पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रम्प ने मेजबानी की। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने पहले कहा था कि ट्रम्प ने मुनीर को दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया है, क्योंकि सेना प्रमुख ने वादा किया है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध रोकने के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सिफारिश करेंगे। इस पर कई पाकिस्तानी कार्यकर्ताओं ने सरकार को कठपुतली बताया और कहा कि इस सरकार में बिल्कुल भी आत्म-सम्मान नहीं बचा है। एक कार्यकर्ता रिदा राशिद ने एक्स पर कहा, गाजा में नरसंहार ट्रम्प की वजह से चल रहा है।

## मध्यस्थता के लिए अमेरिका पर भरोसा नहीं: अराग्ची

# इजरायल से शांति वार्ता पर ईरान की दो टूक

**तेहरान/जिनेवा।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने कहा है कि उनके देश को ये यकीन नहीं है कि वो इजरायल के साथ शांति वार्ता में मध्यस्थता करने के लिए अमेरिका पर भरोसा करे या नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की समझौता वार्ता ईरान पर इजरायली हमले को 'कवर' करने के लिए थी। अराग्ची ने एनबीसी न्यूज के साथ साक्षात्कार में अमेरिका पर 'कूटनीति के साथ विश्वासघात' करने का आरोप लगाया और कहा कि अमेरिकी अधिकारियों को 'समझौता वार्ता में समाधान निकले इसके प्रति अपना दृढ़ संकल्प दिखाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अमेरिका की समझौता वार्ता वास्तव में इजरायल द्वारा किए गए हमलों के समर्थन के लिए थी। 'हमें नहीं पता कि हम अब अमेरिका पर कैसे भरोसा कर सकते हैं।' इजरायल ने हाल ही में ईरान पर कई हवाई हमले किए जिसमें देश के सबसे बड़े परमाणु स्थल इस्फ़हान परमाणु अनुसंधान परिसर को निशाना बनाया गया। ईरानी अधिकारियों ने पुष्टि की कि कुछ बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई खतरनाक रिसाव नहीं हुआ। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कथित तौर पर ईरान के क़ोम प्रांत में एक आवासीय इमारत को भी निशाना बनाया, जिसके कारण दो नागरिकों की मौत हो गई, चार घायल हो गए और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। अराग्ची 57 देशों के इस्लामिक सहयोग संगठन की शनिवार को होने वाली बैठक से पहले शुक्रवार रात तुर्की पहुंचे, जहां उन्होंने 'इजरायली आक्रामकता' की निंदा की।



**■ कहा: ईरान पर इजरायली हमले को कवर करने को थी ट्रम्प की समझौता वार्ता**

**■ ईरानी विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में इजरायली हमलों की निंदा की**

उन्होंने इस्तांबुल में ईरानी मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह 'ईरानी लोगों की मासूम और नेक आवाज़ को सुनाने के लिए इस अवसर का पूरा उपयोग करेंगे।' अराग्चीने कहा कि उनकी तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और अन्य अधिकारियों से मिलने की भी योजना है।

वहीं ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने यहां संयुक्त राष्ट्र की बैठक में देश पर इजरायली हमलों की निंदा की।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 59वें सत्र में बोलते हुए अराघची ने कहा कि इजरायल ने ईरान के खिलाफ 'बिना उकसावे के आक्रमण' किया है। अराघची ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अपने समकक्षों के साथ बैठक के लिए जिनेवा में हैं, जिसमें यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। अराघची ने यूएनएचआरसी की बैठक में अपने भाषण में बताया कि इजरायल 'फलस्तीन में भयानक नरसंहार' कर रहा है, और अब वह ईरान के खिलाफ आक्रमण कर रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायल युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध कर रहा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में होने के बावजूद ईरान की परमाणु सुविधाओं को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे हमले न केवल अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि इनसे गंभीर रेडियोधर्मी रिसाव भी हो सकता है, जिसके पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

## ईरान में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध

**तेहरान।** ईरान में कथित तौर पर इंटरनेट सेवाओं पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है और पूरा देश लगभग ऑफलाइन मोड में चला गया है। ईरान इंटरनेशनल ने ये खबर दी है। इंटरनेट सेवाओं पर नजर रखने वाले संगठन नेटब्लॉक्स के मुताबिक ईरान में राष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेट पर रोक लगा दी गई है। नेटब्लॉक्स ने शुक्रवार रात को रिपोर्ट में कहा कि ईरान 60 घंटों से ऑफ़लाइन है। आंकड़ों के मुताबिक इंटरनेट सेवाएं बंद होने से इजरायल के साथ युद्ध के दौरान राजनीतिक दृष्टिकोण जाहिर करने की आम जनता की क्षमता के साथ साथ उनके स्वतंत्र संवाद और सुरक्षा चेतावनी के पालन की संभावना कम होती है। रिपोर्ट की पुष्टि अन्य अंतर्राष्ट्रीय नेट निगरानी समूहों, जैसे कि आईओडीए ने भी की है। जिन्होंने कहा कि ईरान में नेट ट्रैफिक का स्तर एक सप्ताह पहले की तुलना में 97 फीसदी कम है। यह उपाय देश के क्रिप्टो एक्सचेंज पर हैकर्स द्वारा साइबर हमले के बाद किए गए हैं, जिसने ईरान के शेयरों को बुरी तरह प्रभावित किया है। ईरान के अधिकारियों ने पहले कहा था कि यदि आवश्यक हुआ तो इजरायल द्वारा उसके साइबरस्पेस पर हमलों के कारण आम जनता के लिए इंटरनेट तक पहुंच को प्रतिबंधित किया जा सकता है। 'इजरायल के मनोवैज्ञानिक युद्ध' से 'गलत सूचना' को रोकने के लिए वैश्विक नेटवर्क को पूरी तरह से बंद करने के उपायों पर भी विचार किया गया है।

## ईरान के परमाणु हथियार बनाने की क्षमता का साक्ष्य नहीं: पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्पष्ट किया है कि उनके देश और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के पास ऐसे कोई सबूत नहीं है, जो उस आरोप का समर्थन करे कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम के जरिये हथियारों का निर्माण कर रहा है। पुतिन ने शनिवार को स्काई न्यूज अरेबिया के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि मुझे कहना है कि रूस के साथ-साथ आईएईए के पास भी इस बात का कोई सबूत नहीं है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की तैयारी कर रहा है। हमने इस बारे में इजरायली नेतृत्व को बार-बार सूचित किया है। गौरतलब है कि बुधवार को आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने भी कहा था कि संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने इस बात के कोई ठोस सबूत नहीं देखे हैं कि ईरान सक्रिय परमाणु हथियार कार्यक्रम चला रहा है। यूरेनियम संवर्धन हालांकि नागरिक उपयोग की आवश्यकता से कहीं अधिक बताया गया है। इजरायल और अमेरिका ने बार-बार कहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम हमेशा से हथियार बनाने के लिए ही रहा है।

## फलस्तीन समर्थक खलील को रिहा करे ट्रम्प प्रशासन: कोर्ट

**■ अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था**

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को आदेश किया कि वह फलस्तीनी समर्थक कार्यकर्ता और कोलम्बिया विश्वविद्यालय के स्नातक महमूद खलील को आव्रजन हिरासत से जमानत पर रिहा करें। ट्रम्प प्रशासन ने उन्हें न्यूयॉर्क शहर में उनके विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाले भवन से मार्च में हिरासत में लिया था और तीन महीनों तक लुइसियाना स्थित हिरासत केन्द्र में रखा था।

फलस्तीन के समर्थन में चले प्रदर्शन में उनकी भूमिका के लिए ट्रंप प्रशासन उन्हें निर्वासित करना चाहता था। अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था। इस मामले की सुनवाई नेवार्क में संघीय जिला न्यायालय के न्यायाधीश माइकल फारबियार्ज़ ने की, जो दो घंटे तक चली। उन्होंने कहा कि ट्रम्प सरकार ने ऐसे व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जो वैध अमेरिकी निवासी है। उन पर न कभी हिंसा का आरोप है और न ही उनके देश छोड़कर भागने की संभावना है। जज ने कहा कि महमूद खलील के खिलाफ आव्रजन के आरोपों का इस्तेमाल उन्हें दंडित करने के लिए किया जा रहा है जो असंवैधानिक है। उन्होंने आदेश पर सात दिन की रोक लगाने का सरकार का अनुरोध खारिज कर दिया। न्यू जर्सी के मजिस्ट्रेट जज माइकल हैमर ने खलील की रिहाई की शर्त के रूप में उनका पासपोर्ट और यात्रा दस्तावेज सरकार को सौंपने का आदेश दिया। खलील को हिरासत में लिए जाने के बाद, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मार्च महीने में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर उसे 'विदेशी कट्टरपंथी और हमास समर्थक छात्र' बताया था और कहा था कि यह कई गिरफ्तारियों की शुरुआत है। इससे पहले, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि खलील को देश से निर्वासित किया जाना चाहिए। उन्होंने 1952 के आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम के एक कम उपयोग किए जाने वाले प्रावधान का उल्लेख किया, जो राज्य मंत्री को यह अधिकार देता है कि वह ऐसे व्यक्ति को देश से हटाने का आदेश दे, जिसकी गतिविधियां या उपस्थिति अमेरिकी विदेश नीति के लिए खतरा माना जाए। अभियोजकों ने कहा कि खलील को किसी अन्य कारण से हिरासत में रखा गया है।

## ट्रम्प के एक फोन पर ही युद्ध समाप्त कर सकता है इजरायल

**तेहरान।** इजरायल के साथ तेज होते युद्ध के बीच में ईरान ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक फोन पर ही इजरायल युद्ध समाप्त कर सकता है। ईरान के एक अधिकारी ने मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही।

दोनों देशों के बीच जारी युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है। युद्ध को रोकने के लिए अब तक किए गए कूटनीतिक प्रयास विफल रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि ट्रम्प अगर इजरायल के नेताओं से आग्रह करेंगे तो यह युद्ध समाप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि ईरान अमेरिका के साथ एक ही शर्त पर युद्धविराम पर विचार कर सकता है, अगर इजरायल हमले को रोक दे। यह टिप्पणी शुक्रवार को जिनेवा में तनाव कम करने के असफल प्रयास के बाद आई है, जहां वरिष्ठ यूरोपीय राजनयिकों ने ईरान के विदेश मंत्री से मुलाकात की थी। उधर न्यू जर्सी में ट्रम्प ने कहा था कि अगर कोई जीत रहा है तो अभी यह अनुरोध करना बहुत कठिन है। इस बीच, वाशिंगटन में खुफिया मतभेद उभर कर सामने आए, जिसमें ट्रम्प ने अपने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की उस बात का खंडन किया है।

# ट्रम्प की नाराजगी के बाद तुलसी गबार्ड ने दी सफाई

## ईरान पर मेरे बयान को मीडिया ने तोड़-मरोड़कर पेश किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया विभाग की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कहा है कि ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु हथियार बना सकता है, अगर वह तय कर ले कि उसे इसे अंतिम रूप देना है। इसके साथ ही उन्होंने सफाई दी कि उनके पुराने बयान, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान फिलहाल परमाणु बम नहीं बना रहा, को मीडिया ने गलत संदर्भ में पेश किया है।

बता दें कि, इस बयान से कुछ दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गबार्ड की पुरानी रिपोर्ट को गलत करार दिया था। ट्रम्प ने कहा था कि अगर गबार्ड ऐसा कह रही हैं तो खुफिया एजेंसियां गलत हैं। न्यू जर्सी में राष्ट्रपति ट्रम्प से पत्रकारों ने तुलसी गबार्ड की मार्च में दिए गए बयान का जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान फिलहाल सक्रिय रूप से परमाणु हथियार नहीं बना रहा। इस पर ट्रम्प ने सीधा जवाब दिया कि तो फिर हमारी खुफिया एजेंसियां गलत हैं। किसने ऐसा कहा?



**■ ट्रम्प ने कहा था: अगर गबार्ड ऐसा कह रही हैं तो खुफिया एजेंसियां गलत हैं**

जब उन्हें बताया गया कि यह बयान तुलसी गबार्ड का था, तो ट्रम्प ने कहा कि वह गलत हैं। इसके बाद तुलसी गबार्ड ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि बेईमान मीडिया मेरी गवाही को जानबूझकर तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है और झूठी खबरें फैला रही है ताकि जनता को भ्रमित किया जा सके। उन्होंने ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि ईरान से खतरा नहीं है। उन्होंने आगे लिखा कि अमेरिका के पास खुफिया जानकारी है कि ईरान अब उस स्थिति में है कि वह कुछ ही हफ्तों से महीनों के भीतर परमाणु हथियार तैयार कर सकता है, अगर वह ऐसा करने का फैसला करता है। तुलसी गबार्ड ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने हमेशा साफ कहा है कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने दिया जाएगा और वह खुद भी इस रुख से पूरी तरह सहमत हैं। इसके साथ तुलसी गबार्ड ने अपने पुराने बयान का पूरा वीडियो भी साझा किया, ताकि लोगों को खुद सच्चाई देखने को मिले और यह समझ में आए कि मीडिया ने उनके बयान को कैसे गलत ढंग से पेश किया।

## चाड: झड़पों में 17 लोगों की मौत, 16 घायल

**याउंडे।** चाड के मेयो-केब्बी पश्चिम प्रांत (दक्षिण-पश्चिम) में स्थित ओरेगोमेल गांव में गुरुवार शाम को हुई झड़पों में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों और मीडिया ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मारे गए लोगों में से जयादातर महिलाएं और बच्चे थे, साथ ही उन्होंने बताया कि झड़पों में 16 अन्य घायल हो गए। हमलावर चाकू और डंडों से लैस थे। मेयो-केब्बी पश्चिम प्रांत में सरकार के जनरल डेलीगेट, अब्देलमनाने खताब ने गांव का दौरा करने के बाद प्रांत में डर को कम करने के उपायों की घोषणा की। मध्य अफ्रीकी देश में घातक झड़पों के बाद देश के राष्ट्रपति महामत इदरीस देबी इटनो द्वारा सुरक्षा पर एक आपातकालीन बैठक आयोजित करने के कुछ ही घंटों बाद झड़पें हुईं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, मई से अब तक देश में अंतर-सामुदायिक झड़पों में 50 से अधिक लोग मारे गए हैं।

# हांगकांग की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा अभी भी मौजूद: चीन

**■ हांगकांग में कुछ वर्ष पहले विरोध प्रदर्शनों की लहर देखी गई थी**

**हांगकांग।** हांगकांग के मामलों की देखरेख करने वाले चीन के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को कहा कि हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे अभी भी बरकरार हैं। हांगकांग में कुछ वर्ष पहले विरोध प्रदर्शनों की लहर देखी गई थी।

ये विरोध प्रदर्शन चीन द्वारा लागू किए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के खिलाफ हुए थे। जिसके बाद चीन ने विद्रोही नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की थी और कई को जेल में डाल दिया। हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू होने की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हांगकांग में चीन के निदेशक जियो बाओलांग ने कहा कि अभी भी हांकांग में विरोध के स्वर बाकी हैं और ये नए रूपों में उभर सकते हैं। जिया बाओलांग ने कहा कि हांगकांग में बाहरी ताकतों ने अभी भी अपना हस्तक्षेप बंद नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हांगकांग अराजकता से व्यवस्था में बदल गया है। लेकिन अभी भी खतरे बरकरार हैं। बीजिंग और हांगकांग सरकारों ने 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शहर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को आवश्यक माना। इसी कानून के तहत, अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक जिमी लाइ सहित कई प्रमुख लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं पर मुकदमा चलाया गया। दर्जनों नागरिक समाज समूह भंग किए गए। इस महीने, अधिकारियों ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है, जिसमें लोकतंत्र समर्थक युवा कार्यकर्ता जोशुआ वोंग पर दूसरी बार कानून के तहत आरोप लगाए गए हैं, जिन्हें पिछले साल ही एक मामले में सजा सुनाई गई थी।

## रूस के हमले में 425 यूक्रेनी सैनिक मारे गए

**मास्को।** रूस के केंद्रीय समूह की कार्रवाई में पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के 425 सैनिक मारे गए और सात बख्तरबंद वाहन तथा तीन पिकअप ट्रक नष्ट हो गए।

समूह के प्रवक्ता अलेक्जेंडर सावचुक ने कहा कि केंद्र समूह की सेनाएं विशेष सैन्य अभियान के क्षेत्र में लड़ाकू मिशनों को जारी रखे हुए हैं। समूह की इकाइयों ने रूस-यूक्रेन की सीमा से जुड़े कुछ स्थानों पर भी कब्जा कर लिया है और क्रास्नोअर्मेइस्क, दिमित्रोव, नोवोसेर्गेयेवका तथा मुरावका क्षेत्रों में चार मशीनीकृत दो एयरबोर्न असॉल्ट और दो मरीन ब्रिगेड को नष्ट कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस हमले में लगभग 425 सैनिक, सात बख्तरबंद वाहन, तीन पिकअप ट्रक और एक तोपखाना को नष्ट कर दिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने संवाददाताओं को बताया कि सैनिकों के दक्षिणी समूह ने 190 यूक्रेनी सैनिकों, एक टैंक और दो गोदामों को नष्ट किया, जबकि पश्चिमी समूह ने 230 सैनिकों, दो हम्वी बख्तरबंद वाहन और दो स्टारलिंक सैटेलाइट संचार स्टेशनों को ध्वस्त कर दिया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक उत्तर समूह की सेनाओं ने 215 तक यूक्रेनी सैनिकों और तीन बख्तरबंद वाहनों को ढेर किया।

## टेस्ला ने शंघाई में ग्रिड-साइड-ऊर्जा भंडारण स्टेशन के निर्माण के लिए किया समझौता

**■ टेस्ला को 2025 में ऊर्जा भंडारण तैनाती में साल-दर-साल 50 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान**

**शंघाई।** अमेरिकी कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने अपने मेगापैक ऊर्जा भंडारण बैटरी का उपयोग करके शंघाई में ग्रिड-साइड ऊर्जा भंडारण स्टेशन के निर्माण के लिए चीनी भागीदारों के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किया।

चार अरब युआन (55.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के कुल निवेश वाले इस सौदे से टेस्ला को चीन के बढ़ते ऊर्जा भंडारण बाजार में विस्तार मिला, जिससे इसकी सुविधा को देश के विशाल पावर ग्रिड से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ, जो दुनिया में सबसे बड़ा है। टेस्ला, लिन-गैंग विशेष क्षेत्र की प्रशासनिक समिति, शंघाई के फेंगशियान जिले की सरकार और चाइना कांगफू इंटरनेशनल लीजिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा हस्ताक्षरित समझौते के अनुसार, ऊर्जा भंडारण स्टेशन शंघाई पायलट मुक्त व्यापार क्षेत्र के लिन-गैंग विशेष क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। यह टेस्ला का पहला ग्रिड-साइड ऊर्जा भंडारण स्टेशन होगा जो चीन के मुख्य भूमि पर बनाया जाएगा। टेस्ला चीन के ऊर्जा व्यवसाय के सामान्य प्रबंधक डोंग कुंन ने कहा कि जब यह स्टेशन शुरू होगा, तो यह विद्युत स्पॉट ट्रेडिंग में भाग लेगा, स्थानीय ग्रिड में पीक और ऑफ-पीक उर्जा मांग को संतुलित करने में मदद करेगा और ग्रिड की स्थिरता को बढ़ाएगा। इसके अलावा, टेस्ला चीन कांगफू के साथ सहयोग को बढ़ाने के लिए तैयार है ताकि शून्य-कार्बन ऊर्जा समाधान को वैश्विक स्तर पर लागू किया जा सके। इस साल फरवरी में, शंघाई में गिगाफैक्ट्री के बाद लिन-गैंग विशेष क्षेत्र में टेस्ला का नया मेगाफैक्ट्री मेगापैक बैटरी का उत्पादन शुरू कर दिया।



# छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए नुसरत को अवॉर्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा को हाल ही में उनकी फिल्म छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए ग्राउंड-ब्रेकिंग स्टार ऑफ द ईयर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। अवॉर्ड लेते वक्त नुसरत ने एक भावुक भाषण दिया, जो वहां मौजूद सभी लोगों के दिलों को छू गया। अपने करियर के सफर को याद करते हुए नुसरत ने कहा, अपने करियर की शुरुआत में मैं फिल्मों में मजाक का पात्र बनी रही, मुझे हमेशा चालाक, कंट्रोल करने वाली या चिड़चिड़ी लड़की के किरदार मिले, लेकिन आज मैं ऐसे किरदार के लिए अवॉर्ड ले रही हूं, जो एक लड़की की जिंदगी, उसके जीने के अधिकार और अपने लिए जिंदगी चुनने के हक की बात करता है। मैं यहां हूं, इस सफर पर, हर उस छोरी के लिए जो अपनी पहचान बनाना चाहती है। मेरे रोंगटे खड़े हो रहे हैं यह कहते हुए, क्योंकि यह सफर मेरे लिए भी खुद को साबित करने का एक जरिया रहा है। आज इसका अवॉर्ड मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। आप सबको अंदाजा नहीं है कि यह मेरे लिए कितना खास है। नुसरत ने जूरी, अपनी टीम, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर, को-स्टार्स और फिल्म इंडस्ट्री के सभी लोगों का दिल से धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस सफलता में उनका साथ दिया। अवार्ड के बाद बातचीत के दौरान जब उनसे पूछा गया कि



वो सबसे ज्यादा किससे डरती हैं, तो उन्होंने बड़ी सच्चाई के साथ जवाब दिया, भुला दिए जाने से। मैं नहीं जानती कि मैंने यह इतने बड़े मंच पर कैसे कह दिया। लेकिन यही बात मेरी फिल्मों के चुनाव में भी दिखती है। मैं ऐसी फिल्म में काम नहीं करना चाहती। जिसे देखने के बाद लोग मुझे भूल जाएं।

# थलापथी के जन्मदिन पर रिलीज होगी उनकी अंतिम फिल्म की झलक




**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार थलापथी विजय के जन्मदिन पर उनकी अंतिम फिल्म जन नायकन की पहली झलक रिलीज होगी। थलापथी विजय की अंतिम फिल्म जन नायकन की बहुप्रतीक्षित पहली झलक 22 जून 2025 की आधी रात 12:00 बजे) यानी थलपथी विजय के जन्मदिन के पर रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशक एच. विनोथ हैं, और संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।

निर्माणकर्ता वेंकट के. नारायण के तहत केवीएन निर्माण संस्था फिल्म जन नायकन को एक शानदार विदाई समारोह बना रही है, उस सितारे के लिए, जिसने दशकों तक करोड़ों दिलों पर राज किया। हाल ही में जारी किए गए पोस्टर में विजय जी की झलक एक जलते हुए सिल्हूट (परछाई) में दिखती है। मुट्ठी आसमान की तरफ उठी हुई और पीछे है हजारों चाहने वालों की भीड़, एकदम क्रांति, विरासत और नेतृत्व की झलक। पोस्टर की टैगलाइन कहती है, एक शेर हमेशा शेर होता है और उसकी पहली दहाड़ आने ही वाली है। फिल्म जन नायकन 9 जनवरी 2026 को पोंगल उत्सव के मौके पर दुनिया भर में बड़े पर्दे पर दस्तक देगी।

# आमी डाकिनी में काम कर खुश हूं: हितेश

**मुंबई।** अभिनेता हितेश भारद्वाज का कहना है कि सोनी टीवी के आगामी शो आमी डाकिनी में काम करना उनके लिए रचनात्मक रूप से बेहद संतोषजनक रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बहुप्रतीक्षित शो आमी डाकिनी एक रहस्यमई और रोमांचक कहानी के साथ दर्शकों को बांधे रखने के लिए तैयार है।



कोलकाता की खूबसूरत पृष्ठभूमि में रचा गया यह शो, चैनल के प्रतिष्ठित हॉरर शो आहट के बाद एक बार फिर रोमांचक कहानी कहने की दिशा में वापसी कर रहा है। शो में हितेश भारद्वाज आयान की भूमिका निभा रहे हैं। हितेश भारद्वाज ने बताया कि आमी डाकिनी में काम करना रचनात्मक रूप से बेहद संतोषजनक रहा है। इसकी लेखनी, दृश्य संयोजन और भावनात्मक परतें इसे बहुत गहराई देती हैं। पूरी प्रक्रिया, लंबी नाइट शूट्स से लेकर टेक्स के बीच के शांत पलों तक हर चीज का मैंने आनंद लिया है। हितेश भारद्वाज ने बताया, मैं खुद को बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं। रांची और शीन न सिर्फ प्रतिभाशाली हैं, बल्कि जमीन से जुड़ी हुई भी हैं। हमारे बीच सेट पर बहुत सहजता है, जो भावनात्मक रूप से तीव्र दृश्यों में काफी मदद करती है।

हम एक-दूसरे को सुनते हैं, और यही सबसे बड़ा फर्क लाता है। यह शो सिर्फ कहानी नहीं, बल्कि मूड, खामोशी और भावनात्मक गति के बारे में है। यह आपको हर चीज को अंदर समेटने और नियंत्रित रूप से पेश करने के लिए मजबूर करता है। ऐसा प्रदर्शन पैक-अप के बाद भी आपके भीतर बना रहता है। हितेश भारद्वाज ने बताया आहट जैसे शो के मेकर्स के साथ काम करना बहुत आइकॉनिक अनुभव है। उन्होंने कहा, मैं आहट देखकर बड़ा हुआ हूं-उसमें एक रहस्यमय जादू था। अब उसी दुनिया का हिस्सा बनना एक चक्र पूरा होने जैसा लगता है। यह सिर्फ अभिनय नहीं, बल्कि एक ऐसी विरासत में योगदान देने जैसा है जिसे लोग आज भी याद करते हैं। आमी डाकिनी 23 जून से, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर प्रसारित होगा।

# काजोल ने बताया बाजीगर की शूटिंग का अनोखा किस्सा

## एक्ट्रेस ने शाहरुख को कहा था खड़ूस, एसआरके बोले थे-कोई इसको चुप कराओ

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल और एक्टर शाहरुख खान ने पहली बार फिल्म बाजीगर में एक साथ काम किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में काजोल ने बाजीगर के सेट पर शाहरुख के साथ अपनी पहली मुलाकात का किस्सा बताया। काजोल ने रेडियो नशा आफिशियल से बातचीत में बताया कि बाजीगर की शूटिंग 1 जनवरी को हो रही थी। उस वक्त वह साढ़े 17 साल की थीं। नए साल की रात को वह पार्टी नहीं करती थीं, इसलिए अच्छी नींद लेकर सेट पर पहुंची थीं। दूसरी तरफ, यूनिट के बाकी लोग पार्टी करके आए थे और नींद पूरी नहीं हुई थी। काजोल और शाहरुख की फिल्म बाजीगर 1993 में रिलीज हुई थी। काजोल ने बताया कि शाहरुख खान को नए साल के पहले दिन शूटिंग करना पसंद है। इसलिए सबको सेट पर आना पड़ा। काजोल सुबह 11.30 बजे तक फ्रेश और एक्टिव थीं। वह सेट पर मौजूद लोगों से बात कर रही थीं। मेकअप मैन, हेयर ड्रेसर और कैमरामैन से लगातार बात कर रही थीं। उनकी आवाज बिना माइक के भी दूर तक पहुंच रही थी। काजोल ने कहा कि मैंने कैमरामैन रवि दादा से पूछा, ये आपका एक्टर कितना खड़ूस है। उस समय शाहरुख चश्मा लगाकर अपनी लाइनों की तैयारी कर रहे थे। काजोल उनके पास जाकर बैठीं और कहा, आप बात क्यों नहीं कर रहे, आप हमेशा ऐसे ही रहते हैं, आप ऐसे कैसे रह सकते हैं। शाहरुख ने तुरंत जवाब दिया कि क्या तुम एक मिनट के लिए चुप रह सकती हो, कोई इसको चुप कराओ। काजोल ने माना कि उन्हें यह बहुत रूड और अजीब लगा, लेकिन बाद में यही बातचीत उनकी दोस्ती की शुरुआत बन गई। उन्होंने कहा कि शायद शाहरुख को ये सब याद भी नहीं होगा। फिल्म बाजीगर में काजोल ने शाहरुख की मंगेतर का किरदार निभाया था इंटरव्यू में जब काजोल से पूछा गया कि फिल्म में एक सेंसुअल सीन के दौरान शाहरुख ने उन्हें पिंच किया था, तो उन्होंने बताया कि उस सीन को शूट करना आसान नहीं था। कोरियोग्राफर सरोज खान ने कहा था कि इस सीन में अचानक से एहसास आना चाहिए। काजोल ने बताया कि उस वक्त वह 18 साल की थीं और उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि ऐसा एक्सप्रेशन कैसे देना है। काजोल ने कहा कि शाहरुख और उन्होंने एक-दूसरे के सामने कई बार अजीब चीजें की हैं। उन्होंने बताया कि जब वह उस सीन को ठीक से नहीं कर पा रही थीं, तो उन्हें शर्म आ रही थी। गौरतलब है कि फिल्म बाजीगर से काजोल और शाहरुख की जोड़ी को काफी लोकप्रियता मिली थी। बाद में दोनों ने दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे), करण अर्जुन, कुछ कुछ होता है, माय नेम इज खान और दिलवाले जैसी फिल्मों में साथ काम किया।

# एक साथ जोड़ी जमाएंगे जूनियर एनटीआर और रुक्मिणी वसंथ

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री रुक्मिणी वसंथ, मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील की फिल्म फिलहाल एनटीआरनील के नाम से जानी जा रही है।


माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबर्दस्त उत्साह है। हालांकि फिल्म की कहानी को लेकर अभी तक कोई खुलासा नहीं



किया गया है, लेकिन इंडस्ट्री के भीतर से ही इस प्रोजेक्ट को भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी कोलैबोरेशन में से एक बताया जा रहा है। इस बीच रुक्मिणी वसंथ ने गुरुवार सुबह इंस्टाग्राम पर ऐसा धमाका किया कि सोशल मीडिया पर फैंस की जिज्ञासा सातवें आसमान पर पहुंच गई।

उन्होंने एक मिरर सेल्फी शेयर की। शायद वैनिटी वैन से और कैप्शन लिखा: टाइगर टाइगर बर्निंग ब्राइट। अब सुनने में भले ही यह एक नॉर्मल लाइन लगे, लेकिन एनटीआर जूनियर के फैंस तो इस हिट को तुरंत पकड़ गए।

टाइगर तो एनटीआर का आइकॉनिक टाइटल है। हफ्तों से चर्चा थी कि रुक्मिणी इस धमाकेदार प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं और अब यह पोस्ट देखकर लोग कह रहे हैं, ओ भाई, अब तो ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जरूरत ही क्या है। हालांकि मेकर्स ने अभी तक कोई आधिकारिक कास्ट लिस्ट नहीं दी है, लेकिन यह सोशल मीडिया स्टंट शायद फैंस को मिलने वाला वो इशारा है जिसका वो बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। माइथ्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स जैसे नामी बैनर्स के साथ बन रही फिल्म एनटीआरनील किसी बड़े विजुअल ट्रीट से कम नहीं होगी। इस फिल्म को कल्याण राम नंदामुरी, नवीन यरनेनी, रवि शंकर यालमंचिली और हरीकृष्ण कोसाराजू प्रोड्यूस कर रहे हैं।




# अभिनेत्रियों ने योग से बदली अपनी जिंदगी


**मुंबई।** बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने योग को सिर्फ एक फिटनेस ट्रेंड नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बना लिया है। बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने योग के जरिए न सिर्फ अपने शरीर को मजबूत बनाया, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी पाया।

बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण के लिए योग सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं, बल्कि उनकी जिंदगी का सहारा रहा है। डिप्रेशन से जूझने के दौरान योग ने उन्हें संबल दिया। उनके शांत चेहरे और मजबूत फैसलों में उनके योग अभ्यास की झलक साफ नजर आती है। दीपिका योगा को उतनी ही गंभीरता से लेती हैं जितनी अपनी एक्टिंग को। वो टॉप योगा एक्सपर्ट्स के साथ ट्रेनिंग करती हैं और गहराइयां में तो खुद योगा ट्रेनर बन गई थीं।

मानसिक स्पष्टता हो या शारीरिक मजबूती ।योग उनकी सेल्फ-केयर किट का सुपरस्टार है। करीना कपूर खान के लिए योग फिटनेस से कहीं बढ़कर है। 108 सूर्य नमस्कार से लेकर फिल्म शेड्यूल्स के बीच स्ट्रेचिंग तक, योग ने उन्हें मां बनने से लेकर सुपरस्टार बनने तक हर मोड़ पर साथ दिया है।करीना का फिटनेस ग्लो योग का कमाल है।उनके लिए योग मतलब है, अंदर शांति, बाहर शक्ति और बीच में परफेक्ट बैलेंस। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा बॉलीवुड की उन पहली अभिनेत्रियों में में से हैं, जिन्होंने योग को पूरे देश में लोकप्रिय बनाया। उनकी डीवीडी, ऐप्स और ऑनलाइन सेशन्स ने योग को घर-घर पहुंचाया। उनकी फिटनेस और ग्लो आज भी लोगों के लिए प्रेरणा है।

योग और शिल्पा का रिश्ता पुराना है और यह आज भी सुपर स्ट्रॉन्ग है। उन्होंने तो बॉलीवुड में योगा को मेनस्ट्रीम बना दिया था। आज भी सुबह-सुबह योगा करना उनके दिन की शुरुआत है। सोशल मीडिया पर वो अक्सर





पुराने-नए योगा फॉर्म्स का फ्यूजन दिखाकर प्रेरित करती हैं।

मलाइका अरोड़ा का नाम आते ही फिटनेस और योग दोनों याद आ जाते हैं। ऐरियल योग हो या कठिन आसन, मलाइका अपने स्टाइल और अनुशासन से लाखों लोगों को प्रेरित कर रही हैं।

फिटनेस का पर्याय बन चुकीं मलाइका के लिए योग सिर्फ एक्सरसाइज नहीं, एक जज्बा है। उन्होंने महिलाओं के लिए खास दिव्य योगा की शुरुआत की है। एक ऐसी जगह जहां अंदर से तंदरुस्ती की बात होती है।

वो चाहे पेचीदा आसन कर रही हों या बाकी लोगों को हेल्दी लाइफ स्टाइल अपनाने की सलाह, मलाइका हर कदम पर ग्रेस और स्ट्रेंथ की मिसाल हैं। जैकलीन फर्नांडिस योग को एक जश्न की तरह जीती हैं।

उनकी इंस्टाग्राम प्रोफाइल में आपको न जाने कितने बार उल्टे लटके हुए योग आसनों में उनकी मुस्कान नजर आएगी। योग के साथ उनकी एनर्जी और पॉजिटिविटी देखते ही बन शालिनी पांडे के लिए योग फिल्मी दुनिया की भाग-दौड़ में शांति पाने का तरीका है।

# रामचरण व उपासना ने क्लिन कारा का जन्मदिन मनाया

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार राम चरण और उनकी पत्नी उपासना कामिनेनी कोनीडेला ने आज अपनी बेटी क्लिन कारा का दूसरा जन्मदिन बहुत ही खास अंदाज में मनाया। पिछले साल जब रामचरण और उपासना हैदराबाद के चिड़ियाघर (जू) गए थे, उसी दौरान वहां एक नन्हीं बाघिन का जन्म हुआ था। उस बच्ची का नाम क्लिन कारा रखा गया था। राम चरण और उपासना की बेटी के नाम पर। ए उनके लिए बहुत ही भावुक और यादगार पल था। इस साल, क्लिन कारा ने पहली बार उस बाघिन से मुलाकात की जो अब बड़ी और खूबसूरत हो चुकी है। यह मिलन बहुत ही प्यारा और खास रहा। बच्ची और बाघिन का यह जुड़ाव दया, प्यार और प्रकृति से जुड़ने की भावना को दर्शाता है। राम चरण और उपासना का मानना है कि जंगली जानवरों की असली जगह जंगल ही है, लेकिन साथ ही वो यह भी मानते हैं कि जो जानवर चिड़ियाघरों में हैं, उनका सही देखभाल और इज्जत से रहना बहुत जरूरी है। उनकी परवरिश की सोच साफ दिखती है। वो अपनी बेटी को बचपन से ही पर्यावरण, जानवरों और प्रकृति के प्रति प्रेम और समझ सिखा रहे हैं। क्लिन कारा का यह जन्मदिन सिर्फ एक सेलिब्रेशन नहीं था, बल्कि यह एक खूबसूरत संदेश था, दुनिया को समझने, अपनाने और उससे जुड़ने का।